जबलपुर
शनिवार, 30 मार्च 2024
- चैत्र मास कृष्ण पक्ष-5
- वर्ष : 18 अंक : 324
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 40
न्यून. 24

रंग पंचमी की शुभकामनाएं



## पीएम ने दिए 'वोकल फॉर लोकल' गिफ्ट्स

# तमिलनाडु के खास मोती और टेराकोटा की मूर्ति दी



**पीएम मोदी ने उन्हें केसर, दार्जिलिंग की नीलगिरी चाय भी गिफ्ट में दी**

बातचीत के बाद गेट्स ने पीएम मोदी को कुछ पोषण से जुड़ी किताबें उपहार में दीं। वहीं, प्रधानमंत्री ने उन्हें 'वोकल फॉर लोकल' गिफ्ट हैंपर दिया। बिल गेट्स ने पीएम मोदी को उपहार में किताबें देते हुए कहा कि ये कुछ पोषण से जुड़ी की किताबें हैं। अंततः हम पोषण पर प्रगति कर रहे हैं। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने उनका आभार जताया। वहीं, नरेंद्र मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' गिफ्ट हैंपर दिया। इसमें एक मोती का बॉक्स था, जिस पर मोदी ने कहा कि यह तमिलनाडु के थूथुकुडी में बनाए गए मोती हैं। उन्होंने कहा कि तूतीकोरिन या थूथुकुडी को तमिलनाडु के पर्ल सिटी के रूप में जाना जाता है। वहां के मछुआरे इस क्षेत्र में बहुत बड़ा काम करते हैं। मोदी ने कहा कि मैं एक बार तूतीकोरिन गया था, तभी वहां से यह लाया था। मैंने उसी वक्त सोचा था कि आपको यह दिखाऊंगा और आपके लिए लेकर भी आऊंगा। इस पर गेट्स ने पीएम धन्यवाद किया।

## पीएम मोदी ने बिल गेट्स के साथ की खास बातचीत, जी-20 से लेकर डिजिटल इंडिया और ड्रोन दीदी तक साझा किए अनुभव

# पीएम बोले - तकनीक के प्रति लोगों की सोच में लाना चाहता हूं 'बदलाव'

1. *मैं बच्चों तक बेस्ट एजुकेशन पहुंचाना चाहता हूं*
2. *टीचर्स की जो कमियां हैं, मैं उसे टेक्नोलॉजी से भरना चाहता हूं*
3. *हमारे यहां एग्रीकल्चर सेक्टर में भी बहुत बड़ा बदलाव ला आ रहा है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में शुमार बिल गेट्स ने शुक्रवार को कई मुद्दों पर खास बातचीत की।

इस दौरान जी20 शिखर सम्मेलन 2023 से लेकर डिजिटल इंडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल रेवोल्यूशन, हेल्थकेयर, एजुकेशन, एग्रीकल्चर, नारी शक्ति, क्लाइमेट चेंज और गवर्नेंस जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स को बताया कि मैं बच्चों तक बेस्ट एजुकेशन पहुंचाना चाहता हूं।

पीएम ने काशी-तमिल संगमम का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां तमिल लोग आए हुए थे। तमिल भाषा मैं बोल नहीं सकता हूं तो मैंने एआई का यूज किया। मैं हिंदी में बोला और सबने मेरा भाषण तमिल में सुना।



### पीएम ने 'नमो ड्रोन दीदी' के बारे में बताया

इसी के साथ पीएम मोदी और बिल गेट्स ने भारत में डिजिटल क्रांति के बारे में बात की। पीएम ने बिल को 'नमो ड्रोन दीदी' योजना के बारे में भी बताया। पीएम ने कहा कि जब मैं दुनिया में डिजिटल डिवाइड के बारे में सुनता था तो सोचता था कि मैं अपने देश में ऐसा कुछ नहीं होने दूंगा। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर अपने आप में एक बड़ी जरूरत है और ये महिलाओं के लिए ज्यादा जरूरी है। पीएम ने कहा कि मैं भारत में नई तकनीक अपनाने के लिए तैयार हूं, मैंने 'नमो ड्रोन दीदी' योजना शुरू की है और यह बहुत सफलतापूर्वक चल रही है। पीएम ने कहा कि महिलाएं बताती हैं कि पहले उन्हें एक साइकिल तक की सवारी करनी नहीं आती थी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### चीता शावक 'मुखी' का मना जन्मदिन




**श्योपुर।** श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में खुशियां दिख रही हैं। मादा चीता ज्वाला की नन्हीं शावक मुखी एक साल की हो चुकी है, शुक्रवार को उसका पहला जन्मदिन मनाया गया। शावक के जन्म दिन पर बाकी चीता मित्रों के साथ केक काटा गया और मिठाइयां भी बांटी गई। शावक का नामकरण हुआ। अब मुखी के नाम से बुलाएंगे।

### वाहन खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत



**जम्मू।** जम्मू से श्रीनगर जा रही एक यात्री कैब रामबन जिले में बैटरी चश्मा के पास जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस, एसडीआरएफ और सिविल क्यूआरटी रामबन ने रेस्क्यू ऑपरेशन किया। वाहन श्रीनगर से जम्मू जा रहा था।

### विधायक कमलेश शाह भाजपा में शामिल



**भोपाल।** छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा से विधायक कमलेश शाह ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ शुक्रवार को भाजपा की सदस्यता ली। विधायक शाह अपनी धर्मपत्नी हरई नगरपालिका की पूर्व अध्यक्ष माधवी शाह व बहन जिला पंचायत सदस्य केसर नेताम के साथ मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। सीएम डॉ. मोहन यादव, वीडी शर्मा ने उनका स्वागत किया।

## मौसम के बदलते रंग : प्रदेश में एक दिन में देखने को मिले 'तीन तरह के मौसम'

# मुरैना में गिरे ओले, जबलपुर-सागर और नरसिंहपुर में बारिश, मंडला-दमोह में 'लू'

पिछले एक हफ्ते से तेज गर्मी के बाद शुक्रवार को अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला। बादल छाने से दिन के तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में शुक्रवार को तीन तरह के मौसम देखने को मिले। भोपाल में सुबह से हल्के बादल छाए रहे।

जबलपुर, सागर, टीकमगढ़, ग्वालियर, रतलाम, शिवपुरी, छिंदवाड़ा और मंदसौर में धूप के बाद दोपहर में बारिश हुई तो मुरैना में शाम को ओले गिरे। सीहोर में तेज आंधी चली। दूसरी तरफ मंडला, दमोह, मैहर और सतना में गर्म हवाएं चलीं। इधर, शनिवार को दो दर्जन जिलों में बारिश हो सकती है। राजधानी में भी बूंदाबांदी के आसार बन रहे हैं। प्रदेश में दो दिनों से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इस वजह से बादल छा रहे हैं।

### दो दर्जन जिलों में बारिश हो सकती है आज

### भोपाल में दिन का तापमान 39.5 डिग्री दर्ज

**सीहोर में चली आंधी भोपाल में भी बारिश के आसार**



*भोपाल में तेज हवा के साथ बूंदाबांदी हुई।*

### टीकमगढ़ में रात, दमोह का दिन सबसे गर्म

गुरुवार की रात टीकमगढ़ प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां न्यूनतम पारा 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। नर्मदापुरम में यह 25.8, दमोह में 25 डिग्री रहा। जबकि शुक्रवार को दमोह में दिन का तापमान सबसे अधिक 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

**बादल छाने से गिरा दिन का पारा**

*पिछले एक हफ्ते से तेज गर्मी के बाद शुक्रवार को अचानक से मौसम में बदलाव देखने मिला। बादल छाने से दिन के तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि शुक्रवार को पानी गिरने का अनुमान जताया गया था, जबकि शनिवार को शहर में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। भोपाल में दिन का तापमान 39.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है।*

### मार्च के आखिरी सप्ताह में गर्मी का ट्रेंड

मार्च के आखिरी दिनों में तेज गर्मी पड़ती है। वर्ष 2014 से 2023 के बीच 26 से 31 मार्च तक तेज गर्मी पड़ी है। अबकी बार भी आखिरी दिनों में तेज गर्मी है। गुरुवार को दिन का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। शुक्रवार को मौसम अचानक बदल गया। सुबह 9 बजे तक बादल रहे। इसके बाद तेज धूप खिल गई। हालांकि, दोपहर बाद फिर से बादल छाने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

### 11 साल में चौथी बार गर्म रहा भोपाल

भोपाल में गुरुवार को तेज गर्मी रही। इससे दिन का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, हालांकि शुक्रवार को तापमान गिरकर 39.5 डिग्री पर आ गया है। पिछले 11 साल के मार्च के आंकड़ों पर नजर डालें, तो चौथी बार मार्च में भोपाल सबसे गर्म रहा। इससे पहले 31 मार्च 2017 में 40.8 डिग्री, 31 मार्च 2019 में 40.8 डिग्री, 30 मार्च 2021 में 41 डिग्री तापमान रहा था।

## आयकर विभाग से कांग्रेस को फिर झटका

# 1700 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस किया जारी

**कांग्रेस का आरोपः भाजपा से 4,600 करोड़ रुपए की पैनल्टी पर आयकर विभाग मौन**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस जारी किया है। ताजा डिमांड नोटिस आकलन वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए जारी किया गया है और इसमें जुर्माना और ब्याज शामिल है।



### कम्युनिस्ट पार्टी को 11 करोड़ बकाया भुगतान करने को कहा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को आयकर विभाग से एक नोटिस मिला है। नोटिस के अनुसार पिछले कुछ वर्षों के दौरान आयकर रिटर्न दाखिल करते समय पुराने पैन कार्ड का उपयोग करने के लिए पार्टी को 11 करोड़ रुपए का बकाया भुगतान करने को कहा गया है। बकाए में जुर्माना और ब्याज शामिल है।

## चुनाव के कारण बदला शेड्यूल

# एमपी पीसीएस और एमपी सेट समेत 12 भर्ती परीक्षाओं की तिथियां जारी

- मप्र लोक सेवा आयोग ने लोकसभा चुनाव के चलते अपने परीक्षा कैलेंडर 2024 में संशोधन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर




मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने लोकसभा चुनाव के चलते अपने परीक्षा कैलेंडर 2024 में संशोधन किया गया है। नए कैलेंडर में 12 परीक्षाओं की जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 एवं ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी परीक्षा 9 जून 2024 को होगी। वहीं राज्य पात्रता परीक्षा 2024 का आयोजन 15 दिसंबर 2024 को होगी। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग यानि एमपी पीएससी की सबसे अहम परीक्षा 23 जून को होगी। इस दिन राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 आयोजित की जाएगी। गुरुवार को पीएससी की अहम बैठक में प्रारंभिक व मुख्य परीक्षा के साथ अन्य अहम परीक्षाओं की तिथियां भी तय की गईं। एमपीपीएससी ने पौन दर्जन अहम परीक्षाओं की तिथियां जारी कर दी हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के कारण परीक्षाओं का शेड्यूल बदला है।

## 97.62% बैंकिंग प्रणाली में वापस आए

# 1 अप्रैल को आरबीआई 2000 रु. के नोट नहीं करेगा स्वीकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- यह सेवा 2 अप्रैल को फिर से शुरू होगी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 29 फरवरी 2024 तक, 2,000 रुपएके नोटों का लगभग 97.62% बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने घोषणा की है कि वह खातों के वार्षिक समापन के कारण 1 अप्रैल को 2,000 रुपए नोटों को एक्सचेंज और स्वीकार नहीं करेगा। आरबीआई ने कहा है कि यह सेवा 2 अप्रैल को फिर से शुरू होगी। खातों की वार्षिक क्लोजिंग के कारण भारतीय रिज़र्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में सोमवार, 1 अप्रैल, 2024 को 2,000 रुपए के बैंक नोटों को एक्सचेंज और जमा करने की सुविधा उपलब्ध नहीं मिलेगी।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवारों को कुचला

# दो की मौके पर ही मौत ट्रैक्टर में लगाई आग

श्योपुर-मुरैना हाइवे पर लोगों ने लगाया जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवारों को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जिसमें एक 8 साल का बालक भी शामिल है। घटना शुक्रवार को वीरपुर थाना क्षेत्र में घटित हुई। यहां अवैध रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

## यात्री को सीने में दर्द हुआ था

# इंदौर में इंडिगो फ्लाइट की कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



- डॉक्टर ने कहा एसिडिटी हो रही थी, अब स्वस्थ

शहर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर गुरुवार को अचानक हड़कंप मच गया। मेडिकल इमरजेंसी के चलते पटना से अहमदाबाद जा रही इंडिगो फ्लाइट की यहां पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में सवार एक यात्री की तबीयत खराब हो गई थी। एयरपोर्ट प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार निजी एयरलाइंस इंडिगो की उड़ान पटना से अहमदाबाद के लिए थी। यात्री अभिषेक नाथ माथुर (29) ने केबिन क्रू को घबराहट और सीने में दर्द होने की जानकारी दी।




## मिसाल-बेमिसाल : खंडवा के एक परिवार में बिटिया का जन्म होने पर अद्भुत नजारा

**हर कोई कह उठा कि बेटी बचाओ का नारा इसी तरह से चरितार्थ किया जा सकता है**

# बेटी होने पर सजाई एंबुलेंस और ढोल-ताशों के साथ ले गए घर, फूल बिछाकर कराया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

प्रेरक खबर

जिले के एक परिवार में बिटिया का जन्म होने पर अद्भुत नजारा देखने को मिला। घर में माता लक्ष्मी रूपी पुत्री आने पर पिता ने अस्पताल से घर छोड़ने जा रही 108 एंबुलेंस को पहले तो फूलों से दुल्हन की तरह सजाया, जिसके बाद ढोल ताशों के साथ उस एंबुलेंस से घर तक बिटिया को छोड़ा गया। यही नहीं, इस सजी हुई एंबुलेंस के गांव में पहुंचने पर वहां भी जमकर आतिशबाजी कर बिटिया का स्वागत किया गया।




### पिता बोले- हमारे लिए है बेहद खुशी का पल

*पिता सौरभ भार्गव ने बताया कि उनके यहां बेटी ने जन्म लिया है, इसलिए पूरा परिवार खुश है। और, इसीलिए अपनी बेटी का स्वागत हम ने अनूठे तरीके से किया है। यह सब कुछ देखकर लोग हैरान भी हैं, लेकिन हमारे लिए यह बेहद खुशी के पल हैं।*

**उधर, बहू को शिव भजन सुनाती रही सास**

### महिला ने 20 मिनट में दिया बेटे को जन्म

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में एक मामला सामने आया है। इस मामले में डिलीवरी के वक्त एक सास ने बहू को शिव भजन सुनाए और उसका हौसला बढ़ाया। कमाल की बात यह है कि शिव भजन सुनते-सुनते महिला की डिलीवरी भी हो गई और उसने एक सुंदर बेटे को जन्म दिया। ये नजारा देख डॉक्टर ने कहा कि ये पहला बच्चा है जो अपनी दादी से शिव भजन सुनकर पैदा हुआ है। दरसअल, मंछामन कॉलोनी में रहने वाली प्रीति दीक्षित की प्रेग्नेंट बहू उपासना की 27 मार्च को तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसे तुरंत जेके अस्पताल लाया गया। अस्पताल की डॉ. जया मिश्रा ने डिलीवरी की पूरी तैयारी की। अब बात आई कि डिलीवरी के वक्त होने वाली मां को हौसला कैसे दें।



## बिहार में विपक्षी महागठबंधन के बीच सीटें साझा करने का ऐलान

# 40 लोकसभा क्षेत्रों में से राजद 26 सीटों पर लड़ेगी चुनाव, कांग्रेस को 9, वामदल को 5 व अन्य दलों को 5 सीटों पर होना पड़ा संतुष्ट

महागठबंधन ने सीटों के बंटवारे में लालू यादव के सियासी दांव से कई ऐसी सीटें जो कांग्रेस के दावे वाली थीं, वह राजद के खाते में चली गईं। लालू यादव ने अपने दांव से पप्पू यादव, कन्हैया कुमार के साथ ही कांग्रेस पार्टी का कद भी छोटा किया है। कांग्रेस को जो सीटें मिली उसमें जीतना कठिन चुनौती है।

**सीपीआई-एम और सीपीआई एक-एक सीट**

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में विपक्षी महागठबंधन के आरजेडी, कांग्रेस और वामदलों के बीच सीटें साझा करने का ऐलान किया। महागठबंधन के नेताओं ने पटना में संयुक्त प्रेस कॉफ्रेंस में सीटों के बंटवारे की घोषणा की। कुछ सीटों को छोड़कर मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) लोकसभा चुनाव में अपने द्वारा खड़े किए गए उम्मीदवारों की सीटों पर भाग्य आजमाएंगी। सीटों के बंटवारों के अनुसार लालू प्रसाद के नेतृत्व में राजद 26 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, कांग्रेस अपने 9 उम्मीदवार उतारेगी जबकि वामदलों को 5 सीटें दी गई हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-एमएल 3 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके साथ ही सीपीआई-एम और सीपीआई एक-एक सीट पर उम्मीदवार उतारेंगे। सीट बंटवारे को लेकर केवल राजद के वरीय नेता अब्दुल बारी सिद्दकी ने ही सारी बातें कही। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कुछ नहीं कहा।

- सीट बंटवारे में राजद प्रमुख लालू यादव का दबदबा रहा
- सीट शेयरिंग में कांग्रेस की सीटें भी राजद के पास चली गईं
- लालू की रणनीति से तेजस्वी यादव का रास्ता साफ हुआ




### लालू यादव के सियासी दांव से कांग्रेस पस्त

महागठबंधन ने सीटों के बंटवारे की घोषणा के तहत कई ऐसी सीटें जो कांग्रेस के दावे वाली थीं, वह राजद के खाते में चली गई। लालू यादव ने महागठबंधन में कांग्रेस को 9 सीटें दी हैं। लालू यादव ने किशनगंज, कटिहार, मुजफ्फरपुर, सासाराम, पटना साहिब, समस्तीपुर, भागलपुर, पश्चिम चंपारण और महाराजगंज की सीटें दी हैं। ये सीटें ऐसी हैं जहां कांग्रेस के लिए प्रत्याशी तलाशने से लेकर उसकी कैंपेनिग और उन्हें जीता ले जाना, कठिन चुनौती है। साफ है कि पार्टी के तौर पर कांग्रेस खुश हो सकती है। लेकिन राजनीति के जानकार सवाल उठा रहे हैं कि क्या कांग्रेस को खुश होना चाहिए? वहीं, सीट शेयरिंग को कांग्रेस में नए-नए शामिल हुए पप्पू यादव के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि यह सीट राजद के खाते में चली गई है। इसी तरह बेगूसराय की सीट पर कांग्रेस के कन्हैया कुमार के लड़ने के दावे किए जा रहे थे, लेकिन यह सीपीआई को दे दी गई है। राजनीति के जानकार बताते हैं कि लालू यादव ने अपने दांव से पप्पू यादव, कन्हैया कुमार के साथ ही कांग्रेस पार्टी का कद भी छोटा ही किया है। लालू की सियासी रणनीति से अब तेजस्वी यादव का रास्ता साफ हो गया है।

### भाजपा का हमला, देश में कांग्रेस की साख गिरी

महागठबंधन में सीट बंटवारे के बाद भाजपा ने राजद और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि महागठबंधन में सीट शेयरिंग मजबूरी में हुई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह थके हारे लोग हैं। कांग्रेस यहां भी लाचार नजर आई। पूरे देश में कांग्रेस की साख गिर गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछलग्गू पार्टी है। वह दया का पात्र है। राजद ने कांग्रेस से उसका सम्मान छीन लिया।

### राजद के पास मुस्लिम-यादव आधार वाली सीटें

सहयोगियों के साथ अंतिम समझौते के अनुसार राजद जिन 26 सीटों पर चुनाव लड़ेगा वह सीधा मुस्लिम और यादव यानी माय समीकरण के मजबूत आधार वाली हैं। राजद गया, नवादा, जहानाबाद, औरंगाबाद, वाल्मीकिनगर, पाटलिपुत्र, मुंगेर, जमुई, बांका, अररिया, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली, सारण, सीवान, गोपालगंज, उजियारपुर, दरभंगा, मधुबनी, झंझारपुर, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, हाजीपुर और पूर्णिया शामिल हैं। इनमें से राजद दल के 24 उम्मीदवारों में से 4 ने पहले चरण के अंतर्गत औरंगाबाद, नवादा, जमुई और गया सीटों पर पहले ही नामांकन पत्र भर दिए हैं।




### लालू के दांव के आगे धरी रह गई पप्पू की तैयारी!

महागठबंधन की सीट शेयरिंग में सबसे बड़ी बात जो निकलकर आई है वह है पप्पू यादव की राजनीतिक रसूख पर आघात। दरअसल, पप्पू यादव ने बार-बार कहा कि वह दुनिया छोड़ देंगे, लेकिन पूर्णिया नहीं छोड़ेंगे, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। राजद ने पप्पू यादव के लिए पूर्णिया सीट छोड़ने से साफ मना ही नहीं किया उन्हें किनारे करते हुए बीमा भारती को पहले ही राजद का सिंबल भी दे दिया। इतना ही नहीं पप्पू यादव के लिए तो लालू यादव ने पूर्णिया ही नहीं, मधेपुरा और सुपौल तक का रास्ता भी नहीं छोड़ा।

#### 4 अप्रैल को नामांकन भरेंगे पप्पू यादव

पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता पप्पू यादव राजद से फ्रेंडली फाइट के लिए तैयार हैं। पप्पू यादव ने स्पष्ट कहा कि 4 अप्रैल को वह पूर्णिया लोकसभा सीट से अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि 4 जून को कांग्रेस का झंडा ही पूर्णिया में बुलंद होगा।

#### लालू यादव को इनकार करना पप्पू यादव को पड़ा बहुत भारी

लालू यादव को 'ना' करना पप्पू यादव को भारी पड़ गया है। दरअसल, लालू यादव ने जन अधिकार पार्टी का विलय राजद में करने का ऑफर दिया था। लेकिन, पप्पू यादव ने तब उनकी बात नहीं मानी और अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर लिया। बताया जा रहा है कि उस वक्त से ही लालू यादव नाराज थे और मौके की ताक में थे। पहले मधेपुरा और फिर सुपौल से उनको लड़ने का ऑफर दिया, लेकिन अब तो ये पूर्णिया, मधेपुरा और सुपौल सीट ही राजद के खाते में चली गई।

---

## खबर संक्षेप

### मोदी ने ईसा मसीह के बलिदान को याद किया

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे के मौके पर देशवासियों को संदेश दिया। पीएम ने ईसा मसीह के बलिदानों को याद किया और उनसे मिलने वाली क्षमा की शिक्षा के मजबूत होने की कामना की। पीएम ने ट्विटर पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि आज गुड फ्राइडे के दिन हम ईसा मसीह के बलिदान याद करते हैं। इससे हमें करुणा और क्षमा की जो शिक्षा मिलता है, वो और भी मजबूत हो।



### राजू पाल हत्याकांड में सभी 7 आरोपी दोषी

**प्रयागराज।** बसपा के पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड में लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने सभी 7 आरोपियों को दोषी करार दिया है। इस कांड में पुलिस हिरासत में मारे गए अतीक अहमद और अशरफ भी राजू पाल हत्याकांड में नामजद थे। अब बाकी 7 आरोपी आबिद, फरहान, जावेद, अब्दुल कवी, गुल हसन, इसरार और रंजीत पाल को दोषी करार दिया गया है।



### किन्नरों को दिया 100 गज का प्लॉट

**रेवाड़ी।** हरियाणा के रेवाड़ी की सत्ती कॉलोनी में नवजात के जन्म की बधाई लेने गए किन्नरों को खुशी में 100 गज का प्लॉट देने का एलान कर दिया। दरअसल, शमशेर सिंह के घर कुछ दिन पहले पोते का जन्म हुआ था। खुशियों के इसी क्रम में शुक्रवार को किन्नर सपना गुरु, हिना, कोमल शमशेर सिंह के घर पहुंचे। प्लॉट की कीमत 12 से 15 लाख रुपए के बीच है।



---

## पूर्वांचल के माफिया मुख्तार अंसारी के खौफ का हुआ अंत

# गाजीपुर में आज मुख्तार सुपुर्द-ए-खाक जनाजे में शामिल नहीं हो सका 'बेटा'

मुख्तार अंसारी का शव पुलिस सुरक्षा के बीच बांदा से गाजीपुर लाया गया। अंसारी के शव को काली बाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा जो अंसारी परिवार के आवास से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित है। एम्बुलेंस के साथ पुलिस-प्रशासन के अधिकारी भी रहें।

एजेंसी ▶▶ गाजीपुर

बांदा जेल में बंद पूर्वांचल के माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर रात हार्ट अटैक से मौत हो गई। मुख्तार की मौत के बाद पूरे यूपी में अलर्ट जारी किया गया है। कई जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई है। आज ही मुख्तार को गाजीपुर में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। मुख्तार के शव को बांदा मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों के एक समूह द्वारा पोस्टमार्टम किये जाने के बाद गाजीपुर जिले के मोहम्दाबाद यूसुफपुर स्थित उसके पैतृक निवास ले जाया गया। अंसारी के शव को काली बाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा जो अंसारी परिवार के आवास से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित है।

### पांच डॉक्टरों की टीम ने उसका पोस्टमॉर्टम किया

**400** किमी के सफर में 26 गाड़ियों का काफिला रहा

**144** धारा कई जिलों में लागू



#### यह भगवान का आशीर्वाद है

डॉन मुख्तार अंसारी की मौत पर पूर्व भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय ने कहा कि मैं क्या कह सकती हूं? यह भगवान का आशीर्वाद है। मैं न्याय के लिए उनसे प्रार्थना करती थी और आज न्याय मिल गया है। हमें घटना (हत्या) के बाद कभी होली नहीं मनाई, मुझे लगा कि आज हमारे लिए होली है।

#### बांदा मेडिकल कॉलेज में हुआ पोस्टमॉर्टम

बांदा मेडिकल कॉलेज में मुख्तार अंसारी का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पांच डॉक्टरों की टीम ने उसका पोस्टमॉर्टम किया। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी की गई। इस दौरान मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी, दो भतीजे, वकील नईम अंसारी और ड्राइवर ने पंचनामा भरा। हालांकि, मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने दिल्ली एम्स के डॉक्टरों से पोस्टमार्टम करवाने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि हमें यहां की चिकित्सा प्रणाली और शासन-प्रशासन पर विश्वास नहीं है।

#### पूरे राज्य में शांति कायम है: एडीजी

यूपी के एडीजी कानून एवं व्यवस्था, अमिताभ यश ने कहा पूरे राज्य में हाई अलर्ट घोषित किया गया था। कई जिलों में अतिरिक्त बल भेजे गए हैं। सभी को शांति बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं। पूरे राज्य में शांति कायम है। कहीं कोई

#### बांदा सीजेएम करेंगे जांच

मुख्तार अंसारी की मौत के मामले की न्यायिक जांच होगी। इस मामले की जांच बांदा के सीजेएम करेंगे। मुख्तार की मौत को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में मामले की न्यायिक जांच कराने का फैसला लिया गया है।

#### शामिल नहीं हो सका बेटा

मुख्तार का विधायक बेटा अब्बास अंसारीअपने पिता के जनाजे में शामिल होना चाहता था, जिसके लिए परिवार ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में पैरोल याचिका दाखिल की थी। लेकिन अदालत से मुख्तार के परिवार को फिलहाल इस मामले में राहत नहीं दी।

---

## सी-विजिल एप से मिलीं 79 हजार शिकायतें

# चुनाव आयोग का दावा- 99 फीसदी का हुआ समाधान

**58,500** शिकायतें अवैध बैनर होर्डिंग्स को लेकर दर्ज

**1,400** शिकायतें पैसे, उपहार बांटने और शराब वितरण के बारे में




**89** प्रतिशत का समाधान 100 मिनट में किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप को आचार संहिता का उल्लंघन को चिन्हित करने के लिए एक प्रभावशाली उपकरण बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इस एप के माध्यम से 79,000 से अधिक शिकायतें मिलीं है।

आयोग ने आगे बताया कि 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया है । उनमें से 89 प्रतिशत का समाधान 100 मिनट में किया गया है।

### एक हजार शिकायतें प्रचार अवधि से संबंधित

आयोग ने बताया कि 58,500 शिकायतें अवैध बैनर होर्डिंग्स को लेकर दर्ज की गई थी, जबकि 1,400 शिकायतें पैसे, उपहार बांटने और शराब वितरित करने के संबंध में थे। वहीं तीन प्रतिशत शिकायतें संपत्ति को नष्ट करने को लेकर थी। डराने-धमकाने की 535 शिकायतों में से 529 का समाधान हो चुका है। एक हजार शिकायतें निषिद्ध अवधि के बाद प्रचार करने से संबंधित थी। बता दें कि 16 मार्च को सात चरण के चुनाव की घोषणा की गई थी और मतदान 19 अप्रैल से शुरू होगा, जो कि एक जून तक चलेगा। नतीजे चार जून को जारी होंगे।

---

## जेल में बंद सत्येंद्र जैन की मुश्किलें और बढ़ीं

# ठग सुकेश से उगाही केस में सीबीआई जांच को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाठग सुकेश चंद्रशेखर से कथित तौर पर 10 करोड़ रुपए की उगाही के मामले में गृह मंत्रालय ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच की मंजूरी दी है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने फरवरी के महीने में इस मामले में सीबीआई जांच की सिफारिश गृह मंत्रालय से की थी। सुकेश चंद्रशेखर ने जैन पर आरोप लगाया कि बतौर प्रोटेक्शन मनी तिहाड़ जेल में रहते हुए उससे 10 करोड़ रुपए की उगाही की गई थी। सीबीआई जांच को मंजूरी देते हुए उपराज्यपाल ने मामले में जरूरी कार्रवाई के लिए गृह मंत्रालय के पास भेज दिया था। उपराज्यपाल ने 9 फरवरी को तिहाड़ जेल के पूर्व डीजी संदीप गोयल, तिहाड़ जेल के तत्कालीन अधीक्षक राज कुमार के खिलाफ भी सीबीआई जांच की मंजूरी दी थी। दरअसल, करोड़ों रुपए की ठगी और मनी लांड्रिंग के आरोप में सुकेश दिल्ली के तिहाड़ जेल में सजा काट रहा है।



---

## पत्नी सुनीता ने जारी किया वॉट्सएप नंबर 8297324624

केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ एक नया अभियान

# आप का 'केजरीवाल को आशीर्वाद' अभियान शुरू आम जनता से संदेश द्वारा मांगी दुआएं और प्रार्थनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने एक नया अभियान शुरू किया गया है।

पीसी के दौरान सुनीता केजरीवाल ने एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल केजरीवाल को आशीर्वाद देने के लिए आप इस नंबर पर व्हाट्सएप करें। सुनीता केजरीवाल ने लोगों से अपील की है कि अपने संदेश इस पर भेजिए। आप किसी भी पार्टी से हों।



### मैडम सीएम की कुर्सी पर बैठने की तैयारी में

आवास और शहरी मामलों के केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल पर सीएम पद को लेकर तंज कसा है। पुरी ने कहा कि केजरीवाल की कुर्सी जाना अब वक्त की बात है और मैडम उस कुर्सी पर बैठने की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की पत्नी न केवल राजस्व सेवा में सहकर्मी थीं। उन्होंने सभी को किनारे कर दिया है। अब मैडम शायद शीर्ष पद के लिए तैयारी कर रही हैं।

### केजरीवाल के लिए भेजें संदेश

केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कहा कि मैं आपको एक व्हाट्सएप नंबर दे रही हूं। व्हाट्सएप नंबर 8297324624 है। आज से हम एक अभियान शुरू कर रहे हैं जिसका नाम 'केजरीवाल को आशीर्वाद' है। इस नंबर पर आप अपने केजरीवाल को आशीर्वाद, दुआएं और प्रार्थनाएं भेज सकते हैं। कोई और भी संदेश देना चाहें तो वो भी दे सकते हैं।

### दिल्ली में 'इंडिया' गठबंधन की महारैली 31 मार्च को

आम आदमी पार्टी को रविवार 31 मार्च को रामलीला मैदान में रैली करने की इजाजत मिल गई है। पार्टी को दिल्ली पुलिस ने इजाजत दे दी है। इस रैली का स्लोगन 'तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ' होगा। इसमें इंडिया गठबंधन के सभी दल शामिल होंगे। इसमें इंडिया गठबंधन का ही बैनर लगेगा। रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी भी शामिल होंगे। रैली में अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, झारखंड के सीएम चंपई सोरेन, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, शरद पवार भी आएंगे। पुलिस ने आयोजकों को रैली में 20 हजार से ज्यादा लोग नहीं लाने की शर्त रखी है।

## भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर से मिले यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो

# यूक्रेन ने जंग को खत्म करने के लिए भारत से मांगी मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

युद्ध शुरू होने के 2 साल बाद पहली बार नई दिल्ली की यात्रा पर आए यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने शुक्रवार को भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की है। वे भारत के निमंत्रण पर गुरुवार को दो दिनों की यात्रा पर दिल्ली पहुंचें यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने भारत के साथ रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में 'शांति कैसे लाई जाए' इस मुद्दे पर बात की है।

भारतीय विदेश मंत्री से मुलाकात के दौरान भी यूक्रेनी विदेश मंत्री ने युद्ध को लेकर बात की है और जंग को खत्म करने के लिए भारत की मदद मांगी है। भारतीय विदेश मंत्री ने अपने यूक्रेनी समकक्ष से कहा कि आपकी यात्रा हमें आपके अपने क्षेत्र की स्थिति को समझने का अवसर देती है।

1 आपकी यात्रा हमें आपके क्षेत्र की स्थिति को समझने का अवसर देती है

2 जयशंकर बोले- रूस को जंग रोकने के लिए मनाएगा भारत

3 दोनों नेताओं ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की



### मलेशियाई दौरा सफलतापूर्वक संपन्न, डिजिटल क्षेत्र के विकास पर जोर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर विगत दिनों दो दिवसीय मलेशियाई की यात्रा पर गए थे। वे 28 मार्च को वापस आ गए थे। वहां उन्होंने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर बिन इब्राहिम से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण एजेंडे को तैयार करने में मददगार साबित होगा।

### क्या चाहता है यूक्रेन?

इस महीने की शुरुआत में, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और पीएम नरेंद्र मोदी ने टेलीफोन पर बातचीत की थी, जिसमें यूक्रेनी राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री से शांतिदूत की भूमिका निभाने का आग्रह किया था। बदले में पीएम ने भी यही बात दोहराई थी।




## खबर संक्षेप

### मीना होंगे नाइजर में भारत के अगले राजदूत

**नई दिल्ली।** सीता राम मीना को नाइजर गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वे विदेश मंत्रालय में निदेशक है।



विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। वह जल्द ही कार्यभार संभाल लेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्रालय सीता राम मीना वर्तमान में मंत्रालय में निदेशक, को नाइजर गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। उम्मीद है कि वह जल्द ही कार्यभार संभालेंगे।

### मीनाक्षी लेखी ने किया कला गैलरी का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने गुरुवार को राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी के 70वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन किया और शक्ति प्रदर्शनी कैटलॉग का शुभारंभ किया।



केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि भारत की विचार और परंपरा में शक्ति के क्या मायने हैं। आज उसी शक्ति को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी समाप्त हो जाती हैं, लेकिन उसका कैटलॉग हमेशा के लिए यादगार रहता है।

### मुंचिंगपुट मामला: आठवें आरोपी के खिलाफ चार्जशीट

**विशाखापट्टनम।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी मुंचिंगपुट साजिश मामले में मई 2021 में मूल चार्जशीट दायर की थी। तब से अब तक सात अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किए जा चुके हैं।



राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आंध्र प्रदेश के मुंचिंगपुट साजिश मामले के आठवें आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। एनआईए ने रामक्कागिरी चंद्रा पर संहिता, शस्त्र अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत जता चुका है अपना कड़ा विरोध

# अमेरिका और जर्मनी के बाद यूएन ने की केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी

*केजरीवाल की गिरफ्तारी पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता ने उम्मीद जताई कि भारत और जिस भी देश में चुनाव हो रहे हैं वहां के लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा हो।*

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

भारत की राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के अकांउट फ्रीज किए जाने के सवाल पर जर्मनी, अमेरिका के बाद अब संयुक्त राष्ट्र ने भी टिप्पणी की है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उसे उम्मीद है कि हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में भारत में होने वाले लोकसभा चुनावों में मतदान कर सकेगा।

इससे पहले जर्मनी और अमेरिका ने भी प्रतिक्रिया दी थी। जिसके बाद भारत ने कड़ा एतराज जताते हुए जर्मन और अमेरिकी डिप्लोमैट को तलब किया था। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने उम्मीद जताई कि भारत और जिस भी देश में चुनाव हो रहे हैं वहां के लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा हो।

**खास बातें**

- भारत के मामलों का विदेश में हो रहा दुष्प्रचार, तनाव बढ़ने के आसार
- दो दिन पहले ही भारत ने अमेरिका को सुनाई थी खरी-खोटी



**खास बातें**

- संयुक्त राष्ट्र में महासचिव ने उठाया भारत का मुद्दा, की टिप्पणी
- भारत बोला- हमारी न्यायपालिका पर सवाल उठाना अनुचित

### बाहरी ताकत के प्रभाव से बचाने के लिए प्रतिबद्ध: विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय की हालिया टिप्पणी अनुचित है। हमारी चुनावी और कानूनी प्रक्रियाओं को लेकर की गई बाहरी टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है। भारत में कानूनी प्रक्रियाएं सिर्फ कानून से चलती है। कोई भी सहयोगी देश और खासकर लोकतांत्रिक देशों को इस प्रक्रिया की सराहना करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। भारत को अपने स्वतंत्र और मजबूत लोकतांत्रिक संस्थानों पर गर्व है और हम इन्हें किसी भी बाहरी ताकत के प्रभाव से बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### इस आरोप में हुई जेल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली शराब नीति में घोटाले के आरोप में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने के आरोपों पर अमेरिका ने दो बार टिप्पणी की है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने सोमवार को भी कहा कि अमेरिका अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की रिपोर्ट पर बारीकी से नजर रख रहा है और एक निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया का बढ़ावा देता है।

### जर्मन डिप्लोमैट को भी भारत ने किया था तलब

जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि हमने इसे नोट किया है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। हमें उम्मीद है कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित सभी मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा। केजरीवाल को निष्पक्ष सुनवाई का पूरा अधिकार है। निर्दोष होने के अनुमान कानून के शासन का एक प्रमुख तत्व है और वो इस केस में भी लागू होना चाहिए। इस टिप्पणी पर भारत ने कड़ा एतराज जताते हुए कहा था कि हम ऐसी टिप्पणियों को हमारी न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के रूप में देखते हैं। जिस तरह भारत और अन्य लोकतांत्रिक देशों में कानून अपना काम करता है, इस मामले में भी कानून अपना काम करेगा। इस मामले में पक्षपातपूर्ण धारणाएं बनाना अनुचित है।

## आतंकी संगठन ने दी धमकी

# भारत में कंधार और मास्को जैसे हो सकते हैं हालात!



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट पाकिस्तान प्रोविंस ने भारत को मास्को और कंधार जैसे हमलों की धमकी देते हुए पोस्टर जारी किया है। यह खूंखार आतंकवादी संगठन पाक खुफिया एजेंसी का मुखौटा माना जाता है। मास्को हमले के बाद आतंकवादी संगठनों के हौसले बुलंद हो गए हैं। एक के बाद एक आतंकवादी संगठन दुनिया के देशों को आतंकवादी हमला करने की धमकी दे रहे हैं और अब प्रोविंस ने भारत को कंधार और मास्को जैसा हमला करने की धमकी दी है।

### भारत में मचाना चाहते हैं आतंक

इसका मकसद आतंकवादी संगठन के नाम पर भारत में आतंक मचाना है। संगठन के पोस्टर में अन्य देशों के नाम इसलिए दिए गए हैं। माना जा रहा है कि पाकिस्तान के अंदरूनी हालात बेहद खराब है लिहाजा वह भारत में कोई आतंकी वारदात करवा कर अपने यहां के अवाम का ध्यान भटकाना चाहता है।

### आतंकवादी संगठन आईएस का सहयोगी

आतंकवादी संगठन द्वारा पोस्ट में कंधार हमले और मास्को हमले के फोटो भी लगाए हैं। आतंकवादी संगठन आईएसपीपी खुद को कुख्यात आतंकवादी संगठन आईएस का सहयोगी संगठन बताता है। दिलचस्प यह है कि इस संगठन द्वारा जो पोस्टर जारी किया गया है, उसमें भारत के अलावा डेनमार्क और चीन का नाम भी दिया हुआ है।

## मसूरी में कंबोडिया के सिविल सेवकों का प्रशिक्षण

# मसूरी में प्रशासन चलाने के गुण सीख रहे कंबोडिया के कई सिविल सेवक

एजेंसी ▶▶ मसूरी

राष्ट्रीय सुशासन केंद्र में सार्वजनिक नीति और प्रशासनिक व्यवस्था पर कंबोडिया के सिविल सेवकों के लिए 2 सप्ताह तक चलने वाला चौथा प्रशिक्षण चल रहा है। कंबोडिया के कुल 156 सिविल सेवक राष्ट्रीय सुशासन केंद्र में क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में भाग ले चुके हैं। इस प्रशिक्षण में कंबोडिया के निरीक्षण, शिक्षा, युवा और खेल मंत्रालय के 39 वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं।

यह कार्यक्रम विदेश मंत्रालय की साझेदारी में 26 मार्च को शुरू हुआ था, जो 6 अप्रैल तक चलेगा। कार्यक्रम में एनसीजीजी के महानिदेशक वी. श्रीनिवास ने भारत के शासन मॉडल के बारे में भी विस्तार से बताया कि कैसे बेहतर नीति निर्माण, सेवा वितरण, संस्थानों में बदलाव और नागरिकों को सरकार के करीब लाने के लिए भारत में डिजिटल तकनीक को अपनाया गया है।



### 17 देशों के सिविल सेवक ले चुके प्रशिक्षण

ज्ञात हो कि एनसीजीजी ने विदेश मंत्रालय के साथ साझेदारी में 17 देशों बांग्लादेश, केन्या, तंजानिया, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, गाम्बिया, मालदीव, श्रीलंका, अफगानिस्तान, लाओस, वियतनाम, नेपाल, भूटान, म्यांमार, इथियोपिया, इरेट्रिया और कंबोडिया के सिविल सेवकों को प्रशिक्षण दिया है।

# चीन ने ताइवान का बनवाया हूबहू मॉडल

**बीजिंग।** चीन ने 2021 में ताइवान की राजधानी ताइपे में मौजूद राष्ट्रपति दफ्तर पर हमले की तैयारी कर ली थी। इसके लिए चीन की सेना ने इनर मंगोलिया के रेगिस्तान में ताइवानी राष्ट्रपति के दफ्तर की हूबहू नकल बनाई थी, जहां चीनी सेना के जवान हमले की प्रैक्टिस करते थे। यह नकल मार्च 2021 में बनना शुरू हुआ था। अक्टूबर में बनकर तैयार हो गया था। चीन की सरकार चाहती थी कि उसके सैनिकों को एकदम असली हमले जैसी तैयारी कराई जाए। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। पहले भी 2015 में इनर मंगोलिया में चीनी सेना ने प्रैक्टिस की थी। वहां पर कई इमारतों की नकल बनाई गई थी। उनके ऊपर हमले की प्रैक्टिस की गई थी( यह दावा एक ताइवानी डिफेंस एनालिस्ट ने की है। उसने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर चीन के इस हरकत की तस्वीरें शेयर की हैं। यह सैटेलाइट इमेज 26 मार्च 2024 की है। जिसमें बायो स्पेशल जोन का नक्शा दिख रहा है।



## किसी गलत काम का कोई सबूत नहीं

# एयर इंडिया-इंडियन एयरलाइंस विलय केस पर सीबीआई की 'क्लोज़र रिपोर्ट' आई सामने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन काल में एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस के विलय से बनी कंपनी एनएसीआईएल द्वारा पट्टे पर विमान लिए जाने में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही सीबीआई ने एक 'क्लोजर रिपोर्ट' दायर की है। सीबीआई को इस मामले में 'किसी गलत काम का कोई सबूत' नहीं मिला है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने उच्चतम न्यायालय के आदेश पर 2017 में इस मामले की जांच शुरू की थी।

एजेंसी ने हाल ही में एक विशेष अदालत के समक्ष 'क्लोजर रिपोर्ट' दायर की।



### अदालत तय करेगी रिपोर्ट स्वीकार करें या नहीं?

पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में जब यह प्रक्रिया चल रही थी तब राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल केंद्रीय नागर विमानन मंत्री थे। पटेल इस समय अजित पवार की अगुवाई वाली राकांपा में हैं। जो महाराष्ट्र में भाजपा और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना की सहयोगी है।

## बाल्टीमोर में ब्रिज गिरने से पहले मच गया था हड़कंप

# मिल गया जहाज के ब्लैक बॉक्स का ऑडियो, अब खुलेंगे राज

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के बाल्टीमोर में सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक हादसा हुआ था। यहां पर एक मालवाहक जहाज एक पुल से टकरा गया। टक्कर लगने के बाद पुल ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। कंटेनर जहाज पर सवार चालक दल के सभी सदस्य भारतीय थे। इस घटना से पूर्वोत्तर अमेरिका में सबसे जरूरी बंदरगाहों में से एक पर कामकाज ठप हो गया है। जानकारों का मानना है कि पुल को दोबारा बनाने में तकरीबन दो साल का समय लग सकता है। इसे फिर से तैयार करने में करीब 350 मिलियन डॉलर का खर्च आएगा। इस मामले की जांच कर रही टीम के हाथ एक जरूरी चीज हाथ लगी है। जांच करने वाले एक अधिकारी मार्सेल मुइज का कहना है कि तटरक्षक बल ने मंगलवार को ब्लैक बॉक्स के वीडीआर से ऑडियो बरामद किया है। इस ऑडियो को एनटीएसबी अधिकारियों को दे दिया गया है।



### ब्लैक बॉक्स से मिली जानकारी

*इस ब्लैक बॉक्स से यह जानकारी मिली है कि सोमवार रात 12.30 बजे डाली को दो बड़ी नावों की मदद से बंदरगाह से रवाना कर दिया गया था। इस जहाज में भारत के 21 चालक दल मौजूद थे और सभी श्रीलंका की लंबी यात्रा पर जा रहे थे। करीब 1 बजे के आसपास जहाज मैकहेनरी के चैनल में घुस चुका था। 1.30 बजे वीडीआर ने जहाज के सिस्टम के डेटा को रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया था। इसके कुछ समय बाद जहाज के पायलट ने एक रेडियो कॉल को प्रसारित किया और मदद मांगनी शुरू की। पायलट ने रेडियो पर बताया कि डाली पर नियंत्रण खो रहा है। और फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज की तरफ जा रही है। डेढ़ बजे ही डाली के पुल से टकराने की आवाज सुनाई दीं। फिर पायलट ने ब्रिज के गिरने की जानकारी दी।*



**लोकसभा क्षेत्र**
भोपाल
1 भाजपा प्रत्याशी
आलोक शर्मा
2 कांग्रेस प्रत्याशी
अरुण श्रीवास्तव

**पिछली बार कौन जीता**
प्रज्ञा सिंह ठाकुर
जीत का अंतर
3 लाख 63 हजार 437

## क्या रहेंगे मुद्दे?

भोपाल लोकसभा क्षेत्र में मुख्य मुद्दा रोजगार का है। यदि बीएचईएल को छोड़ दिया जाए तो ऐसा कोई औद्योगिक कारखाना आदि नहीं हैं, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके। राजधानी में रोजगार एक प्रमुख मुद्दे के रूप में सामने है। दूसरी तरफ राजधानी क्षेत्र होने के बावजूद शहर का बेरतरतीब विकास एक बड़ी समस्या है। इस समस्या से हर दिन लोक दो-चार होते हैं। मुख्य मार्ग तो व्यवस्थित हैं, पर अंदर कालोनियों की सड़कें जर्जर है। इससे लोग परेशान होते हैं। एक अन्य बड़ी समस्या झुग्गी बस्तियां है। यहां राजनैतिक दखलंदाजी की वजह से हर दिन नई झुग्गी बस्ती तैयार होती है। वोट के चक्कर में जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान नहीं देते हैं।

### इस बार भी यहां मोदी फैक्टर हावी, कांग्रेस को मुद्दों को लेकर भरोसा

# भाजपा के गढ़ को भेदना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती

*भोपाल लोकसभा सीट से भाजपा ने पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने अरूण श्रीवास्तव को टिकट दिया है। पिछली बार कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को मैदान में उतारा था। किंतु वे 3 लाख 63 हजार 437 वोटों से भाजपा प्रत्याशी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर से चुनाव हार गए। इस बार भाजपा व कांग्रेस के बीच रोचक मुकाबला होने के आसार हैं। हालांकि भाजपा के गढ़ को भेदना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल लोकसभा क्षेत्र को भारतीय जनता पार्टी का गढ़ माना जाता है। भाजपा ने भोपाल लोकसभा सीट से पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने अरूण श्रीवास्तव को टिकट दिया है।

यदि भोपाल लोकसभा क्षेत्र का संसदीय इतिहास देखे तो 1952 से लेकर 2019 तक में कुल 17 चुनाव हुए। इसमें 6 बार कांग्रेस व 11 बार जनसंघ, जनता पार्टी व भाजपा ने अपना कब्जा जमाया। 1952 में सैदुल्लाह रजमी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सांसद बने थे, किंतु इसी वर्ष बाद में चतुर नारायण मालवीय सांसद बन गए। 1957 व


आलोक शर्मा


अरुण श्रीवास्तव

1962 के चुनाव में मैमूना सुल्तान चुनकर संसद में पहुंचीं। जब 1967 में चुनाव हुआ तो जनसंघ के जगन्नाथ जोशी चुनाव जीत गए। 1971 में शंकर दयाल शर्मा इस सीट से चुनाव जीत कर लोकसभा में पहुंचें। 1977 में फिर जनता पार्टी की लहर में आरिफ बेग जीत गए। इसके बाद दो चुनाव 1980 में शंकर दयाल शर्मा व 1984 में केएन प्रधान कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते, किंतु इसके बाद 1989 से लेकर 2019 तक कांग्रेस का खाता नहीं खुला। 1989, 1991, 1996, 1998 में सुशीलचंद वर्मा सांसद चुने गए। 1999 में उमा भारती भाजपा की टिकट पर चुनी गई। इसके बाद 2004 व 2009 में कैलाश जोशी भाजपा से सांसद बने। 2014 में भाजपा ने आलोक संजर को मैदान में उतारा और वे भी चुनाव जीत गए। इन सभी में सबसे रोचक चुनाव 2019 का ही रहा है। इसमें कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को मैदान में उतारा और वे चुनाव हार गए। इस बार 2024 का चुनाव भी अभी से रोचक बनता जा रहा है। इस बार यहां भी मोदी फैक्टर हावी है। अब चुनाव परिणाम किस करवट बैठेगा यह तो नहीं कह सकते, किंतु जिस तरह से माहौल बना हुआ है, ऐसे में लगने लगा है कि भाजपा व कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर होगी। भोपाल लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण में चुनाव होना है।

### पिछले चुनाव में भाजपा को मिले थे 61% वोट

एक तथ्य यह भी है कि पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा को कुल 61.54 फीसदी वोट मिले थे। हालांकि 2014 के चुनाव के मुकाबले भाजपा को 1.65 फीसदी कम वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी साध्वी प्रज्ञा सिंह को कुल 8,66,482 वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस के दिग्विजय सिंह को 35.63 फीसदी यानी कुल 5,01,660 वोट मिले थे। हालांकि कांग्रेस 2014 के चुनाव के मुकाबले 5.24 फीसदी ज्यादा वोट हासिल करने में कामयाब हुई थी। बसपा के माधो सिंह अहिरवार को 11,277 वोट मिले थे। नोटा को 5,430 वोट मिले थे। वहीं 2014 के चुनाव में भाजपा के आलोक संजर को 63.19 फीसदी, कांग्रेस के पीसी शर्मा को 30.39 फीसदी, बसपा के सुनील बोरसे को 0.90 फीसदी वोट मिले थे।

### लोकसभा क्षेत्र में कुल कितनी विधानसभा

संसदीय क्षेत्र भोपाल में कुल 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इसमें भोपाल जिले के सात जिसमें भोपाल उत्तर, नरेला, भोपाल दक्षिण-पश्चिम, भोपाल मध्य, गोविंदपुरा, हुजूर, बैरसिया व सीहोर जिले का सीहोर विधानसभा क्षेत्र शामिल है। इन आठ में से छह पर भाजपा का कब्जा है, जबकि दो विधानसभा क्षेत्रों भोपाल उत्तर में आतिफ अकील व भोपाल मध्य से आरिफ अकील कांग्रेस के विधायक हैं। इसी तरह बैरसिया विधानसभा में भाजपा के विष्णु खत्री, नरेला से विश्वास सारंग, भोपाल दक्षिण-पश्चिम से भगवान दास सबनानी, गोविंदपुरा से कृष्णा गौर, हुजूर से रामेश्वर शर्मा व सीहोर से सुदेश राय भाजपा से विधायक हैं। भोपाल लोकसभा क्षेत्र भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां भाजपा विजयी होती आई है।

### आबादी में जातीय समीकरण

भोपाल लोकसभा क्षेत्र के आठ में से दो विधानसभा क्षेत्र भोपाल उत्तर में 52 फीसदी हिंदू व 48 फीसदी मुस्लिम हैं। जबकि भोपाल मध्य में 60 फीसदी हिंदू व 40 फीसदी मुस्लिम हैं। किंतु दोनों सीटों पर कांग्रेस वह भी मुस्लिम प्रत्याशी ही जीतते हैं। इसकी मुख्य वजह यह है कि भोपाल उत्तर में हिंदू आबादी में सुदर्शन, जाटव व वाल्मिकी समाज के वोटर हैं। ऐसा माना जाता है कि वे पारंपरिक रूप से कांग्रेस के पक्ष वोट करते हैं। यही स्थिति भोपाल मध्य में भी है। बहुतायद अनुसूचित जाति की झुग्गी बस्तियों की आबादी को आसानी से वोट में तब्दील करने की कोशिश होती रहती है। बाकी क्षेत्रों में मिलाजुला है। यहां कोई जातीय समीकरण नहीं है। भाजपा हमेशा से चुनाव जीतती रही है।

शुरुआती चुनाव...

## 1951 में हुआ था भोपाल, मध्य भारत, विंध्य प्रदेश और मध्यप्रदेश में सबसे पहला लोकसभा चुनाव

मध्यप्रदेश के संसदीय इतिहास के सुनहरे पन्नों को यदि पलटें तो वह 17 बार लोकसभा चुनाव में भागीदार बना है। मप्र सहित भोपाल, मध्य भारत, विंध्य प्रदेश में सबसे पहला लोकसभा चुनाव 1951 में हुआ था। इसमें मप्र का मतदान प्रतिशत 45.98, भोपाल का 40.35, मध्य भारत का 35.08 और विंध्य प्रदेश का 30.06 प्रतिशत रहा था। मप्र गठन के बाद 1957 में दूसरी लोकसभा के लिए चुनाव संपन्न हुआ था, जिसमें मतदान प्रतिशत 36.77 रहा था। 1962 के तीसरे लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत 44.79 रहा था। इसके बाद 1967 के लोकसभा चुनाव में 53.46 प्रतिशत मतदान हुआ था। मप्र के गठन के बाद 1957 में हुए आम निर्वाचन के मुकाबले 1962 में 8.02 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी। लेकिन साल 1971 के लोकसभा चुनाव में मतदान 5.46 प्रतिशत घटकर 48 प्रतिशत रह गया था। यह उतार-चढ़ाव आगे भी जारी रहा। साल 1977 के चुनाव का मतदान-प्रतिशत पुनः बढ़कर 54.92 हो गया, यानी इसमें सीधे 6.92 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। लेकिन अगले 1980 के चुनाव में यह घटकर 51.85 हो गया। साल 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री की हत्या के बाद लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत एक बार और बढ़कर 57.53 प्रतिशत हो गया। किंतु 1989 के आम चुनाव में यह पुनः घटकर 55.21 प्रतिशत हो गया। साल 1991 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में और कमी आई। तब यह 50 प्रतिशत से भी कम अर्थात 44.35 प्रतिशत हो गया। 1996 के लोकसभा चुनाव में एक बार और इसमें वृद्धि हुई तो यह 54.06 प्रतिशत हो गया। इसके दो साल बाद 1998 में हुए चुनाव में रिकॉर्ड मतदान प्रतिशत 61.72 दर्ज हुआ, जो अब तक के चुनावों में सबसे अधिक है। इसके ठीक एक साल बाद 1999 के चुनाव में यह पुनः कम होकर 54.85 हो गया था। इसके पांच साल बाद 2004 में हुए आम चुनाव में इसमें और कमी आई तथा यह घटकर 48.09 प्रतिशत हो गया। वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में जहां मध्यप्रदेश में संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 40 थी, वही साल 2000 में छत्तीसगढ़ के अस्तित्व में आने के बाद 2004 में घटकर 29 हो गई थी। 15वीं लोकसभा के लिए 2009 में हुए चुनाव से मतदान-प्रतिशत बढ़ने का क्रम फिर जारी रहा और तब यह 51.16 दर्ज हुआ। दस साल पहले 2014 के 16वीं लोकसभा निर्वाचन में इसमें पुनः वृद्धि हुई, तब यह बढ़कर 61.60 प्रतिशत हो गया। मध्यप्रदेश में साल 2019 के 17वीं लोकसभा चुनाव में 71.19 प्रतिशत मतदान हुआ है, जो 1998 के लोकसभा चुनाव के बाद एक नए रिकार्ड के रूप में सामने आया।


प्रलय श्रीवास्तव
संयुक्त संचालक
जनसंपर्क विभाग

### चाय पे चर्चा

## लोस चुनाव में भाजपा-कांग्रेस के बीच ही सीधा मुकाबला होने का अनुमान

- उम्मीदवार जुटे गए प्रचार में, चाय की दुकान बन रहीं हॉट स्पॉट
- शाहजहांनाबाद मिलिट्री गेट स्थित रजक टी-स्टॉल पर चुनावी चर्चा

लोकसभा के चुनाव की घोषणा होने के बाद से पूरे शहर का माहौल धीरे-धीरे प्रचारमय होता जा रहा है। इसके लिए जिन प्रत्याशियों को टिकट मिले हैं, वे अब मतदाताओं को लुभाने में जुट गए हैं। इस बार उम्मीदवार अपने-अपने तरीके से वोटर्स में पैठ बना रहे हैं। इसके लिए प्रचार की सबसे बेहतरीन जगहों में से एक है चाय की दुकान। शहर में चाय की दुकानें चुनाव प्रचार और लोगों से सीधे चुस्कियों के साथ चर्चा करने का हॉट स्पॉट बनती जा रही हैं। ऐसे में गुरुवार को शाहजहांनाबाद मिलिट्री गेट स्थित रजक टी स्टॉल पर कुछ ऐसी ही चर्चाएं होती रहीं। यहां चाय की चुस्कियों के साथ आपसी बातचीत में संतोष श्रीवास, विनोद डागर और भगवानदास ढालिया ने बताया कि अभी प्रचार के लिए उम्मीदवार अपने-अपने इलाके में प्रचार शुरू कर रहे हैं। इस बार गर्मी का भी असर है, लेकिन प्रचार के तरीके बदलने से गर्मी भी बेअसर हो रही है। पिछले बार प्रत्याशियों ने जो कमी छोड़ी थी, इस बार उसे पूरी करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रमुख राजनैतिक पार्टियों में शामिल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही सीधी मुकावला होने का अनुमान है। ऐसे में दोनों पार्टियों के प्रत्याशियों के साथ सभी राजनैतिक पार्टियों के उम्मीदवार इस बार पूरी ताकत के साथ प्रचार करने में जुटे हैं। जीत के दावे सभी कर रहे हैं, लेकिन जीतेगा वही, जिसे मतदाता जिताएगा।




### 107 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए

**भोपाल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण के लिए प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की गुरुवार को संवीक्षा की गई। इस दौरान कुल 107 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए। संवीक्षा में छह अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य नहीं पाए गए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि नामांकन दाखिल कर चुके प्रत्याशी शनिवार, 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे।

## नाबालिग का अपहरण कर तीन ने किया रेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग का अपहरण के बाद दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का पूरा मामला है, जहां 16 साल की एक नाबालिग दुकान में काम करती है। बीती रात करीब 9:30 बजे वह दुकान से काम करके अपने घर लौट रही थी, तभी कुछ युवक बाइक पर सवार होकर उसके पास पहुंचे और नाबालिग को जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर सुनसान इलाके में ले गए जहां उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है।

आरोपी दूसरे दिन सुबह करीब 7 बजे जहां से नाबालिग को उठाए थे, वहां वापस लाकर छोड़ दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। देर रात तक पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले मे एडिशनल एसपी सिटी उमेश कश्यप ने बताया कि नाबालिग प्रार्थिया लगभग 16 साल की है।

वह गुरुवार रात मे 9:30 बजे घर वापस जा रही थी, तब रास्ते में तीन लड़के मोटरसाइकिल में आए जिनमें से एक उसका पुराना मित्र था जिसे लड़की के दूसरे नए मित्र के द्वारा फोटो भेजने के कारण नाराज था।

लड़की से मारपीट कर उसे जबरदस्ती अपनी बाइक में बैठाकर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

## तालाब में नहाते समय बालक के गले में फंसी मछली, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जांजगीर तालाब में नहाते समय एक बालक के मुंह में मछली घुस गई और वह गले में फंस गई। बालक को गंभीर स्थिति में सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम करुमहु निवासी कुंवर सिंह गोंड का पुत्र समीर गोंड (14) शुक्रवार सुबह 10 बजे गांव के जूना तालाब में दोस्तों के साथ नहाने गया था। नहाते समय उसके मुंह में एक मछली घुस गई।

मछली उसके गले में फंस गई। बच्चा घबरा गया और रोने लगा दोस्तों ने इसकी सूचना घर वालों को दी और 108 संजीवनी एक्सप्रेस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया। यहां डाक्टरों ने मछली को निकालने का प्रयास किया, मगर वे असफल रहे। उसकी हालत गंभीर होने पर उसे सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक मछली गले से नीचे फंसी है और वह कांटे वाली मछली है। स्वजन बालक को लेकर बिलासपुर पहुंच गए हैं, वहां उसका उपचार चल रहा है। सीचसी अकलतरा के डाक्टरों के अनुसार बालक के गले का आपरेशन करके मछली को निकाला जा सकता है। बहरहाल बालक का उपचार जारी है। इस घटना से उसके माता पिता के अलावा स्वजन परेशान हैं।



### अब रायपुर में 39.5 डिग्री पर पहुंचा पारा

**रायपुर।** गुरुवार को प्रदेशभर में डोंगरगढ़ सर्वाधिक गर्म रहा। एआरजी डोंगरगढ़ का अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं रायपुर का अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों ही सामान्य से दो डिग्री ज्यादा रहे। मौसम वैज्ञानियों का कहना है कि आने वाले दो दिनों में अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री की बढ़ोतरी होने वाली है। गुरुवार को रायपुर सहित प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहा। दोपहर की तेज धूप अब जलने लगी है और हवाएं भी गर्म आने लगी हैं। इसके चलते उमस में भी बढ़ोतरी हो रही है। पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। अगले दो महीने यानी अप्रैल और मई के महीने और ज्यादा तपाने वाले हैं। संभावना है कि अप्रैल और मई महीने का औसत तापमान भी सामान्य से ज्यादा रहेगा।

## बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय स्टार प्रचारक रामलखन ने भाजपा ज्वॉइन की

कांग्रेस बसपा के करीब 32 नेताओं ने भाजपा का दामन थामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस, बसपा समेत अन्य दलों के नेताओं का भाजपा ज्वॉइन करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को बसपा के राष्ट्रीय स्टार प्रचारक व भिंड के पूर्व सांसद रामलखन सिंह, पाटन से कांग्रेस के पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी, खरगापुर के पूर्व विधायक अजय यादव, लीगल सेल कांग्रेस के प्रदेश प्रमुख सत्येंद्र ज्योतिषी, पाटन के पूर्व जनपद अध्यक्ष शैलेष अवस्थी, ब्लॉक अध्यक्ष बृजभान सिंह यादव समेत 32 से अधिक जनप्रतिनिधि भाजपा में शामिल हो गए। हालांकि, रामलखन सिंह भाजपा से ही सांसद बने थे। विधानसभा चुनाव में वे नाराजगी के चलते भाजपा छोड़कर बसपा में शामिल हो गए थे। अब फिर से भाजपा में शामिल हो गए हैं। मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष ने अंग वस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने सभी नेताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर मप्र लीगल सेल कांग्रेस के प्रदेश संगठन सचिव अधिवक्ता विकास मिश्रा, अधिवक्ता सौरभ व्यास, अक्षय गौतम, जिला युवा कांग्रेस के महासचिव चंद्र प्रकाश शर्मा, कांग्रेस के जनपद सदस्य, पार्षद एवं सरपंच सहित 32 से अधिक जनप्रतिनिधियों ने भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री ने गुना लोकसभा की चंदेरी विधानसभा के ईसागढ़ में यादव समाज सम्मेलन को किया संबोधित

## कांग्रेस ने 13 महीने में गुना क्षेत्र का विकास नहीं किया, हमने तीन महीने से कम समय में 100 से ज्यादा फैसले लिए: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा माताओं-बहनों को सामान दृष्टि से देखती है। दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस माताओं-बहनों को आगे नहीं आने देना चाहती, वह माताओं-बहनों को सम्मान देने में भी कंजूसी करती है। देश में वर्षों तक शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने गरीबी हटाओ का सिर्फ नारा देती थी।

यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चंदेरी विधानसभा के ईशागढ़ में आयोजित यादव समाज सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा और केंद्रीय मंत्री व गुना लोकसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी सम्मेलन को संबोधित किया।

माताओं, बहनों को आगे नहीं बढ़ने देना चाहती कांग्रेस, टिकट देने में भी कंजूसी की



### यह वीरों-बहादुरों की भूमि है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2018 में कांग्रेस को 13 महीने का समय मिला था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने गुना, अशोकनगर की तरफ ध्यान नहीं दिया। हमारे 100 दिन के कार्यकाल में हमारी सरकार ने गुना, अशोकनगर के लिए विश्वविद्यालय के साथ युवाओं को बहुत बड़ी सौगात दी। यह वीरों और बहादुरों का क्षेत्र है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने देश को आगे ले जाने का काम किया

अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ सबके प्रयास से देश को आगे ले जाने का कार्य किया। प्रधानमंत्री देश को विकसित बनाने और विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं।

### कमलनाथ के बयान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने किया पलटवार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के गड़बड़ी वाले मुद्दें पर करारा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में हुई परिवारवाद की गड़बड़ जगजाहिर है। यहां कभी आदिवासी समाज के किसी व्यक्ति को अवसर नहीं मिला। 40 वर्षों में छिंदवाड़ा की माताओं-बहनों की लीडरशिप को आगे आने का अवसर नहीं मिला। 1996 में एक बार अवसर आया तो श्रीमती नाथ को ही टिकट मिला। उन्होंने एक्स में दिए बयान में नाथ से कहा कि आपके विधायक चुने जाने के बाद सांसद की रिक्त सीट पर अपने पुत्र नकुलनाथ को अवसर दिया। छिंदवाड़ा के नौजवानों, किसानों और मजदूरों के हितों पर फिर कुठाराघात हुआ। छिंदवाड़ा के आमजन जानते है कि माफ़ी किसे मांगना चाहिए। माफ़ी उन्हें मांगना चाहिए, जिन्होंने छिंदवाड़ा के लोगों के अधिकारों का हनन किया। छिंदवाड़ा की अस्मिता के संरक्षण के लिए भाजपा ने छिंदवाड़ा के बेटे विवेक बंटी साहू को मौका दिया है। जनता इस बार निश्चित रूप से न्याय करेगी।

### आज दोपहर 3 बजे तक लिए जा सकेंगे नाम वापस

# नाम वापसी के बाद आज होगी तस्वीर साफ

**जबलपुर। लोकसभा चुनाव के लिए अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा गत गुरुवार को की गई जिसमें एक नामांकन पत्र विधि मान्य नहीं पाया गया, जिसे निरस्त किया गया। उसके बाद कुल 21 अभ्यर्थी मैदान में शेष बचे। यूं तो जबलपुर लोकसभा सीट पर हमेशा से भाजपा कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला रहा है। इस बार भी कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर होगी।**

अब देखना यह होगा कि कांग्रेस, भाजपा के अलावा कितने प्रत्याशी मैदान में रहते है। क्योंकि नाम वापसी की अंतिम तिथि आज है। आज नाम वापसी के बाद जबलपुर लोकसभा सीट के लिए तस्वीर साफ हो जाएगी। अभी नामांकन की स्कूटनी के बाद कौन प्रत्याशी मैदान में डटा रहेगा और कौन हटेगा, इसको लेकर स्थिति आज दोपहर 3 बजे के बाद साफ हो जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार




नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का काम पूरा होने के बाद अभ्यर्थियों द्वारा उम्मीदवारी से नाम वापस लिये जा सकेंगे उम्मीदवारी से नाम वापस शनिवार 30 मार्च की दोपहर 3 बजे तक लिये जा सकते हैं। नाम वापसी की इस समय-सीमा के समाप्त होने के बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची तैयार की जायेगी और उन्हें चुनाव चिन्ह आबंटित किये जायेंगे।

## संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की बैठक आज

**जबलपुर।**

जबलपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की बैठक शनिवार 30 मार्च को दोपहर 3 बजे के बाद कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को प्रतीक चिन्ह के आवण्टन की कार्यवाही के तुरंत बाद होने वाली इस बैठक में उम्मीदवारों को आदर्श आचार संहिता सहित निर्वाचन नियमों की विस्तार से जानकारी दी जायेगी तथा निर्वाचन व्यय लेखे के संधारण के बारे में आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया जायेगा। बैठक में निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक भी मौजूद रहेंगे।

### उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के दौरान वाहनों की जांच के लिये नगर निगम जोन क्रमांक-7 में बनाई गई चेक पोस्ट से आकस्मिक निरीक्षण में अनुपस्थित पाये जाने पर कार्यपालन यंत्री कार्यालय हिरन जल संसाधन जबलपुर संभाग में पदस्थ उपयंत्री ए.बी. शर्मा को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया है। उपयंत्री ए.बी. शर्मा को इस चेक पोस्ट पर निगरानी रखने के लिए गठित किये गये स्थैतिक निगरानी दल का प्रमुख नियुक्त किया गया है। उनकी ड्यूटी शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक की पाली में लगाई गई थी। उपयंत्री ए.बी. शर्मा नियंत्रक अधिकारी एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल द्वारा 26 मार्च की शाम 5.30 बजे किये गये आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये थे।



# फुटपाथ में बनी दुकान में सो रहे वृद्ध पर चढ़ी कार, मौत

**जबलपुर।**

रांझी थाना अतंर्गत जल सोधन सयंत्र के सामने कल देर रात 3 बजे के लगभग फुटपाथ में लगी दुकान में सो रहे एक वृद्ध पर बेलगाम कार चढ़ गई। इस हादसे में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई वहीं जल सोधन सयंत्र की बाउण्ड्री वॉल टूट गई। पुलिस ने मौके से कार जब्त कर ली है, जबकि चालक घटना के बाद फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमति रानी जैन की फुटपाथ की दुकान में वृद्ध काम करता था। कल रात दुकान में ज्यादा काम होने के कारण जल सोधन सयंत्र निवासी 60 वर्षीय ईश्वर सिंह पंजाबी वहीं दुकान में सो गया था, तभी देर रात 3 बजे तेज आवाज सुनकर रानी जैन ने अपने घर से बाहर निकलकर देखा तो एक सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी 20 सीएच 4276 के चालक ने उसकी दुकान की बांस बल्ली तखत को तोड़ते हुए ईश्वर सिंह पंजाबी के ऊपर गाड़ी चढ़ाते हुए जल सोधन सयंत्र की बाउण्ड्री से टकरा गया, जिससे गाड़ी वहीं रुक गई। वहीं ईश्वर सिंह पंजाबी के सिर पर अधिक चोटें आ जाने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक के विरूद्ध धारा 304 ए अपराध पंजीबद्ध कर मौके से कार को जब्त कर लिया है। वहीं कार चालक फरार मौके से फरार हो गया।

# जबलपुर ने खेली समरसता की होली

### 3 किमी की समरंग शोभायात्रा में फूलों से पटा यात्रा मार्ग

**जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन के होली मिलन शुक्रवार को आयोजित किया गया। संगठन की समरस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुये। छोटा फुहारा से प्रारंभ शोभायात्रा का विराम डीएनजैन कॉलेज मैदान में रंगारंग आयोजनों के साथ हुआ। सबरंग शोभायात्रा का श्रीगणेश छोटा फुहारा स्थित रामजानकी मंदिर में प्रभु श्रीराम और माता सीता के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। पूजन में नगर के सभी संतवृंद उपस्थित थे। वैदिक मंत्रोच्चार और स्वस्ति वाचन के बीच समरसता सेवा संगठन के आध्यक्ष संदीप जैन ने सभी संतों का स्वागत-पूजन किया और फिर सभी को रथ पर आसनस्त कराया। छोटा फुहारा से प्रारंभ शोभायात्रा



मिलौनीगंज, तमरहाई, कोतवाली, सराफा, कमानिया, फुहारा, लार्डगंज, सुपर बाजार, श्याम टाकीज होते हुए डीएनजैन कॉलेज पहुंची। शोभायात्रा की अगवानी कर रहे पूज्य संत जगतगुरु सुखाचर्य स्वामी राघवदेवाचार्य, स्वामी कालिकानंद महाराज, स्वामी अखिलेश्वरानंद , स्वामी चैतन्यान्नद, स्वामी अशोकानंद, स्वामी राधे चैतन्य, पं वासुदेव शास्त्री, पं रोहित दुबे ने अपने रथ से संस्कारधानी के जनसमुदाय पर पुष्प वर्षा की साथ ही सामाजिक संगठनों के मंचो से लोगो ने संतो और शोभायात्रा में सम्मिलित लोगो पर पुष्प वर्षा करते हुए फूलो की होली मनाई।

### आसमान पर छाये बादलों के बीच बारिश की संभावना

# मौसम में एक बार फिर बदलाव के आसार

**जबलपुर।**

मौसम एक बार फिर अपने मिजाज बदलने को आतुर है। अरब सागर से आ रही नमी भरी हवाओं के साथ बादलों ने आमद दर्ज कराई। बादलों की बसाहट से तापमान में आंशिक उछाल आया। वहीं दिन में चली दक्षिणी हवाओं से गर्मी और शाम को चली उत्तरी हवाओं से ठण्डक का अहसास हुआ। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अगले 24 घंटों के दौरान फिर मौसम में बदलाव के आसार हैं। अगले 24 घंटों मे एकाध दफा फिर बेमौसम बारिश हो सकती है। पश्चिमी राजस्थान के ऊपर बने हवा के कम दवाब की वजह से कल शाम शहर में बादल छाए और तेज हवाएं चली। इस बीच 9 किलो मीटर की रफ्तार से चलीं हवाओं ने शहर में पतझड़ का मौसम बना दिया। पेड़ों पर पके पत्ते टूटकर हवा में उड़ने लगे। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोप का असर अभी



बना हुआ है। वहीं शुक्रवार को इस सीजन का सबसे अधिक 40.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। यानि शुक्रवार सीजन का सबसे गर्म दिन रहा।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की वजह से अरब सागर से नमी भरी हवाओं के साथ बादलों की आमद ही गई है, वहीं राजस्थान के ऊपर एक बार फिर चक्रवात बनने से हवा के कम दबाव वाला क्षेत्र बन रहा है। जिससे मौसम में बदलाव के आसार बन रहे हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 49 प्रतिशत और सायंकाल 33 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.03 बजे और सूर्यास्त शाम 6.25 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 42.5 डिग्री तापमान दमोह जिले में दर्ज किया गया। दिन में दक्षिणी हवाएं 9 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं, जबकि रात में दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 2 से 3 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकतीं हैं। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री और न्यूनतम 18.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## प्लाट आवंटन से जुड़े विवाद का निराकरण आयुक्त राजस्व संभाग जबलपुर करें : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने बहुचर्चित ट्रांसपोर्ट नगर चंडाल भाटा में वर्षों पुराने प्लाट आवंटन से जुड़े विवाद का निराकरण करने की जिम्मेदारी अब आयुक्त राजस्व संभाग जबलपुर को सौंपी है। हाईकोर्ट ने कहा कि आयुक्त संक्षिप्त जांच के बाद प्लॉट के उपयुक्त हकदार तय करने के बाद रिपोर्ट निगमायुक्त को सौंपें। निगमायुक्त प्लॉट पर अवैध कबजेधारियों और अतिक्रमणकारियों को हटाने के बाद संभागायुक्त की रिपोर्ट के अनुसार वास्तविक हकदार को प्लॉट का आवंटन करें। जस्टिस शील नागू व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने इस पूरी प्रक्रिया को अधिकतम 4 माह में निपटाने के निर्देश दिए। मामले को लेकर जबलपुर गुड्स ट्रांसपोर्ट (टेक्नीक) एसोसिएशन के योगेन्द्र सिंह ठाकुर, महेन्द्र सिंह ठाकुर व अन्य की ओर से दायर की गई थी। याचिका में कहा गया कि सर्वे नंबर 153 व 154 में कुछ प्लॉट अपात्रों को आवंटित किए गए हैं। इनकी जांच कराई जाए और सही हकदार को आवंटित किए जाएं। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि संभागायुक्त उक्त सर्वे नंबर के प्लाटों पर सदस्यों से दावे आमंत्रित करें। सभी को सुनवाई का अवसर देते हुए उनके दावों पर विचार कर सही हकदारों की रिपोर्ट तैयार कर नगर निगम को सौंपें।

## प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने पर चार कर्मचारी निलंबित 13 को कारण बताओ नोटिस

**जबलपुर।**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तहत मतदान कर्मियों के पहले चरण के प्रशिक्षण से पहले दिन अनुपस्थित रहे चार कर्मचारियों को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, वहीं 13 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर संतोष जनक जवाब न मिलने पर असंचयी प्रभाव से एक-एक वेतन वृद्धि रोकने की चेतावनी दी गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ने प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने पर जिन कर्मचारियों को निलंबित किया है, उनमें कार्यालय कार्यपालन अभियंता परि. संभाग एक मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कम्पनी में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता अरूण कुमार पाण्डेय, कार्यालय संयुक्त संचालक रोजगार संचालनालय में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन श्रीमती कल्पना बागडे, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कम्पनी के मुख्य अभियंता कार्यालय में पदस्थ अतिरिक्त कार्यालय सहायक सुबीर कुमार डे तथा मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहर संभाग में पदस्थ परिक्षण सहायक फिरोज अहमद अंसारी शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इन कर्मचारियों के निलंबन की कार्यवाही निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के तहत की है। निलंबित कर्मचारियों को निलंबन काल के दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय सिहोरा से संबद्ध किया गया है। चार कर्मचारियों को निलंबित करने के अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिन तेरह कर्मचारियों को प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है, उनमें वाणिज्यिक कर कार्यालय के सहायक ग्रेड तीन वैभव रंजन तिवारी और राहुल पैगवार एवं सहायक ग्रेड एक श्रीमती ज्योति शंकल्या, खेल एवं युवक कल्याण विभाग की सहायक गेड तीन श्रीमती रूचि बिना, मेडीकल कॉलेज के सहायक यंत्री डॉ. रविन्द्र कुमार विश्नोई एवं सहायक ग्रेड तीन विनोद सेमुअल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन आकाश गुप्ता, दिनेश गोस्वामी, श्रीमती विनिता विलियम एवं संगणक श्रीमती शिवकुमारी किरार, संभागीय कार्यालय माध्यमिक शिक्षा मण्डल में पदस्थ आपरेटर विशाल भिलमा, शासकीय विद्यालय बेलखाडू में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक श्रीमती ऋचा मुछारिया तथा कन्या विद्यालय ब्यौहारबाग की प्रयोग शाला सहायक श्रीमती भानुश्री द्विवेदी शामिल है।



## कलेक्टर व एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**जबलपुर।**

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने एसएसटी जांच नाकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान भानतलैया, शहीद अब्दुल हमीद चौक, अधारताल, आईटीआई और आईएसबीटी स्थित एसएसटी जांच नाकों पर पहुंचकर एसएसटी टीम द्वारा की जा रही कार्यवाहियों को देखा तथा टीम के सदस्यों से कहा कि वाहनों की सक्रियता से जांच करें, विशेष रूप से संदिग्ध वाहनों की सघन जांच करें। वाहनों में कैश, लिकर, फ्रीबीज व अन्य अवैध परिवहन की प्राथमिकता से जांच करें और जब्ती बनायें। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिये टीम अपने दायित्वों का निर्वहन सही तरीके से करें इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शासकीय प्राथमिक बालक शाला अधारताल और सुहागी के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी के साथ मतदान दल के सदस्य व ऐजेंट कहां बैठेंगे, इसके साथ ही पोलिंग बूथ कहां बनेगा, यह पहले से सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि कुछ मतदान केन्द्रों में बेवकास्टिंग किया जायेगा अतः कैमरा कहां लगाना है यह भी पहले से सुनिश्चित कर लें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र में किये जाने वाली सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे अधिकारी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना ने पीएसएम कॉलेज में चल रहे मतदान दल के प्रशिक्षण को देखा। इस दौरान उन्होंने मतदान दल के सदस्यों से कहा कि सही ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करें। जहां कहीं भी कुछ संचय या भ्रम समझ में आता है वहां निःसंकोच पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि यदि प्रशिक्षण सही ढंग से प्राप्त कर लेते है तो चुनाव कार्य में गलती की संभावना नहीं होती है। सक्सेना ने कहा कि चुनाव कार्य में समय का बहुत महत्व होता है, अतः अपने दायित्वों का समय पर निर्वाहन करें। सामग्री वितरण के समय समय पर पहुंचे और निर्वाचन सामग्री प्राप्त करें, सामग्री की जांच करें कि जो आवश्यक सामग्री है वे छूटी तो नहीं।

# टैक्स जमा करने 2 दिन शेष

### शुक्रवार को जमा हुये ढाई करोड़ से अधिक

**जबलपुर।**

शहर के करदाताओं के पास बकाया करों की राशि 31 मार्च तक जमा कर अधिभार से बचने के लिए अब मात्र 3 दिन शेष बचा है। 3 दिन के उपरांत यानी 1 अप्रैल 2024 से समस्त बकाया करों की राशि पर दो गुना अधिभार लगाकर करदाताओं से करों की वसूली की जायेगी। 31 मार्च तक समस्त बकाया करों की राशि जमा कर अधिभार के साथ-साथ अप्रिय कार्यवाही से बचें। करदाताओं की सुविधा के लिए अवकाश दिवस में भी मुख्यालय सहित सभी 16 संभागीय कार्यालय खुले रहेगें।

लीज नामांतरण एवं नवीनीकरण की राषि जमा करने बार-बार नोटिस जारी किया गया एवं अंतिम नोटिस 7 दिवस के भीतर राषि जमा करने जारी किया गया था, परन्तु लीज नामांतरण एवं नवीनीकरण अभी तक नहीं



कराया गया है, उन्हे 24 घंटे का नोटिस जारी किया गया है, यदि 24 घंटे के अंदर राषि जमा नहीं की जाती है तो 1 अप्रैल से तालाबंदी एवं कड़ी कार्रवाई की जायेगी, जिसकी जबावदारी लीज धारक की होगी।

शुक्रवार को 7600 करदाताओं ने 2 करोड़ 69 लाख रूपये से अधिक की राशि निगम खजाने में जमा की है। जानकारी के मुताबिक 90 नागरिकों ने अपनी नई सम्पत्ति दर्ज कराकर टैक्स जमा किया। 1 अप्रैल के पूर्व जिन करदाताओं द्वारा नई सम्पत्ति प्लाट, मकान, फ्लेट, डयूप्लेक्स एवं अन्य सम्पत्ति खरीदी है उसे स्वकर विवरणी भरकर रजिस्ट्री आधारकार्ड एवं मोबाईल नम्बर के आधार पर टैक्स में दर्ज करा सकते हैं। 1 अप्रैल से राशि दो गुना हो जायेगी जिसमें आने वाली लोक अदालत में भी राहत नहीं मिलेगी।

## जबलपुर सहित अन्य शहरों के लिए बने टीडीआर कौंसिल

**जबलपुर।** चौड़ी सड़क, स्कूल, हेल्थ सेंटर, पार्किंग या अन्य सार्वजनिक कार्यों के मास्टर प्लान या क्षेत्रीय विकास योजनाओं के लिए आवश्यक भूमि के हेतु मध्यप्रदेश में ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राईट (टीडीआर) नियम वर्ष 2010 में ही बनाए गए हैं, लेकिन पिछले 14 वर्षों से इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है। अतः प्रदेश में टीडीआर कौंसिल का गठन किया जाए, जो जबलपुर, भोपाल, इंदौर तथा ग्वालियर सहित अन्य शहरों के लिए टीडीआर नियमों पर कार्य करेगी। यह मांग नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने नगरीय विकास एवं आवास मंत्रालय के मंत्री एवं प्रमुख सचिव को पत्र भेज कर की है। ड़ॉ पीजी नाजपांडे ने बताया जबलुपर में विकास योजनाओं के तहत आवश्यक भूमि हेतु भू-स्वामियें को डेवलपमेंट राईट सर्टिफिकेट (डीआरसी) जारी नहीं हुए है, नतीजन मास्टर प्लान के तहत चौड़ी सड़कों तथा लेफ्ट टर्न के लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण नहीं हुआ है, बहुत सारे तालाबों में निजी भूमि होने के कारण उनका संरक्षण नहीं हुआ, ऐसी स्थिति में डीआरसी जारी कर जलाशयों का संरक्षण किया जाना चाहिए।

## कृष्ण जन्मोत्सव जमकर थिरके भक्त

# धर्म की रक्षा के लिए भगवान लेते हैं अवतार: वेदांत महाराज




**जबलपुर।** जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं उक्त उद्गार छिदरी पौड़ी ग्राम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास आचार्य पंडित वेदांत जी महाराज ने व्यक्त किये। इसके पूर्व व्यास पीठ का पूजन सुनील सिंह राजपूत दीपक सिंह एवं राजपूत परिवार द्वारा किया गया। तत्पश्चात कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष में भागवत कथा प्रवक्ता ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्तों का उद्धार व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया था। श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग व उनके जन्म लेने के गूढ़ रहस्यों को कथा व्यास ने बेहद संजीदगी के साथ सुनाया। कथा प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। कथा व्यास ने आगे खचाखच भरे प्रवचन पंडाल में उपस्थित भक्तों के बीच प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए।

श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्रवचन स्थल फूल मालाओं से सजाया गया भगवान श्री कृष्ण का जन्म होते ही जय जयकार की ध्वनि से सम्पूर्ण पंडाल गूंजायमान हो गया।

### श्रीमद्भागवत कथा देवी महिमा का श्रीगणेश

## डॉ. स्वामी मुकुंददास महाराज ने किया नवरात्रि पूजन



पत्रकार कॉलोनी, रानीताल में श्रीमद्भागवत कथा देवी महिमा रहस्य चिंतन कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। तीन अप्रैल तक आयोजित आयोजन के प्रथम दिवस पर गुरुवार को पहले दिन कथा व्यास गुप्तेश्वर पीठाधीश्व गुरुदेव डॉ. स्वामी मुकुंददास महाराज ने श्री कपिल उपाख्यान, व्यास द्वारा नवरात्रि विधि पूजन किया गया। शुक्रवार को गौरी पार्वती जन्म, श्री प्रहलाद कथा, आदि शक्ति भगवती महिमा पर कथा व्यास डॉ. स्वामी मुकुंददास महाराज अपना आर्शीवचन देंगे।



# सजदे में झुके सिर, मांगी दुआएं

**जबलपुर।** पवित्र माह रमजान शरीफ के तीसरे जुमे के मौके पर दोपहर 1.30 बजे शहर की 100 से ज्यादा मस्जिदों, नमाजगाहों में हजारों की तादाद में मुस्लिम बुजुर्गों, नौजवानों व मासूम बच्चों ने नमाज अदा की। नमाज के पूर्व इमाम साहब ने जुमा का खुत्बा पढ़ा एवं नमाजोपरान्त मुल्क और शहरे जबलपुर में अमन शांति और खुशहाली की दुआएं मांगी। मंडी मदार टेकरी स्तिथ जामा मस्जिद अहले क़ुरेश, नूरानी मस्जिद ठक्कर ग्राम, मस्जिदे हनफिया बहोराबाग, नगीना मस्जिद गोहलपुर, सुलेमानी मस्जिद मोतीनाला, मस्जिद अलफबेग मन्सूराबाद, यक्रिनिया मस्जिद ढलगर मुहल्ला, जामा मस्जिद ओमती, बंगाली मस्जिद नया मुहल्ला, मस्जिद रशिदगंज नया मुहल्ला, जामा मस्जिद अंधेरदेव, औलिया मस्जिद चन्डाल भाटा सहित अनेक मस्जिदों में मुस्लिम बंधुओं ने बड़ी तादाद में जुमा की नमाज अदा की। बड़े बुजुर्गों ने आगे की पंक्तियों में एवं मासूम बच्चों ने पीछे की पंक्तियों में नमाज अदा की। शिया मुस्लिमों ने फूटाताल स्थित जामा मस्जिद जाकीर अली में बड़ी तादाद में जुमा की नमाज अदा की। छावनी क्षेत्र सदर की जामा मस्जिद तथा उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा, रामपुर व रांझी की मस्जिदों में भी जुमा की नमाज अदा की गई।

# किशन मिश्रा ने बाइक एडवेंचर यात्रा के साथ किया एंथ्रोपोलॉजी का अध्ययन



**जबलपुर।** पेशे से साफ्टवेयर इंजीनियर किशन मिश्रा साहसिक काम करने के लिए हर समय तत्पर रहते हैं। साहसिक काम में वे मानवशास्त्र या नृविज्ञान या एंथ्रोपोलॉजी को जोड़ कर एक अद्भुत समन्वय स्थापित कर लेते हैं। किशन मिश्रा पिछले दिनों 6000 किलोमीटर की अकेले यात्रा कर वापस आए हैं। इस यात्रा को उन्होंने अकेले अपनी बाइक में 32 दिनों में पूरा किया।त्रिमूर्ति नगर निवासी अशोक कुमार मिश्रा के पुत्र किशन ने अपनी यात्रा जबलपुर से शुरु की थी। उन्होंने नौ राज्यों से गुजरते हुए पिछले दिनों यात्रा का समापन जबलपुर में किया। किशन ने छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, बंगाल, असम, सिक्किम, मेघालय व उत्तरप्रदेश में मानव, उसकी अनुवांशिकी, संस्कृति और समाज की वैज्ञानिक और समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से अध्ययन किया।

### रानी दुर्गावती शोध संस्थान की बैठक में हुआ विचार विमर्श

# वीरांगना के नाम किया जाए डुमना एयरपोर्ट



**जबलपुर।** रानी दुर्गावती शोध संस्थान की एक बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में शोध संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर पवन स्थापक, सचिव डॉक्टर अतुल दुबे एवं राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई और संस्थान के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में कहा गया कि यह वीरांगना रानी दुर्गावती का 500वां जन्म वर्ष है जिसे पंच सती समारोह के रुप में मना रहे है। बैठक में इस बात की चर्चा की गई कि डुमना हवाई अड्डे का नामकरण वीरांगना के नाम किया जाए। इसको लेकर स्थानीय, प्रादेशिक व केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा करने की योजना पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कहा गया है कि संस्थान के 5 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं इस पर आईसीएसएसआर और आईसीएचआर से संबंधित शोध परियोजनाएं तैयार कर अकादमी कार्य करने योजना पर सहमति बनी। नीति आयोग से रानी दुर्गावती शोध संस्थान को संबद्ध किये जाने की मांग की जाए, साथ ही आगामी 5 अक्टूबर 2024 को रानी दुर्गावती के जन्मोत्सव पर भारतवर्ष की अलग-अलग क्षेत्र से संबंधित 500 महिलाओं को सम्मानित करने की भी रचना भी तैयार की गई जिसमें राष्ट्रपति एवं राज्यपाल साथ ही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और जनजातीय क्षेत्र के मंत्री से संपर्प करने की योजना तैयार की गई। रानी दुर्गावती शोध संस्थान को राष्ट्रीय समाज विज्ञान बड़े संस्थानों से रूपांतरित कर एक शोध केंद्र बनाने की योजना तैयार की गई।

### रन फॉर डेमोक्रेसी व अहिंसा रन का आयोजन कल

# विश्व कीर्तिमान बनाने दौड़ेगा पूरा जबलपुर

**जबलपुर।** मतदाता जागरूकता के लिये रन फॉर डेमोक्रेसी और जीओ और जीने दो का संदेश लेकर कल 31 मार्च रविवार को अहिंसा रन का आयोजन जिला प्रशासन, नगर निगम तथा जीतो परिवार के तत्वाधान में किया जा रहा हैं। प्रतिवर्षानुसार होने वाले अहिंसा रन में इस बार रन फॉर डेमोक्रेसी को जोड़कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का एक अभिनव कार्ययोजना तैयार की गई। मतदाता जागरूकता के इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन, नगर निगम तथा जीतो परिवार के संयुक्त तत्वाधान में अहिंसा के मार्ग पर विश्व में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने तथा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 19 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान करने पर जोर दिया जायेगा। जीतो जबलपुर चैप्टर के अध्यक्ष राजेश जैनु, सचिव राहुल बड़कुल, कॉडिनेटर आशीष कोठारी संजीव चौधरी ने बताया कि शहर को स्वच्छ रखने के लिये स्वच्छता अभियान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने आगामी 31 मार्च को जबलपुर में रन का भव्य आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में शामिल होने जा रहे जबलपुर के सभी आयु वर्ग, धर्म, संस्कृति के महिला-पुरुष धावकों के स्वागत के लिए आयोजन के मार्ग पर आकर्षक रंगोली सजाई जायेगी, जगह-जगह स्वागत के लिए मंच एवं मनोरंजक सुविधाएं रहेंगी, जहां पर रन फॉर डेमोक्रेसी, स्वच्छता एवं अहिंसा परमो धर्म की धुन के बीच धावक उत्साह और भरपूर उमंग के साथ दौड़ेंगे तथा मतदान, अहिंसा और स्वच्छता का संदेश देगें।

# वीयू में अनुसूचित वर्ग हेतु मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. सीता प्रासाद तिवारी के मार्गदर्शन में अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत, सयुक्त पशुधन प्रक्षेत्र में एक दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। अनुसूचित वर्ग के आर्थिक उत्थान एवं उन्हें मुर्गी पालन से जोड़ने के उद्धेश्य से कुक्कुट विज्ञान विभाग द्वारा, ना.दे.प.चि.वि.वि. जबलपुर में मुर्गी पालन में प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाए/पुरुषो एवं युवाओं ने सक्रिय भाग लिया। इस कार्यक्रम के तहत लगभग 65 मुर्गीपालक लाभान्वित हुए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का संयोजन एवं समन्वयन डॉ. वैशाली खरे, शिवांगी शर्मा, भावना अहरवाल, प्रमोद शर्मा ने किया।

# गुडफ्राइडे पुनरुत्थान की यात्रा की शुरुआत



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक क्रिश्चियन मंच के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन एवं संयोजक जेम्स एंथोनी ने बताया कि एक समय था जब मनुष्य सैतान के द्वारा दूषित और पाप से परिपूर्ण हो गया था, ईश्वर को अच्छा नहीं लगा तब ईश्वर ने निर्णय लिया कि वह मनुष्यों को पाप से मुक्ति दिलाने के लिए खुद मनुष्य बनकर मुक्तिदाता बनेगा और इस प्रकार ईश्वर खुद ईश्वर के पुत्र के रूप में इंसान बनकर इंसानों की मुक्ति के लिए खुद का बलिदान करने आया। क्योंकि आदिपाप केवल या सिर्फ और सिर्फ निष्कलंक एवं निर्दोष लहू से मिट सकता था और ईश्वर को सारी दुनिया में निष्कलंक और निर्दोष मेमना सिर्फ उसका बेटा प्रभु येसु ख्रीस्त ही लगा, जिसका रक्त बहाने से और अपने प्राण का बलिदान करने से मानव मुक्ति संभव थी। ज्ञात रहे की सैतान के बहकावे में और पाप में पड़ने के कारण मनुष्य ईश्वर के लिये शारीरिक और आत्मिक दोनों रुप से मर गया था और इसके साथ साथ ईश्वर के द्वारा दिया गया अनन्त जीवन भी समाप्त हो चुका था, जो प्रभु येशु मसीह के दुख भोग, मृत्यु तथा पुनरुत्थान द्वारा पुनः शुरू हो गया। आज गुडफ्राइडे है जो मानव मुक्ति हेतु येशु ने मरकर खुद अपना बलिदान दिया और तीसरे दिन अथार्थ ईशटर संडे को वे सहशरीर जीवित हो गये जो हम संडे को ईशटर के रूप में मनाएंगे। इस अवसर पर संगठन के रॉबर्ट मार्टिन, जेम्स एंथोनी, क्लेमेंट पायस, फ्रांसिस एंथोनी, एनोस विक्टर आदि उपस्थित रहे।

## खेली फूलों की होली लगाया गुलाल

**जबलपुर।** शुभ विवाह विप्र समाज संस्था का रंगोत्सव कार्यक्रम शुक्रवार को संस्था की प्रमुख सदस्या श्रीमति आरती अंकित दुबे के निवास स्थान में संपन्न हुआ। सभी सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाए और फूलों की होली खेली गई। इस कार्यक्रम में कटनी, समनापुर डिंडौरी, भेड़ाघाट, पनागर, ब्रम्ह स्थान करौंदी पान उमरिया से संस्था के सदस्य गणों का आगमन हुआ। संस्था आप सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद प्रेषित करती है। इस अवसर पर संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामाधार प्यासी, सचिव विभव त्रिपाठी , सहसचिव प्रशांत पाठक, कोषाध्यक्ष किशोर कुमार तिवारी आदि की उपस्थिति रही ।

### हनुमान जन्मोत्सव की बैठक आज

**सिहोरा।** इस वर्ष 23 अप्रैल को होने वाले हनुमान जन्मोत्सव की विशाल वाहन रैली एवं हिंदू नव वर्ष की भव्यता हेतु हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में एक वृहद बैठक का आयोजन आज 30 मार्च शनिवार को शाम 8 बजे से शक्ति संस्थान परिसर,संघ कार्यालय के सामने किया जा रहा। समिति ने सभी युवाओं,बुजुर्गो जाति बिरादरी संगठनों, सामाजिक संगठनों, दुर्गोत्सव समितियों, राजनैतिक संगठनों, धार्मिक संगठनों से इस बैठक में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

# हिन्दू एकता परिषद् की गदा यात्रा कल



**जबलपुर।** हिन्दू सेवा परिषद् के स्थापना दिवस एवं हिन्दू नव संवत्सर 2081 के उपलक्ष्य में आगामी कल 31 मार्च रविवार को गदा यात्रा एवं हिन्दू धर्म सभा का आयोजन किया जा रहा है। परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी, महानगर अध्यक्ष गौरव साहू एवं प्रचार प्रसार प्रमुख नितिन सोनपाली ने बताया कि 31 मार्च 2024 दिन रविवार को दोपहर 2 बजे नौदरा ब्रिज स्थित श्री हनुमान के मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर करमचंद चौक, तुलाराम चौक, अंधेरदेव, खजांची चैक, फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट, मालवीय चैक, तीन पत्ती होते हुये पुन श्री हनुमान मंदिर नौदरा ब्रिज में धर्मसभा के रूप में परिणीत होगी। यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व हनुमान जी के मंदिर में संस्कारधानी के समस्त संतो की अगुवाई में महाआरती कर भगव ध्वज दिखाकर गदा यात्रा प्रारंभ की जायेगी। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य वक्ता श्रीमती काजल हिन्दुस्तानी कार्यक्रम में उपस्थित होंगी, विशिष्ट अतिथि के रूप में हिन्दू जनजागृति के प्रचारक आनंद जाखोटिया पधारेंगे परिषद के अतुल जेसवानी, गौरव साहू, नितिन सोनपाली, सौरभ जैन, धीरज ज्ञानचंदानी, उत्कर्ष रावत, अक्षय झा आदि ने सभी से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## वन भूमि में अवैध खनन का मामला

# संदिग्ध परिस्थिति में खड़ी पोकलेन मशीन जप्त




**सिहोरा।** खनिज संपदा से लवरेज सिहोरा तहसील में खनिज माफियो के हौसले कितने बुलंद हैं इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है की वन विकास निगम की आरक्षित भूमि से भी अवैध उत्खनन बदस्तूर जारी है। वन भूमि में अवैध उत्खनन तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है, इस पर रोक लगाने के लिए प्रशासन की मुस्तैदी भी खनिज माफिया के बुलंद हौसलों के आगे न काफी साबित हो रही है।शिकायतें वन राजस्व एवं खनिज विभाग के अधिकारियों के पास पहुंची है लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण भारी भरकम मशीनो से किये जा रहे उत्खनन से न केवल राजस्व क्षति हो रही बल्कि वन एवं वन्य प्राणियों के जीवन पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

### जौली में हो रहा था अवैध उत्खनन

ताजा मामला सिहोरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सैलवारा के ग्राम जौली का प्रकाश में आया है। जौली ग्राम के जंगल में बहुमूल्य खनिज रेड ऑक्साइड के अवैध उत्खनन की सूचना पर वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पहुंचकर कार्यवाही करते हुए संदिग्ध परिस्थिति में खड़ी पोकलेन मशीन जब्त करते मामला कायम करते विवेचना में लिया है। विभाग की इस कार्रवाई में अन्य अधिकारियों के साथ वन विभाग कुंडम के रेंजर महेश कुशवाहा,निशांत चौहान,चन्द्र शेखर शुक्ला, विवेक धुर्वे के शामिल होने की जानकारी मिली है।

### क्या है मामला

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जंगल के बीच में खनिज माफिया द्वारा 16 बाई 6 का एक बड़ा गड्ढा कर रेड ऑक्साइड का अवैध उत्खनन किया गया है जिसकी कीमत भी बाजार में बहुत होती है। वहीं कारो पानी परियोजना अधिकारी वन विकास निगम मनीष रार ने बताया कि कारो पानी परियोजना क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध परिस्थिति में खड़ी पोकलेन मशीन जप्त की गई है उसके चक्के के निशान उत्खनन किए गए गड्ढे के पास पाए गए निशाने से मिलान कर विस्तृत जांच की जा रही है।

### स्थानीय लोगों ने की जांच की मांग

ज्ञात हो कि रेड ऑक्साइड समृद्ध इस जंगल में अवैध उत्खनन की खबरें आती रहती हैं, लेकिन उचित प्रबंधन ना होने से बहुमूल्य धातु रेड ऑक्साइड का इसी तरह अवैध उत्खनन का खतरा बना रहता है अतः क्षेत्र वासियों की अपेक्षा है कि प्रशासन इस विषय की गंभीरता से लेते हुए उचित कार्यवाही करे।

**इनका कहना है**

कारो पानी परियोजना क्षेत्र अंतर्गत पोकलेन मशीन जप्त की गई है मामले की विस्तृत जांच जारी है

**मनीष रार**
प्रभारी परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी




**श्री अंकित वर्मा-** कंचनपुर अधारताल निवासी श्री राजेश वर्मा के पुत्र श्री अंकित वर्मा (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पद्मा ज्योति बाई-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री नंद गोपाल की धर्मपत्नी श्रीमती पद्मा ज्योति बाई (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती आशा खत्री-** शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री भगवानदास खत्री की धर्मपत्नी श्रीमती आशा खत्री (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अवधपुरी ठाकुर-** मर्सी कम्पाउंड प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री अवधपुरी ठाकुर (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शिव शंकर सक्सेना-** छापर विजयनगर रामपुर निवासी श्री शिव शंकर सक्सेना (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पुष्पराज यादव-** अहीर मोहल्ला गोरखपुर गुरूद्वारा के पास निवासी श्री पुष्पराज यादव (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विनोद कुमार झा-** नारायण नगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री विनोद कुमार झा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री ममता प्रजापति-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री नीलकंठ प्रजापति की पुत्री सुश्री ममता प्रजापति (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री वीरेंद्र कुमार कटारिया-** चांदमारी टेस्टिंग रोड लालमाटी निवासी श्री वीरेंद्र कुमार कटारिया (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी प्रजापति-** गोपाल होटल सिद्धबाबा रोड निवासी श्री दौलत प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी प्रजापति (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुभद्रा दुबे-** कृष्णा नगर ग्रीन सिटी रोड निवासी श्री छत्तर सिंह दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती सुभद्रा दुबे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक राजपूत-** शीतलामाई मंदिर के पास निवासी श्री दीपक राजपूत (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव-** एमआईजी 14, साउथ सिविल लाइन निवासी श्री केशव प्रसाद श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गुलाब बाई गुप्ता-** गंगाराम का बाड़ा शीतलामाई निवासी श्री सुंदर लाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती गुलाब बाई गुप्ता (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती फूलमति अवस्थी-** गुप्तेश्वर निवासी श्री लक्ष्मी नारायण अवस्थी की धर्मपत्नी श्रीमती फूलमति अवस्थी (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राम बाई चौधरी-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री रामफल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई चौधरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पार्वती धोटेकर-** ब्यौहारबाग निवासी श्री लाजपत राव धोटेकर की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती धोटेकर (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीना हंसा-** लालमाटी सेठ गोविंददास वार्ड निवासी श्री सुरेश हंसा की धर्मपत्नी श्रीमती मीना हंसा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गणेश प्रसाद धानुक-** तिलहरी फेस 1 निवासी श्री गणेश प्रसाद धानुक (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चम्पा बाई चक्रवर्ती-** भानतलैया निवासी श्री धनीराम चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती चम्पा बाई चक्रवर्ती (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्रीपाद डेगवेकर-** अधारताल निवासी श्री श्रीपाद डेगवेकर (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# 1 अप्रैल से एनपीएस से लेकर ईपीएफओ तक के नियमों में होगा बदलाव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्तीय वर्ष 2023-24 अपने आखिरी दौर में है। ऐसे में नए वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ ही कई ऐसे नियम हैं जो बदलने वाले हैं। यह आम लोगों की जेब पर सीधा असर डालेंगे।

इसमें एनपीएस में लॉग इन रूल्स से लेकर फास्टैग केवाईसी से जुड़े नियम शामिल हैं। पेंशन नियामक ने एनपीएस खाते में लॉग इन के नियमों में बदलाव कर दिया है। अब आपको एनपीएस खाते में लॉग इन करने के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड के अलावा आधार से जुड़े मोबाइल नंबर की जरूरत भी पड़ेगी। अब आपके आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा जिसे दर्ज करने के बाद ही आप एनपीएस खाते में लॉग इन कर पाएंगे। यह नियम 1 अप्रैल से लागू हो जाएगा।

## नियम आम लोगों के जेब पर डालेंगे सीधा असर, एनपीएस के खातों में लॉग इन के नियमों में होगा परिवर्तन

### नौकरी बदलते ही खाता नियोक्ता के पास होगा ट्रांसफर

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नियमों में 1 अप्रैल से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब नौकरी बदलने की स्थिति में कर्मचारी का ईपीएफओ खाता खुद-ब-खुद नए नियोक्ता के पास ट्रांसफर हो जाएगा। पहले खाताधारकों की रिक्वेस्ट पर ही खाते को ट्रांसफर किया जाता था।

### एसबीआई के क्रेडिट, डेबिट कार्ड नियम में बदलाव



देश के सबसे बड़े सरकार बैंक ने अपने करोड़ों ग्राहकों को झटका देते हुए अलग-अलग डेबिट कार्ड का सालाना मेंटेनेंस चार्ज को बढ़ाने का फैसला किया है। यह नियम 1 अप्रैल से लागू हो जाएगा। इसके साथ ही बैंक ने क्रेडिट कार्ड यूजर्स को भी झटका देते हुए रेंट पेमेंट पर मिलने वाले रिवार्ड प्वाइंट को 1 अप्रैल से बंद करने का फैसला किया है। यस बैंक ने अपने क्रेडिट कार्ड के नियमों में बदलाव करने का फैसला किया है।

*इंश्योरेंस के नियमों में होने जा रहा बदलाव :* इंश्योरेंस सेक्टर में भी 1 अप्रैल से बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इरडा ने नियमों में बदलाव करते हुए सरेंडर वैल्यू के नियम को बदल दिया है। अब ग्राहक जितनी देर से पॉलिसी को सरेंडर करेंगे उन्हें उतनी ज्यादा सरेंडर वैल्यू मिलेगी। 3 साल के अंदर पॉलिसी सरेंडर करने पर आपको मूल्य से कम सरेंडर वैल्यू मिलेगी। वहीं 4 से 7 साल के अंदर पॉलिसी सरेंडर करने पर सरेंडर वैल्यू पर कुछ बढ़त हो सकती है।

*न्यू टैक्स रिजीम होगा डिफॉल्ट ऑप्शन :* इनकम टैक्स के नियमों में 1 अप्रैल से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब न्यू टैक्स रिजीम डिफॉल्ट टैक्स रिजीम हो जाएगा। ऐसे में अगर आप पुराने और नए टैक्स रिजीम में से किसी एक का चुनाव नहीं करते हैं तो आपका आईटीआर नए टैक्स रिजीम के तहत फाइल हो जाएगा। न्यू टैक्स रिजीम के तहत आपको 7 लाख रुपए की इनकम पर एक रुपए भी टैक्स नहीं देना है।

*फास्टैग केवाईसी है जरूरी :* एनएचएआई ने लोगों से 1 अप्रैल से पहले केवाईसी अपडेट करने को कहा है। ऐसा न करने पर आपके फास्टैग अकाउंट को डीएक्टिवेट कर दिया जाएगा। इसके बाद आपके खाते में भले ही पैसे हो लेकिन आप अपने टोल का भुगतान नहीं कर पाएंगे।

### दवाइयों की कीमतों में होने जा रहा इजाफा



भारत की ड्रग प्राइस रेगुलेटर ने नेशनल लिस्ट ऑफ एसेंशियल मेडिसिन के तहत कुछ जरूरी दवाओं की कीमतों में 0.0055 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया है। इसके बाद पेन किलर, एंटीबायोटिक्स और संक्रमण रोधी दवाओं समेत कई जरूरी दवाओं की कीमतों में 1 अप्रैल 2024 से इजाफा हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### किआ इंडिया 700 बिक्री और सेवा टचपाइंच खोलेगी



**नई दिल्ली।** किआ इंडिया इस साल के अंत तक 300 शहरों में करीब 700 बिक्री और सेवा 'टचपॉइंट' खोलने की योजना बना रही है। सेल्टोस और सोनेट जैसे मॉडल बेचने वाली मोटर वाहन विनिर्माता के पास 236 शहरों में 522 ऐसे 'टचपॉइंट' हैं। वह पहले और दूसरी श्रेणी के बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

### इप्का लैब के शेयरधारकों ने खारिज किया विशेष प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** इप्का लैबोरेटरीज के शेयरधारकों ने पात्र कर्मचारियों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों और पूर्णकालिक निदेशकों को शेयर विकल्प देने के एक विशेष प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। कंपनी ने 14 फरवरी, 2024 को डाक मतपत्र के माध्यम से तीन विशेष प्रस्तावों के लिए मंजूरी मांगी थी।

### एफकॉन्स इंफ्रा ने आईपीओ लाने किए दस्तावेज जमा



**नई दिल्ली।** शापूरजी पालोनजी समूह की प्रमुख अवसंरचना इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एआईएल) ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से 7,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास दस्तावेज जमा किए हैं। `आईपीओ में 1,250 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

### शेयर और मुद्रा बाजार रहे बंद



**मुंबई।** गुड फ्राइडे 2024 के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में अवकाश रहा। बीएसई (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) और एनएसई (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) बंद रहें और सारे ग्लोबल शेयर बाजार भी इसी वजह से बंद रहे। इसके बाद शनिवार और रविवार के दिन पड़ रहे हैं ।


### बीएएल ने सुदर्शन फार्म में ली 100 फीसदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** कृषि रसायन बनाने वाली बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड (बीएएल) ने 139 करोड़ रुपये में सुदर्शन फार्म केमिकल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएफसीएल) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की शुक्रवार को घोषणा की। बयान के अनुसार, यह अधिग्रहण बीएएल को 'ऑफ-पेटेंट' (जिनके पेटेंट की अवधि समाप्त हो चुकी है) अणुओं के लिए लागत प्रभावी और विशिष्ट विनिर्माण मार्ग विकसित करने में एसएफसीएल की दक्षता का लाभ उठाने का मौका देगा।

## घरेलू रेटिंग एजेंसी केयर ने लगाया अनुमान

# वित्त वर्ष 2024-25 में बैंकों का कुल एनपीए घटकर 2.1-2.4 प्रतिशत पर आने का अनुमान : रिपोर्ट

### कृषि क्षेत्र का जीएनपीए अनुपात घटा



क्षेत्रीय दृष्टिकोण से, कृषि क्षेत्र का जीएनपीए अनुपात मार्च, 2020 में दर्ज 10.1 प्रतिशत की तुलना में सितंबर, 2023 में घटकर सात प्रतिशत पर आ गया, जबकि औद्योगिक क्षेत्र ने मार्च 2020 में 14.1 प्रतिशत के मुकाबले सितंबर, 2023 में 4.2 प्रतिशत जीएनपीए अनुपात दर्ज किया। यह मार्च, 2018 में 22.8 प्रतिशत था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय बैंकिंग प्रणाली की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) अगले वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक घटकर 2.1 प्रतिशत के स्तर पर आ सकती हैं। घरेलू रेटिंग एजेंसी केयर रेटिंग्स की रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

वित्त वर्ष 2023-24 में जीएनपीए 2.5-2.7 प्रतिशत पर रहने की संभावना है। रिपोर्ट कहती है कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक इसमें सुधार होगा और बैंकिंग प्रणाली का कुल एनपीए घटकर 2.1-2.4 प्रतिशत रह जाएगा।

### बैंकों के एनपीए की पहचान की गई



रिपोर्ट के अनुसार, 2015-16 की एक्यूआर प्रक्रिया के कारण वित्त वर्ष 20213-14 में जीएनपीए 3.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2017-2018 में 11.2 प्रतिशत हो गया, जिसने बैंकों को एनपीए को पहचानने और अनावश्यक पुनर्गठन को कम करने के लिए प्रेरित किया।

- वित्त वर्ष 2023-24 में जीएनपीए 2 .7 फीसदी रहने की संभावना
- वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक बैंकिंग एनपीए में सुधार आएगा

*खराब कर्ज बट्टे खाते में डालने से गुणवत्ता सुधरी :* इसमें कहा गया कि जीएनपीए में वित्त वर्ष 2018-19 से सुधार देखा जा रहा है और वित्त वर्ष 2022-23 में यह एक दशक के निचले स्तर 3.9 प्रतिशत पर आ गया। वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर तिमाही में यह तीन प्रतिशत था। खराब कर्ज की वसूली, बैंकों द्वारा अधिक खराब कर्ज को बट्टे खाते में डालने की वजह से परिसंपत्ति की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

### सरकार की सकल देनदारियां बढ़ी

सरकार की कुल देनदारी दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में मामूली बढ़कर 160.69 लाख करोड़ रुपये रही। यह सितंबर के अंत में 157.84 लाख करोड़ रुपये थी। सार्वजनिक ऋण प्रबंधन पर तिमाही रिपोर्ट (अक्टूबर-दिसंबर 2023) के अनुसार, तिमाही आधार पर कुल देनदारी में 1.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### सार्वजनिक ऋण सकल देनदारियों का 90 फीसदी

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान सार्वजनिक ऋण कुल सकल देनदारियों का 90 प्रतिशत था। रिपोर्ट में कहा गया है, 'तिमाही के दौरान, घरेलू बॉन्ड पर प्रतिफल शुरू में बढ़ा लेकिन कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, अक्टूबर और नवंबर के लिए उम्मीद से कम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और भारतीय सरकारी बॉन्ड (आईजीबी) के वैश्विक उभरते बाजार सूचकांक में शामिल होने की संभावना की खबर से इसमें नरमी आई।'

### बांड की राशि हर साल चुकानी होगी

अगले पांच साल में परिपक्व होने वाला बांड दिसंबर, 2023 के अंत में कुल बकाया ऋण का 25.9 प्रतिशत हो गया। यह औसतन बकाये का 5.2 प्रतिशत है। ऐसे में अगले पांच वर्षों में हर साल 5.2 प्रतिशत चुकाने की जरूरत होगी।

*दीर्घकालिक निवेशकों की मांग पूरी करनी होगी :* इसके अलावा, दीर्घकालिक निवेशकों की मांग को पूरा करने के लिए 50 साल की काफी लंबी अवधि वाली सरकारी प्रतिभूति पेश की गयी। दूसरी ओर, तिमाही के दौरान अमेरिकी ट्रेजरी पर रिटर्न अस्थिर रहा। इसका कारण मुख्य रूप से अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के कदम, मुद्रास्फीति और रोजगार आंकड़े थे।

*परिपक्क होने वाली देनदारियां 4.1 फीसदी :* एक वर्ष से कम समय में परिपक्व होने वाली प्रतिभूतियों (दिनांकित प्रतिभूतियों) का अनुपात दिसंबर, 2023 के अंत में 4.1 प्रतिशत (सितंबर 2023 के अंत में 4.6 प्रतिशत) रहा। दिसंबर, 2023 के अंत में एक से पांच साल के भीतर परिपक्व होने वाले प्रतिभूतियों का अनुपात 21.8 प्रतिशत था, जो सितंबर, 2023 के अंत के 23 प्रतिशत से कम है।

# एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग को मिली नाम बदलने की अनुमति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स (एलटीएफएच) का नाम कंपनी पंजीयक (आरओसी) से अनुमोदन के बाद बदलकर एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड कर दिया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एलएंडटी फाइनेंस का मुख्यालय मुंबई में है। इसे पहले एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स के नाम से जाना जाता था और यह एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जो वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला पेश करती है।

- नाम बदलकर अब एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड किया
- कंपनी एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है

एलएंडटी फाइनेंस के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुदीप्त रॉय ने कहा कि चार दिसंबर, 2023 से विलय के बाद कंपनी की नई ब्रांडिंग पहल सरलीकृत एकल ऋण इकाई' के निर्माण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसमें सभी कर्जदेने वाले कारोबार को एक परिचालन वाली एनबीएफसी के तहत रखा गया है।

### नया नाम प्रभावी हो गया

रॉय ने कहा, 'नाम परिवर्तन सीधे तौर पर हमारे ग्राहकों को मूल्य प्रदान करने और सतत वृद्धि को आगे बढ़ाने पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का प्रतीक है।' कंपनी ने दिसंबर, 2023 में अपनी अनुषंगी कंपनियों- एलएंडटी फाइनेंस, एलएंडटी इन्फ्रा क्रेडिट और एलएंडटी म्यूचुअल फंड ट्रस्टी का विलय सफलतापूर्वक पूरा कर लिया था। नया नाम एलएंडटी फाइनेंस 28 मार्च, 2024 से प्रभावी हो गया है।

# अलौह धातुओं की घरेलू मांग 10 प्रतिशत बढ़ेगी : इक्रा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- चुनाव के कारण अगले दो तिमाहियों में मांग कम रहने का अनुमान

एल्युमीनियम और तांबे जैसी अलौह धातुओं की घरेलू मांग वृद्धि अगले वित्त वर्ष में 10 प्रतिशत रहने की संभावना है। इक्रा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में घरेलू बाजार में अलौह धातुओं की स्पष्ट खपत वृद्धि 10-13 प्रतिशत रही, जो बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर और सरकार के नवीकरणीय क्षेत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग को प्रोत्साहित करने से समर्थित है।इक्रा ने बयान में कहा, 'हालांकि आम चुनावों के आसपास सरकारी खर्च में कमी के कारण अगली दो तिमाहियों में मांग नरम रहने की उम्मीद है, लेकिन वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 में कुल मांग वृद्धि 10 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।'

### ऑपरेटिंग मार्जिन स्थिर रहेगा

घरेलू कंपनियों का परिचालन (ऑपरेटिंग) मार्जिन भी वित्त वर्ष 2024-25 में वित्त वर्ष 2023-24 के अनुमानित स्तर 17-17.5 प्रतिशत पर स्थिर रहने की संभावना है। इसमें कहा गया है कि नतीजतन, रेटिंग एजेंसी इस क्षेत्र पर एक स्थिर दृष्टिकोण बनाए रखती है।

## अदाणी ग्रीन की गुजरात में सौर परियोजना शुरू



**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी ने गुजरात के खावडा में 775 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं का परिचालन शुरू कर दिया है। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि परियोजनाओं का परिचालन संबंधित मंजूरियां मिलने के बाद शुरू किया गया है। बयान के अनुसार, अडाणी ग्रीन एनर्जी ने अपनी विभिन्न पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी की अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से गुजरात के खावडा में कुल 775 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं का संचालन शुरू किया है। कंपनी ने कहा कि इस परियोजना से बिजली उत्पादन 29 मार्च से शुरू हो जाएगा।

# नई आवासीय आपूर्ति जनवरी और मार्च में 15 प्रतिशत घटी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- रियल एस्टेट सलाहकार कुशमैन ने जारी की रिपोर्ट
- नई इकाईयों की आपूर्ति बेंगलुरु व मुंबई में बढ़ी

देश के आठ प्रमुख शहरों में उच्च मांग के बावजूद जनवरी-मार्च में आवासीय संपत्तियों की नई इकाइयों की आपूर्ति 15 प्रतिशत गिरकर 69,143 इकाई रह गई। रियल एस्टेट सलाहकार कुशमैन एंड वेकफील्ड ने आठ प्रमुख शहरों की प्राथमिक (पहली बिक्री) में नई आवासीय संपत्तियों की आपूर्ति से जुड़े आंकड़े शुक्रवार को जारी किए। आंकड़ों के अनुसार, नई इकाइयों की आपूर्ति बेंगलुरु और मुंबई में बढ़ी, लेकिन दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, कोलकाता तथा अहमदाबाद में इसमें गिरावट आई।

इस तिमाही (जनवरी-मार्च) में आवासीय संपत्तियों की कुल आपूर्ति में 'हाई-एंड एंड लग्जरी' खंड की हिस्सेदारी 34 प्रतिशत रही। चालू तिमाही में कुल पेशकश में सूचीबद्ध, बड़े तथा क्षेत्रीय रूप से प्रतिष्ठित डेवलपर्स की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत से अधिक रही। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च 2024 में आवासीय संपत्तियों की नई आपूर्ति एक साल पहले की समान अवधि में 81,167 इकाइयों से घटकर इस साल 69,143 इकाई रह गई।

### हाई एंड लग्जरी संपत्तियों की मांग बढ़ी

कुशमैन एंड वेकफील्ड के प्रबंध निदेशक (आवासीय सेवाएं) शालीन रैना ने कहा, 'पिछले एक वर्ष में 'हाई-एंड लग्जरी' संपत्तियों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह बदलाव मकान खरीदने वालों की उच्च गुणवत्ता वाली संपत्ति के रूप में निवेश करने की बढ़ती इच्छा में बदलाव और उनकी जीवन शैली की आकांक्षाओं को दर्शाता है।'

# विदेशी निवेशकों ने शेयरों में दो लाख करोड़ से अधिक डाले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद के कारण बढ़ा निवेश

चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बीच देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद के चलते विदेशी निवेशकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय शेयर बाजार में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

मजार्स इन इंडिया के प्रबंध भागीदार भारत धवन ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्वानुमान सर्तकता के साथ आशावादी है। प्रगतिशील नीतिगत सुधारों, आर्थिक स्थिरता और आकर्षक निवेश अवसरों के चलते एफपीआई प्रवाह जारी रहने की उम्मीद है। धवन ने कहा, 'हालांकि, हम वैश्विक भू-राजनीतिक प्रभाव को लेकर सचेत हैं, जिनके चलते बीच-बीच में अस्थिरता आ सकती है, लेकिन हम बाजार के उतार-चढ़ाव से निपटने में रणनीतिक योजना और तत्परता के महत्व पर जोर देते हैं।'

विंडमिल कैपिटल के स्मॉलकेस प्रबंधक और वरिष्ठ निदेशक नवीन केआर ने कहा कि एफपीआई के नजरिये से 2024-25 की संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2023-24 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय इक्विटी बाजारों में लगभग 2.08 लाख करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 1.2 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। उन्होंने कुल मिलाकर पूंजी बाजार में 3.4 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया।


पिछले दो वित्त वर्षों में शेयरों से शुद्ध निकासी के बाद यह जोरदार वापसी देखने को मिली है। वित्त वर्ष 2022-23 में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से शुद्ध रूप से 37,632 करोड़ रुपये निकाले थे।

### अमेरिका व ब्रिटेन के बाजार में रही हलचल

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - शोध प्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित बाजारों में मुद्रास्फीति और ब्याज दर की दिशा, मुद्रा की स्थिति, कच्चे तेल की कीमतों, भू-राजनीतिक परिदृश्य और घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती जैसे कारकों से एफपीआई प्रवाह सकारात्मक रहा।

# अप्रैल-जून तिमाही के लिए ब्याज दरों में बदलाव नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





- सरकार ने लघु बचत योजनाओं की ब्याज दर यथावत रखी
- पीपीएफ पर 7 .1 प्रतिशत ब्याज मिलता रहेगा

सरकार ने कहा कि एक अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिये विभिन्न लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर पहले की ही तरह 7.1 प्रतिशत ब्याज मिलता रहेगा। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, 'वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) के लिए अधिसूचित दरों के समान होंगी।' सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा राशि पर 8.2 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज 7.1 प्रतिशत मिलेगा। पीपीएफ और डाकघर बचत जमा पर भी ब्याज दरें क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार रखी गई हैं। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी और यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा।

राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर ब्याज दर एक अप्रैल से 30 जून, 2024 की अवधि के लिए 7.7 प्रतिशत होगी। मासिक आय योजना के लिए ब्याज दर चालू तिमाही की तरह 7.4 प्रतिशत होगी।

## वित्त वर्ष 2023-2024 में करीब 62 प्रतिशत रिटर्न दिया

# छोटी कंपनियों के शेयरों ने निवेशकों को दिया 'बड़ा' रिटर्न

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बीएसई के मिड-कैप और स्मॉल-कैप सूचकांक में सूचीबद्ध मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों ने 2023-24 में करीब 62 प्रतिशत रिटर्न (प्रतिफल) दिया है।

- मिड व स्मॉल कैप शेयरों का प्रदर्शन सेंसेक्स से बेहतर रहा

मिड-कैप और स्मॉलकैप शेयरों का प्रदर्शन सेंसेक्स से बेहतर रहा है। यह देश में मजबूत वृहद आर्थिक परिस्थितियों और विभिन्न कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने के बीच निवेशकों की उत्साहपूर्ण भावना को दर्शाता है। एक विश्लेषण के अनुसार, बीएसई मिड-कैप सूचकांक वित्त वर्ष 2023-24 में 15,013.95 अंक या 62.38 प्रतिशत उछल गया, जबकि स्मॉल-कैप 16,068.99 अंक या 59.60 प्रतिशत चढ़ा।

*सेंसेक्स अपने सर्वकालीक स्तर पर पहुंचा :* बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स इस साल सात मार्च को 74,245.17 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा, 'चालू वित्त वर्ष में सेंसेक्स की तुलना में छोटी कंपनी के शेयरों का बेहतर प्रदर्शन भारतीय घरेलू बाजार की गतिशील प्रकृति और निवेशकों को प्रदान किए जाने वाले विविध अवसरों को दर्शाता है।'





### छोटी कंपनियों के शेयर स्थानीय निवेशक खरीदते हैं

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, छोटी कंपनियों के शेयर आमतौर पर स्थानीय निवेशकों द्वारा खरीदे जाते हैं, जबकि विदेशी निवेशक बड़ी कंपनियों के शेयर पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वित्त वर्ष 2022-23 में बीएसई सेंसेक्स 423.01 अंक या 0.72 प्रतिशत चढ़ा था। हालांकि, बीएसई स्मॉल-कैप सूचकांक 1,258.64 अंक या 4.46 प्रतिशत गिरा था।

### निवेशकों की भावना में आया बदलाव

समीक्षाधीन वित्त वर्ष में 30 शेयर वाले बीएसई सेंसेक्स ने 14,659.83 अंक या 24.85 प्रतिशत बढ़त हासिल की। हेज फंड हेडोनोवा में सीआईओ सुमन बनर्जी ने कहा, 'निवेशकों की भावना में यह बदलाव भारत में मजबूत व्यापक आर्थिक स्थितियों से प्रेरित है, यह परंपरागत रूप से आर्थिक विस्तार की अवधि के दौरान छोटी कंपनियों के शेयरों में त्वरित वृद्धि को बढ़ावा देता है।'

### स्मॉल कैप सूचकांक अपने उच्च स्तर पर

व्यापक बाजार ने वित्त वर्ष 2023-24 में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। 31 मार्च, 2023 को अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर 23,881.79 अंक पर फिसलने के बाद बीएसई मिडकैप सूचकांक आठ फरवरी को 40,282.49 के अपने स्तर पर पहुंच गया। बीएसई स्मॉल-कैप सूचकांक सात फरवरी को अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 46,821.39 पर पहुंच गया।

## चिंतन

# दुनिया को 'हरित जीडीपी' मॉडल अपनाने की जरूरत

पर्यावरण को खतरे में डालने वाले विकास मॉडल मानवता के लिए उपयुक्त नहीं है। दुनिया में उत्पादन आधारित विकास मॉडल पर दशको से चर्चा होती रही है। माना जाता है कि उत्पादन आधारित विकास मॉडल से पर्यावरण को खतरा है, खपत से अधिक निर्माण का खतरा है और उत्पादों की डंपिंग का खतरा है। उत्पादन के बाद जरूरतें विकसित करने से असली जरूरतें गौण हो जाती हैं। आज उत्पादन आधारित विकास मॉडल की विडंबना है कि दुनिया कचरा प्रबंधन व ग्लोबल वार्मिंग जैसी विकराल समस्या से जूझ रही है। आधुनिक युग की रक्षा के लिए विश्व के अनेक विचारवान लोगों की ओर से खपत आधारित विकास मॉडल की मांग हो रही है। इसका मूलमंत्र है, जितनी खपत उतना ही उत्पादन उत्पादन भी हरित तरीके से। आज विश्व जब जलवायु परिवर्तन की समस्या का सामना कर रहा है, तो वर्तमान विकास मॉडल को लेकर आलोचना तेज हो गई है। क्लाइमेट सम्मेलन में विश्व में बढ़ रहे तापमान को कम करने का संकल्प लिया जा रहा है, पर कार्बन उत्सर्जन में कमी के लिए हरित विकास मॉडल को अपनाने को लेकर विकसित व विकासशील देशों का रवैया अलग-अलग है। विकसित देश इसके लिए कीमत चुकाने को तैयार नहीं है, जबकि कार्बन उत्सर्जन में औद्योगिक विकसित देशों की ही अधिक भूमिका है। समाजसेवी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चिंता जाहिर की कि प्रगति को मापने का मौजूदा पैमाना जलवायु विरोधी है। पीएम ने विकास को मापने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मापदंड को जलवायु के लिए हानिकारक करार दिया। उन्होंने हरित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की अवधारणा विकसित करने का सुझाव दिया। दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग से बचाव के लिए हरित जीडीपी मॉडल अपनाना वक्त का तकाजा है। पिछले साल सितंबर में भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद से जलवायु कार्रवाई को गति मिली है। हरित प्रगति दृष्टिकोण को और अधिक किफायती बनाने के लिए दुनिया को दो-आयामी रणनीति अपनाने की जरूरत हैः पहला, प्रकृति और जलवायु के अनुकूल नवाचार, और दूसरा, पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली। हमारी वर्तमान चुनौती यह है कि हम प्रगति को किस नजरिए से देखते हैं। उदाहरण के लिए, किसी देश के विकास को अक्सर उसकी इस्पात खपत और ऊर्जा उपयोग से आंका जाता है। तो इन मानदंडों के आधार पर, हम देश की अर्थव्यवस्था की गणना करते हैं। पर अगर हम इन मापदंडों पर भरोसा करना जारी रखते हैं तो हम अधिक बिजली और स्टील का उपभोग करेंगे, जिसके परिणामस्वरूप कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि होगी। इसका मतलब है कि हमें अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है। हमें जीवन शैली के विकल्प बनाने और जलवायु के अनुकूल तरीकों से प्रगति को मापने की आवश्यकता है। वर्तमान में, प्रगति के हमारे सभी उपाय जलवायु के लिए हानिकारक हैं। आज हमें प्रगति के मापदंडों के लिए वैश्विक शब्दावली को बदलने की जरूरत है। स्वच्छ ऊर्जा व हरित ऊर्जा क्षेत्र में तेजी लाने की आवश्यकता है व पेरिस समझौते के लक्ष्यों और नेट-जीरो उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ते रहने की जरूरत है। हरित विकास के सभी आयामों को अपना कर ही वैश्विक कल्याण का मानवीय मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। हमें अपने उपभोग की आदतों में सुधार की आवश्यकता है, जैसे उपभोक्ताओं को कोई उत्पाद खरीदते समय स्वच्छ उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए।



# मानव विकास पर फोकस की जरूरत

एचडीआई रिपोर्ट
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) रिपोर्ट 2022 में भारत अब 193 में से 134वें स्थान पर है। भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई-2021 रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी देश दुनिया के अनेक देशों की तुलना में मानव विकास सूचकांक में बहुत पीछे है। देश में करोड़ों लोगों की गरीबी और स्वास्थ्य की चुनौतियाँ बड़े पैमाने पर स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की चिंताओं का सामना कर रहे हैं। 4 जून के बाद जो भी नई सरकार केंद्र में आएगी, उनकी प्राथमिकता में मानव संसाधन व सामाजिक अधोसंरचना के विकास की रूपरेखा होनी चाहिए।**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) रिपोर्ट 2022 में भारत अब 193 में से 134वें स्थान पर है। भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई-2021 रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है। नई रिपोर्ट जारी करने के बाद संयुक्त राष्ट्र ने भारतीय लोगों के मानव विकास सूचकांक में भारत की औसत बढ़त को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ कहा है और भारत की सराहना की है। जहाँ 19 मार्च को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में प्रति व्यक्ति आय में लगातार वृद्धि हो रही है, वहीं राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मुताबिक भारत में आम आदमी की आमदनी बढ़ने और उनके द्वारा भोजन पर कम और कपड़े, मनोरंजन व अन्य मदों पर अधिक खर्च किए जाने से उनके जीवन स्तर में धीरे-धीरे बेहतरी आ रही है। फिर भी अभी दुनिया के अन्य देशों की तुलना में भारत को मानव विकास सूचकांक में आगे बढ़ने के लिए ठोस व कारगर प्रयासों की जरूरत स्पष्ट दिखाई दे रही है।

एचडीआई का तात्पर्य मानव विकास के तीन बुनियादी आयामों-लंबा और स्वस्थ जीवन, शिक्षा तक पहुंच और सभ्य जीवन स्तर में औसत उपलब्धियों के आकलन से है। इस नई रिपोर्ट के लिहाज से एक वर्ष में भारतीयों की औसत आमदनी में 6.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई हैं। भारत में जीवन प्रत्याशा में शानदार वृद्धि हुई है। एक वर्ष पहले भारत में जीवन प्रत्याशा का औसत 62.2 था जो अब बढ़कर 67.7 हो गया है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी प्रगति प्रदर्शित की है। भारत में लिंग असमानता सूचकांक वैश्विक औसत से बेहतर है। निस्संदेह भारत के मानव विकास सूचकांक में बढ़त का एक प्रमुख कारण भारत में गरीबी में कमी आना है। अमेरिकी के प्रसिद्ध थिंक टैंक द ब्रुकिंग्स इंस्ट्रीट्यूशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन करने में सफलता तेज विकास और असमानता में कमी के चलते भारत को यह कामयाबी मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल आबादी में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों (प्रतिदिन 1.90 डालर से कम खर्च करने वाले) की संख्या 2011-12 की 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत आ गई है। गरीबों की संख्या में हर वर्ष 0.93 प्रतिशत की कमी के बराबर है। ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबों की संख्या घटकर 2.5 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में एक प्रतिशत रह गई है। भारत में गरीबों की संख्या में जो गिरावट बीते 11 वर्षों में हुई है, इससे पहले वह गिरावट 30 वर्षों में हुई थी।

इसी तरह थिंक टैंक नीति आयोग ने कहा है कि भारत में सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों से बीते नौ वर्षों में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद मिली और भारत वर्ष 2030 तक बहुआयामी गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य में सफलता प्राप्त करने की पूरी संभावनाएँ रखता है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज, स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना, पेयजल सुविधा के लिए जल जीवन मिशन व जन-धन खाते की सुविधा आदि से लोगों को गरीबी से ऊपर लाने में खासी मदद मिली है। खासतौर से गरीबों के सशक्तिकरण में करीब



51 करोड़ से अधिक जनधन खातों (जे), करीब 134 करोड़ आधार कार्ड (ए) तथा करीब 118 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं (एम), की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढाँचे की असाधारण भूमिका रही है। इसी शक्ति के बल पर देश के गरीब लोगों के खातों में सीधे आर्थिक राहत हस्तांतरित हो रही है। इन सब प्रयासों से देश के करोड़ों गरीबों के मानव विकास सूचकांक में वृद्धि हुई है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में आम आदमी के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाएँ स्वास्थ्य की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, आम आदमी बीमा योजना वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना महत्वपूर्ण हैं। आम आदमी के स्वास्थ्य में सुधार से भी देश के मानव विकास सूचंकाक में वृद्धि हुई है। ...आगे और होगा।

लेकिन बड़ी बात है कि अभी भी देश दुनिया के अनेक देशों की तुलना में मानव विकास सूचकांक में बहुत पीछे है। ऐसे में हमें यह ध्यान रखना होगा कि जहाँ अर्थव्यवस्था समाज का अहम हिस्सा है, वहीं मानव विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सरकार के द्वारा सामाजिक अधोसंरचना पर उसी तरह निवेश करना होगा, जिस तरह भौतिक अधोसंरचना पर खर्च किया जा रहा है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अभी देश में करोड़ों लोगों की गरीबी और स्वास्थ्य की चुनौतियाँ बड़े पैमाने पर स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की चिंताओं का सामना कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि 2017 में नई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में 2025 तक स्वास्थ्य पर खर्च को सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 प्रतिशत किया जाना निर्धारित किया गया था।

फिर पंद्रहवें वित्त आयोग ने पहली बार स्वास्थ्य के लिए उच्च-स्तरीय कमेटी गठित की थी। इस कमेटी ने भी स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च को 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाने की बात कही है। इस मामले में देश अभी भी पीछे है। अब देश में डिजिटल शिक्षा की जरूरत बढ़ गई है और इसकी अहमियत रोजगार में भी बढ़ गई है। ऐसे में देश की नई पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक करियर के मौके जुटाने के लिए एक ओर सरकार के द्वारा डिजिटल शिक्षा के रास्ते में दिखाई दे रही कमियों को दूर करना होगा। वहीं दूसरी ओर नई पीढ़ी के द्वारा करियर में आगे बढ़ने और रोजगार में आने के बाद भी काम करते हुए लगातार बदलती हुई रोजगार की दुनिया के अनुरूप नए स्किल्स सीखना होंगी। अर्थव्यवस्था को अधिक दक्ष व योग्य श्रम बल की जरूरत है जिसके लिए शिक्षा पर जीडीपी का करीब छह फीसदी हिस्सा खर्च किया जाना जरूरी है।

ऐसे में हम उम्मीद करें कि सरकार द्वारा यूएनपीडी की मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट 2022 के मद्देनजर देश में मानव विकास की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली, न्यायसंगत और उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, सार्वजनिक सेवाओं में स्वच्छता, बहुआयामी गरीबी, भूख और कुपोषण खत्म करने के लिए नई जनकल्याण योजनाओं, सामुदायिक रसोई व्यवस्था तथा पोषण अभियान-2 को पूरी तरह कारगर व सफल बनाया जाएगा। निश्चित रूप से ऐसा होने पर आगामी वर्ष प्रकाशित होने वाले आगामी मानव विकास सूचकांक में भारत की मानव विकास रैंकिंग में सुधार आएगा और देश के आम आदमी के चेहरे पर मुस्कुराहट बढ़ते हुए दिखाई देंगी। देश में आम चुनाव का बिगुल बजा हुआ है। 4 जून के बाद जो भी नई सरकार केंद्र में आएगी, उनकी प्राथमिकता में मानव संसाधन व सामाजिक अधोसंरचना के विकास की रूपरेखा होनी चाहिए। इससे राष्ट्र आत्मनिर्भरता का लक्ष्य भी हासिल करेगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस
डॉ. मोनिका शर्मा



# रेवड़ियां नहीं, कचरा प्रबंधन बनें आम चुनाव के मुद्दे


कचरे से अटती धरती, नदियां और पहाड़, प्रकृति के रंग ही नहीं छीन रहे, इन्सानों के लिए भी खतरा बन गये हैं। हर ओर फैलते अपशिष्ट पदार्थों से प्रदूषित होता पर्यावरण गंभीर व्याधियों का भी कारण बन रहा है। जल, थल और वायु, कुदरत का हर हिस्सा बढ़ते अपशिष्ट पदार्थों का दबाव झेल रहा है। लेकिन चिंता की बात है कि राष्ट्रीय चुनाव के दौरान कचरा प्रबंधन मुद्दे नहीं बनते हैं, जबकि पर्यावरण व स्वास्थ्य से जुड़ा यह बड़ा मानवीय मुद्दा है। राजनीतिक दल मुफ्त की रेवड़ियां (फ्रीबिज) जैसे अनुत्पादक मुद्दों में तो रुचि लेते हैं, लेकिन व्यापक परिप्रेक्ष्य को प्रभावित करने वाले कचरा प्रबंधन के मसले इनके एजेंडे में नहीं होते हैं। जरूरत स्वच्छ व साफ पर्यावरण की है, हरीभरी प्रकृति की है।

आज ना केवल अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व को समझना बल्कि उपभोग की बढ़ती प्रवृत्ति पर लगाम लगाना भी आवश्यक है। ज्ञात हो कि अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस वैश्विक स्तर पर अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने का प्रभावी संदेश देता है। साथ ही उपभोग की व्यावहारिक और सधी आदतों को बढ़ावा देने पर भी प्रकाश डालता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और यूएन-हैबिटेट द्वारा मनाया जाने वाला यह दिन उत्पादन के टिकाऊ तौर-तरीकों को भी संबोधित करता है। आज दुनिया के हर देश के लिए कचरे के पहाड़ और नदियों के जल में घुलता जहर चिंता का विषय बन गया है। भारत में भी महानगरों से लेकर दूर-दराज़ के इलाके तक, बढ़ते अपशिष्ट पदार्थों का बोझा ढो रहे हैं। ज्ञात हो कि वैश्विक स्तर पर प्रतिवर्ष इंसान 210 करोड़ से 230 करोड़ टन ठोस कचरा उत्पन्न करते हैं, जबकि करीब 270 करोड़ लोगों के पास आज भी कचरा संग्रहण के इंतजाम तक नहीं हैं। ऐसे में तत्काल कार्रवाई करते हुए कचरा प्रबंधन के लिए उचित कदम ना उठाए गये तो 2050 तक वार्षिक ठोस अपशिष्ट उत्पादन 380 करोड़ टन तक पहुंच जाएगा। यही कारण है कि शून्य-अपशिष्ट जैसे अभियान के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देना जरूरी है। साथ ही इस मुहिम में जन-जागरूकता के माध्यम से अपशिष्ट उत्पादन को घटाने से जुड़े प्रयास भी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस का वर्ष 2024 का विषय 'रहने योग्य समुदायों में सतत अपशिष्ट प्रबंध - 2040 तक और फिलीपीन के सभी जल निकायों को शून्य अपशिष्ट करना' है । चिंतनीय है कि हमारा देश भी दुनिया के सबसे बड़े कचरा उत्पादक देशों में से एक है। राजधानी दिल्ली में तो कई जगह कूड़े के बड़े पहाड़ बन गये हैं। जो दुर्घटना तक का कारण बन चुके हैं। भारत में हर साल 1250 हेक्टेयर से अधिक जमीन कचरे तले ढक जाती है। ऐसे में यह अभियान असल में स्वयं इन्सानों का जीवन सहेजने के लिए भी आवश्यक है। प्रकृति के रंग छीनने वाला अपशिष्ट प्रदूषण जन स्वास्थ्य, आर्थिक विकास, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के लिए बेहद नुकसानदायक है, जिसके चलते इसे प्रदूषण के त्रिग्रहीय संकट के रूप देखा जा रहा है। ध्यातव्य है कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता की हानि, प्रकृति के इन तीनों ही पक्षों के लिए जोखिम बने अपशिष्ट पदार्थों का उचित प्रबंधन ही इसका हल है। इसके लिए उपभोक्तावादी सोच को बदलना और रीयूज़ एवं रिसाइकलिंग को बढ़ावा देना आवश्यक है।

आज की उपभोक्तावादी जीवनशैली भी धरती पर अपशिष्ट पदार्थों के बोझ को बढ़ा रही है। सामाजिक समारोहों का खाद्य अपशिष्ट और प्लास्टिक की वस्तुओं से की जाने वाली सज-धज इसी श्रेणी में आती हैं। ऐसे में खपत घटाना और चीजों की बर्बादी रोकना दोनों ही इस अभियान से जुड़े अहम पहलू हैं। यही वजह है कि शून्य अपशिष्ट मुहिम की सफलता हर देश में ही प्रशासनिक प्रयासों के साथ-साथ आम नागरिकों की भागीदारी पर भी निर्भर है। जनचेतना ही जल, जमीन और वायु प्रदूषण पर रोक लगा सकती है। आज जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं तो नागरिकों के मन में यह सवाल उठना चाहिए कि वो जिन्हें वोट देने जा रहे हैं, वे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के प्रति व कचरा प्रबंधन के प्रति कितने गंभीर हैं? जब तक जनता अपने मतलब के सवालों से दलों व नेताओं को रूबरू नहीं कराएंगे, तब तक वे सजग नहीं होंगे। प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण, धरती, वायुमंडल व पाताल को बचाने और कचरा-अपशिष्टों के निपटान को लेकर राजनीतिक व सामाजिक जागरूकता नहीं होगी, तब तक कचरे के बोझ से होने वाले पर्यावरणीय व स्वास्थ्यगत खतरा मंडराते रहेंगे। पर्यावरण के प्रति जनचेतना जरूरी है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
**दर्शन**

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म्' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म्' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म्' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

## दान की बड़ी महिमा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है।

इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## सटाका




## आज की पाती

### जीना मुश्किल कर रहा वायु प्रदूषण

हाल ही में स्विस ग्रुप आईक्यू एयर ने विश्व भर के उन देशों की सूची जारी की है जिनमें सबसे ज्यादा प्रदूषण है। इस सूची में हमारे देश की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को सबसे ज्यादा प्रदूषित बताया गया है। इस सूची के अनुसार पिछले साल 134 देशों में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद हमारे देश की वायु गुणवत्ता बेहद खराब थी। वर्ष 2019 में भी ग्रीनपीस और एयर विजुअल की रिपोर्ट में बताया गया था कि दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में भारत के बहुत से शहरों में प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के सात शहर भी शामिल हैं। यह भारत के लिए बहुत चिंताजनक है। **-मनोज देवांगन**, धमतरी

## करंट अफेयर


### भारत में होगी हर किसी के अधिकारों की रक्षा : संरा



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें 'उम्मीद' है कि भारत तथा किसी भी अन्य देश में, जहां चुनाव हो रहे हैं, लोगों के 'राजनीतिक और नागरिक अधिकारों' की रक्षा की जाएगी और हर कोई एक 'स्वतंत्र व निष्पक्ष' माहौल में मतदान कर पाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और विपक्षी दल कांग्रेस के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक के मद्देनजर भारत में आगामी राष्ट्रीय चुनाव से पहले राजनीतिक स्थिति पर एक सवाल के जवाब में बृहस्पतिवार को ये टिप्पणियां कीं। दुजारिक ने बृहस्पतिवार को एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमें बहुत ज्यादा उम्मीद है कि भारत तथा किसी भी अन्य देश में जहां चुनाव होने जा रहे हैं, वहां हर किसी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी, जिनमें राजनीतिक और नागरिक अधिकार शामिल हैं। तथा हर कोई स्वतंत्र व निष्पक्ष माहौल में मतदान कर पाएगा।' संयुक्त राष्ट्र की इस प्रतिक्रिया से एक दिन पहले अमेरिका ने भी केजरीवाल की गिरफ्तारी तथा कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक लगाये जाने के ऐसे ही सवाल पर प्रतिक्रिया दी थी।

## ऑफ बीट


### क्वांटम कंप्यूटिंग अभी गर्म हुई : शून्य से 1 डिग्री ऊपर



दशकों से, क्वांटम कंप्यूटिंग की खोज बेहद कम तापमान की आवश्यकता से जूझ रही है, परम शून्य से एक डिग्री के अंशमात्र ऊपर (0 केल्विन या −273.15°सी)। ऐसा इसलिए है क्योंकि क्वांटम घटनाएँ जो क्वांटम कंप्यूटरों को उनकी अद्वितीय कम्प्यूटेशनल क्षमताएँ प्रदान करती हैं, उन्हें केवल हमारी दुनिया की गर्मी से अलग करके ही उपयोग किया जा सकता है। एक एकल क्वांटम बिट या 'क्यूबिट', जो शास्त्रीय कंप्यूटिंग के केंद्र में बाइनरी ''शून्य या एक'' बिट के बराबर है, को कार्य करने के लिए एक बड़े प्रशीतन उपकरण की आवश्यकता होती है। हालाँकि, कई क्षेत्रों में जहां हम क्वांटम कंप्यूटरों से सफलता मिलने की उम्मीद करते हैं – जैसे कि नई सामग्री या दवाओं को डिजाइन करने में – हमें समानांतर में काम करने वाले बड़ी संख्या में क्यूबिट या यहां तक कि पूरे क्वांटम कंप्यूटर की आवश्यकता होगी। क्वांटम कंप्यूटर जो विश्वसनीय गणनाओं के लिए आवश्यक, त्रुटियों को प्रबंधित कर सकते हैं और स्वयं-सही कर सकते हैं, उनके पैमाने में विशाल होने का अनुमान है। गूगल, आईबीएम और पीएसआईक्वांटम जैसी कंपनियाँ शीतलन प्रणालियों से भरे संपूर्ण गोदामों के भविष्य की तैयारी कर रही हैं और एकल क्वांटम कंप्यूटर को चलाने के लिए बड़ी मात्रा में बिजली की खपत करती हैं।

## ट्रेंड

### करुणा और क्षमा का पाठ



आज गुड फ्राइडे के दिन हम ईसा मसीह के गहन बलिदान को याद करते हैं। यह हमें करुणा और क्षमा का जो पाठ सिखाता है, उसमें हर किसी को शक्ति मिले। हर किसी के मन में करुणा और क्षमा का भाव पैदा हो।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### एक सच्चा भाई



जैसे ही पुलिस कस्टडी के दौरान उन्हें बोलने का एक मौका मिला और उन्होंने अपने छोटे भाई भगवंत मान को उनकी बच्ची के आगमन पर बधाई देने का फैसला किया। यह अरविंद केजरीवाल है-एक सच्चा भाई, एक सच्चा नेता।

-राघव चड्ढा, आप नेता

### प्रीमियम सुविधाएं मिलेंगी



तय किया गया है कि आगे बढ़ते हुए, 2500 से अधिक सत्यापित सब्सक्राइबर फॉलोअर्स वाले सभी एक्स खातों को मुफ्त में प्रीमियम सुविधाएं मिलेंगी और 5000 से अधिक वाले खातों को प्रीमियम प्लस मुफ्त में दिए जाएंगे।

-एलन मास्क, उद्योगपति

### बहुत खुश हूं



जब मेरे पास दुनिया में कहीं भी घर बनाने का विकल्प था तो मैंने मनाली को चुना। इसलिए आज मैं बहुत खुश हूं कि मेरे लोगों ने मुझे वापस बुलाया। अपने ही प्रदेश, अपनी ही जन्मभूमि हिमाचल के मंडी में आकर बहुत खुश हूं। यहां हर तरफ बहुत प्रेम मिल रहा है।

-कंगना रानौत, अभिनेत्री

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# हरिभूमि रण भूमि लोकसभा सत्ता संग्राम-2024



# कांग्रेस ने महिलाओं को 500 तो दिए नहीं, एक लाख क्या देंगे, इन पर कोई भरोसा नहीं करता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

*महासमुंद भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी का कहना है कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में महिलाओं को पांच-पांच सौ रुपए देने का वादा किया था, उसको तो पूरा नहीं किया, अब एक-एक लाख देने की बात कर रहे हैं। इनके वादों पर जनता भरोसा नहीं करती। जनता जानती है कि कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए झूठा वादा करती है। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर भाजपा की जीत होगी। हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से चुनावी संवाद में भाजपा प्रत्याशी ने जो बात की उसके अंश प्रस्तुत हैं।*

## महासमुंद लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी से डा. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद

▸▸ विधानसभा का टिकट तो मिला नहीं, लोकसभा का मिल गया, कितनी हैरत में हैं आप?

▸▸ ▸▸ विधानसभा का 2018 में टिकट न मिलने के बाद भी मैं लगातार अपना काम कर रही हूं। इस समय जिलाध्यक्ष का काम देख रही हूं। पिछले चुनाव में भी विधानसभा का टिकट नहीं मिला, लेकिन अब पार्टी ने मुझ पर भरोसा करके लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है। पार्टी अपने स्तर पर फैसला लेती है।

▸▸ पार्टी ने आपको किस लिए टिकट दिया है?

▸▸ ▸▸ पार्टी ने मुझे क्या सभी लोकसभा के प्रत्याशियों को टिकट सांसद बनाने के लिए ही दिया है। भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है और उनको आगे बढ़ाने का भी काम करती है। छत्तीसगढ़ में तीन महिलाओं को प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है।

▸▸ ताम्रध्वज साहू को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है, आप कितना घबरा रही हैं?

▸▸ ▸▸ बिलकुल घबरा नहीं रही हूं। मैं लगातार यहां पर काम कर रही हूं। जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामों के साथ विष्णुदेव साय के सुशासन पर भरोसा है। 2018 में भाजपा हार गई थी, लेकिन पिछले चुनाव में अपने तीनों कार्यकाल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए भाजपा ने जीत प्राप्त की है। ताम्रध्वज साहू अच्छे नेता और बड़े नेता हैं। महासमुंद के प्रभारी मंत्री रहते हुए उन्होंने यहां के लिए कोई काम नहीं किया है। उनकी कोई उपलब्धि नहीं है। जनता भाजपा के साथ हैं इसलिए हमें भरोसा है कि हम चुनाव जीतेंगे। कांग्रेस के नेता हैं कहां प्रदेश में। सबके सब तो भाजपा में प्रवेश कर रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं का ही कांग्रेस से विश्वास उठ रहा है। भाजपा में आने वाले कांग्रेसी अब राष्ट्र सेवा को समझ रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामों को समझ रहे हैं। हमको भरोसा है कि भाजपा की संगत का असर होगा और कांग्रेस के लोग भी देश और राष्ट्र सेवा को समझकर काम करेंगे।

▸▸ चुन्नीलाल साहू के पांच साल का कार्यकाल आपको इस चुनाव में कितना भारी पड़ रहा है?

▸▸ ▸▸ कोई मुश्किल नहीं हो रही है। वे पांच साल तक सांसद रहे, अच्छा काम किया है। रही बात प्रत्याशी बदलने की तो, इसलिए तो भाजपा पर सबको भरोसा है। मैं और चुन्नीलाल साहू एक साथ एक ही मंच पर कार्यक्रमों में जा रहे हैं, कहीं कोई परेशानी नहीं है। यह सब भाजपा में ही संभव है।

▸▸ अच्छा काम करने वालों की टिकट क्यों कर कट जाती है भाजपा में?

▸▸ ▸▸ चुन्नीलाल साहू का 2018 में विधानसभा का टिकट कट गया था, लेकिन उनको 2019 में लोकसभा का टिकट दिया गया। 2018 में मुझे टिकट नहीं मिला, पार्टी ने मुझे योग्य समझा और जिलाध्यक्ष का काम दिया। अब लोकसभा के लिए टिकट दिया। चुन्नीलाल साहू के कार्यकाल में मेडिकल कॉलेज मिला, बहुत से काम हुए हैं। कामों की लंबी लिस्ट है।

▸▸ साय सरकार के कामों के बारे में कुछ बताएं?

▸▸ ▸▸ साय सरकार का सौ दिनों का काम बहुत अच्छा हुआ है। मोदी की गारंटी को लगातार पूरा करने का काम हो रहा है। जो वादे भाजपा ने किए थे, वो वादे हमारी साय सरकार पूरे कर रही है। इसका फायदा चुनाव में जरूर मिलेगा। कांग्रेस सरकार में केवल भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं हुआ। विकास का एक भी काम नहीं हुआ। इसलिए कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

▸▸ कांग्रेस ने घोषणा की है सरकार बनने पर महिलाओं को एक लाख रुपए साल का देंगे?

▸▸ ▸▸ कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में पिछले चुनाव में महिलाओं को पांच सौ रुपए देने का वादा किया था, उसको तो पूरा नहीं कर सके अब एक लाख देने की बात कह रहे हैं। कौन भरोसा करेगा इसकी बातों पर। भाजपा ने जब महतारी वंदन में 12 हजार रुपए देने की बात की तो भूपेश बघेल ने साल में 15 हजार देने की बात की थी, लेकिन जनता ने इसकी बात पर भरोसा नहीं किया। इन्होंने शराबबंदी का वादा किया था, इसको पूरा किया क्या। इनका कोई वादा पूरा नहीं हुआ है। देश की पूरी जनता को मोदी की गारंटी और मोदी जी पर विश्वास है। छत्तीसगढ़ की साय सरकार पर विश्वास है।

▸▸ धमतरी में किसके भरोसे हैं?

▸▸ ▸▸ पूरी भाजपा काम कर रही है। हमारे नेता है। रूप कुमारी चौधरी को सिर्फ महासमुंद की प्रत्याशी है, हमारा असली प्रत्याशी तो कमल का फूल है। हम सब तो मोदी जी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। एक-एक कार्यकर्ता प्रत्याशी बनकर काम कर रहा है, चाहे वो धमतरी की बात हो या फिर कहीं की भी बात हो।

## आमने/सामने

### भाजपा की जान ईवीएम में बसती है : सुशील शुक्ला



*प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जैसे जादूगर की जान तोते में रहती है, वैसे ही भाजपा की जान ईवीएम में बसती है। जब भी ईवीएम के खिलाफ कोई तार्किक तथ्य सामने आता है, कोई बयान आता है, भाजपाई तिलमिला जाते हैं और ये ईवीएम के खिलाफ बोलने वाले को राष्ट्रद्रोही साबित करने में लग जाते हैं।*

### जीतने पर क्यों सवाल खड़ा नहीं करते : केदार गुप्ता



*भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केदार नाथ गुप्ता का कहना है कि ईवीएम से चुनाव कराने का सिलसिला तो कांग्रेस शासन काल में प्रारंभ हुआ है। कांग्रेस को छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश में जीत मिलती है तब तो ईवीएम ठीक रहती है, लेकिन जहां कांग्रेस के हाथ से जीत फिसल जाती है तो इनको ईवीएम में गड़बड़ी नजर आने लगती है।*

## अब तक हुए 15 चुनावों में भाजपा ने सात तो कांग्रेस को मिली पांच मर्तबा फतह

# राजनांदगांव लोस सीट में भाजपा का दबदबा पिछले पांच चुनावों में मिली लगातार जीत

*देश में पिछले एक दशक से केंद्र की सत्ता में काबिज भारतीय जनता पार्टी का छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट में भी दबदबा देखने को मिला है। चार दशक पहले 1984 में पहली दफा राजनांदगांव लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी उतारने वाली भाजपा आज इस सीट में सर्वाधिक चुनाव जीतने वाली पार्टी है। दुर्ग से अलग होने के बाद 1962 से अब तक राजनांदगांव लोकसभा सीट में हुए 15 चुनाव में भाजपा ने सात बार जीत हासिल की है, वहीं कांग्रेस पांच चुनाव ही जीत पाई है।*



शिवकुमार शास्त्री | रमन सिंह | अशोक शर्मा | अभिषेक सिंह | संतोष पांडे | मधुसूदन यादव | प्रदीप गांधी

सचिन अग्रहरि ▸▸ राजनांदगांव

हालांकि भाजपा को इस सीट में भी अपनी पैठ बनाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। 1984 में अपने पहले आम चुनाव में भाजपा ने यहां से शिवकुमार शास्त्री को मैदान में उतारा था। इस चुनाव में उन्हें महज 9.67 फीसदी यानी 32465 वोट ही हासिल हुए थे और वे चौथे पायदान पर रहे, लेकिन इस चुनाव के बाद से ही लगातार भाजपा ने अपने मतों और प्रदर्शन में सुधार किया है। यही कारण रहा कि इसके पांच साल बाद 1989 में हुए लोकसभा के आम चुनाव में भाजपा ने पहली दफा इस सीट से जीत हासिल की।

इस चुनाव में भाजपा ने धर्मपाल गुप्ता को मैदान में उतारा था, जिन्होंने 51.53 फीसदी यानी 249389 मत हासिल करते कांग्रेस के दिग्गज नेता शिवेंद्र बहादुर सिंह को शिकस्त दी थी। इसके बाद तीसरे चुनाव में भाजपा ने 1991 में फिर से धर्मपाल गुप्ता को उतारा, लेकिन इस चुनाव में वे कांग्रेस के शिवेंद्र बहादुर से हार गए। हालांकि इस चुनाव में भी भाजपा दूसरे पायदान पर रही। इसके बाद 1996 में भाजपा ने अशोक शर्मा को टिकट दी, जिन्होंने कांग्रेस के शिवेंद्र बहादुर सिंह को हराया। 1998 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर अशोक शर्मा को मौका दिया, परन्तु वे कांग्रेस प्रत्याशी एवं मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम रहे मोतीलाल वोरा से चुनाव हार गए। इस चुनाव के बाद से अब तक हुए सभी 1999, 2004, 2009, 2014 एवं 2019 लोकसभा के आम चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की। हालांकि 2007 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने यह सीट जीती थी।

### तीसरी बार दोहराया प्रत्याशी

भाजपा 1984 से लेकर भले ही सात लोकसभा चुनाव में इस सीट से जीत हासिल कर चुकी है, लेकिन अब तक उसने केवल तीन दफा ही अपना प्रत्याशी दोहराया है। इसमें भी बीते दोनों अवसर पर प्रत्याशी को दोबारा मौका देने पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा से 1984 में धर्मपाल गुप्ता जीते थे। वहीं 1989 में हारे। इसके बाद 1996 में अशोक शर्मा जीते और 1998 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अब 2019 में जीतने वाले संतोष पांडे को भाजपा ने फिर से मैदान में उतार दिया है।

### सर्वाधिक अंतर से जीते अभिषेक

*भाजपा के राजनांदगांव सीट से अब तक सात सांसद बन चुके हैं। इनमें धर्मपाल गुप्ता, अशोक शर्मा, डॉ. रमन सिंह, प्रदीप गांधी, मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह और संतोष पांडे का नाम शामिल है, लेकिन इन सबमें अभिषेक सिंह ने सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश्वर वर्मा को 235911 मतों के अंतर से पराजित किया था। दूसरी बड़ी जीत मधुसूदन यादव के नाम है। उन्होंने 2009 चुनाव 119074 मतों के अंतर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे देवव्रत सिंह को हराया था।*

## कंगना का रोड शो



अभिनेत्री कंगना रनौत इस बार चुनाव लड़ रही हैं। वे हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं। शुक्रवार को उन्होंने अपनी संसदीय सीट पर रोड शो किया।

### बागपत में भिड़े आरएलडी भाजपा कार्यकर्ता



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव को लेकर पिछले महीने ही एनडीए के साथ जाकर आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी ने समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव को बड़ा झटका दिया था। जयंत लगातार बीजेपी और प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते रहे हैं लेकिन सवाल यह है कि क्या बीजेपी व आरएलडी के बीच गठबंधन का असर जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच भी हुआ है। नया मामला सामने आया है जहां बागपत में आरएलडी बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच भिड़ंत हो गई, और इसके चलते आरएलडी के प्रत्याशी को घटनास्थल छोड़कर भागना पड़ा।

### समाजवादी पार्टी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए 18 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन को समाजवादी पार्टी ने स्टार प्रचारक बनाया है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की सीटों के लिए अखिलेश व डिंपल के साथ जनसभाएं करेंगे। 18 स्टार प्रचारकों की सूची सपा ने जारी की है, इसमें जया बच्चन भी शामिल हैं। आगरा, फतेहपुर सीकरी सीट पर तीसरे चरण में मतदान होगा। रामजी लाल सुमन को पिछले महीने ही सपा ने राज्यसभा भेजा था।

## डीएमके ने थामा कांग्रेस का परचम



तिरुवल्लुर। तमिलनाडु में डीएमके ने गठबंधन सहयोगी कांग्रेस उम्मीदवार शशिकांत सेंथिल के समर्थन में एक चुनाव प्रचार रैली की। बड़ी संख्या में जुटे लोगों के बीच डीएमके नेता व मंत्री उदयनिधि स्टालिन विशेष रूप से शामिल हुए।

# कांग्रेस की दिन पर दिन बढ़ रहीं मुश्किलें, राहुल ने कहा- लोकतंत्र का चीरहरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

आयकर विभाग की ताजा नोटिस पर कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन और जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए मांग की कि पिछले सात आठ वर्षों के लिए जिन आधारों पर कांग्रेस से 1823 करोड़ रुपए की वसूली का नोटिस दिया गया है उस कसौटी पर भाजपा से 4600 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली की जाए। उन्होंने कहा कि आम चुनाव में विपक्ष के लिए कोई समान अवसर नहीं रह गया है।माकन ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले समान अवसर की स्थिति को खत्म करने के लिए यह सब किया जा रहा है। आयकर अधिकारियों द्वारा 210 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और उसके बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कारण कांग्रेस पहले से ही धन की कमी का सामना कर रही है।

### ....तो, फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी



कांग्रेस को मिले नोटिस के मुद्दे पर पार्टी नेता राहुल गांधी ने परोक्ष रूप से बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से एक पोस्ट में लिखा, ''जब सरकार बदलेगी तो 'लोकतंत्र का चीरहरण' करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी और ऐसी कार्रवाई होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की। ये मेरी गारंटी है। राहुल गांधी ने वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह कह रहे हैं, ''अगर ये इनस्टिट्यूशन से अपना काम करते, अगर सीबीआई अपना काम करती, ईडी अपना काम करती है तो ये नहीं होता।

### कांग्रेस से जुर्माना व ब्याज सहित राशि मांगी

आयकर विभाग के ताजा नोटिस में कांग्रेस से आकलन वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए ये राशि टैक्स के तौर पर जुर्माना और ब्याज के साथ मांगी गई है। इसके चलते पार्टी की लोकसभा चुनाव से पहले चिंता और बढ़ गई है। जानकारों की मानें तो टैक्स की ये राशि अभी और बढ़ सकती हैं। आयकर विभाग अभी कांग्रेस की वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक की आय का पुनर्मूल्यांकन रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है।

### चुनाव से पहले बढ़ी कांग्रेस की चिंता

आयकर विभाग के ताजा नोटिस में कांग्रेस से आकलन वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए ये राशि टैक्स के तौर पर जुर्माना और ब्याज के साथ मांगी गई है। इसके चलते पार्टी की लोकसभा चुनाव से पहले चिंता और बढ़ गई है। आयकर विभाग अभी कांग्रेस की वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक की आय का पुनर्मूल्यांकन रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है।

## नहीं मिली है एक भी सीट

# भाजपा से नाराज हैं अठावले? फडणवीस से की शिकायत

एजेंसी ▸▸ मुंबई

लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए की तरफ से 400+ सीटें जीतने का दावा किया जा रहा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जरूरी है कि बीजेपी और उसके सहयोगी दल महाराष्ट्र में विपक्ष का सूपड़ा साफ कर दें। हालांकि इस बीच खबर ये है कि महाराष्ट्र में बीजेपी की सहयोगी पार्टी आरपीआई (ए) सीट शेयरिंग में एक भी लोकसभा सीट न दिए जाने पर नाराज हैं।



जानकारी के अनुसार, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर उनकी पार्टी को एक भी सीट न दीजिए जाने पर नाराजगी जताई। रामदास अठावले ने न्यूज एजेंसी बताया कि लोकसभा चुनाव में आरपीआई (A) को एक भी सीट नहीं दी है, जबकि उन्होंने फडणवीस को शिरडी सीट पर अपनी दावेदारी से अवगत करवाया था।

### फडणवीस ने कहा




इधर, देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वो रामदास अठावले की मांग को बीजेपी लीडरशिप के सामने रखेंगे और कोशिश करेंगे कि ये मांग पूरी हो जाएं। अठावले ने साल 2009 में शिरडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था लेकिन वो हार गए थे। उन्होंने कहा, "लेकिन फडणवीस ने बताया कि एकनाथ शिंदे उस सीट को चाहते थे क्योंकि वहां मौजूदा सांसद शिवसेना के सदाशिव लोखंडे हैं।" केंद्रीय मंत्री ने बताया कि उन्होंने लोकसभा चुनाव के बाद एकबार फिर से मोदी सरकार में मंत्री पद की डिमांड की है और यह भी मांग की है कि 2026 में उनका कार्यकाल खत्म होने पर उन्हें फिर से राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया जाए।

## अरुण गोविल 80 के दशक में कांग्रेस के सदस्य थे, आज हैं भाजपा प्रत्याशी

# राजीव गांधी संग कांग्रेस का प्रचार कर चुके हैं 'रामायण के राम'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लगभग चार दशक पहले टीवी सीरियल 'रामायण' में मुख्य भूमिका निभाने के बाद से अरुण गोविल हिंदुओं के आराध्य राम का चेहरा बन गए हैं। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने अरुण गोविल को उनके जन्मस्थान मेरठ से अपना लोकसभा उम्मीदवार बनाया है। पहली बार चुनावी मैदान में उतरे अरुण गोविल को भाजपा ने अपने तीन बार के सीटिंग सांसद राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर उम्मीदवार बनाया है। अग्रवाल साल 2009 से लगातार मेरठ सीट से जीत रहे हैं। 2021 में पांच



राज्यों के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अरुण गोविल बीजेपी में शामिल हुए थे। अब टीवी के राम भाजपा के लिए काम करते हैं। 1987 में टीवी सीरियल रामायण शुरू हुआ। उस दौरान, गोविल की लोकप्रियता को देखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने उन्हें कांग्रेस में शामिल होने के लिए कहा था। आउटलुक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, गोविल को कई मौकों पर राजीव गांधी के साथ प्रचार करते हुए भी देखा गया था। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि साल 1988 में कांग्रेस ने गोविल को पार्टी की सदस्यता दी और चुनाव लड़ने को भी कहा। हालांकि उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

### 'राम' से पहले भाजपा ने लड़ाया था 'रावण' को चुनाव



जहां रामानंद सागर के रामायण के राम ने 1980 के दशक के अंत और 90 के दशक की शुरुआत में कांग्रेस का समर्थन किया। वहीं शो के रावण अरविंद त्रिवेदी ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होना पसंद किया। उन्होंने भाजपा से लोकसभा चुनाव भी लड़ा। 1991 में पार्टी के टिकट पर वह गुजरात के साबरकांठा से सांसद बने। हालांकि, 1996 के चुनावों में वह गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री अमर सिंह चौधरी की पत्नी और कांग्रेस उम्मीदवार निशा चौधरी से हार गए थे। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली पहली एनडीए सरकार के दौरान त्रिवेदी 2002-03 तक केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अध्यक्ष भी रहे। 2021 में त्रिवेदी का निधन हुआ था।

### 'सीता' ने ढहाया था गुजरात के वडोदरा में कांग्रेस का किला



1990 की शुरुआत में जब राम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन चरम पर था। भाजपा ने सीता की भूमिका निभाने वाली दीपिका चिखलिया को भी वडोदरा, गुजरात से मैदान में उतारा था। हालांकि 26 साल की चिखलिया को राजनीति का कोई अनुभव नहीं था। लेकिन रामायण की सीता को चुनाव में देखकर जनता के आश्चर्य का ठिकाना न था। चुनावी रैलियों में 'सीता' की एक झलक पाने के लिए जमकर भीड़ उमरती। महिलाएं उनके पैर छूने को आतुर रहतीं। नतीजा यह रहा कि वडोदरा में कांग्रेस का किला ढह गया। इस सीट पर पहली बार भाजपा को जीत मिली। दो बार के सांसद रंजीत सिंह गायकवाड़ की बुरी हार हुई। दीपिका को 49.98 फीसदी वोट मिले और वह भाजपा सांसद बन गईं।

## खबर संक्षेप

### असत्यापित पंजीकृत कृषकों के रकवे का होगा सत्यापन

**कटनी।** रबी उपार्जन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु पंजीयन नीति अनुसार ई-पोर्टल पर पंजीकृत किसानों के असत्यापित रकवो के सत्यापन का कार्य किया जाना है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक ने पत्र के माध्यम से जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा वन एवं तहसीलदारों को विकासखण्ड विजयराघवगढ़, बड़वारा, स्लीमनाबाद, बहोरीबंद, ढ़ीमरखेडा एवं रीठी, बरही, कटनी के पंजीकृत किसानों की चना, मसूर एवं सरसों के असत्यापित रकवें का उपार्जन नीति अनुसार सत्यापन किये जाने का आग्रह किया है।

### जागरूकता अभियान के तहत मैच आज से

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन एवं जिला पंचायत के सी.ई.ओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 30 मार्च से 11 अप्रैल तक प्रतिदिन रेलवे ग्राउंड, ऑर्डिनेंस ग्राउंड, पुलिस ग्राउंड एवं फॉरेस्ट ग्राउंड में प्रातः 7:30 बजे से क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत द्वारा क्रिकेट मैच आयोजन को सफल बनाने हेतु अनिल त्रिपाठी सहायक परियोजना समन्वयक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर चार अधिकारी कर्मचारियों एवं चार सहयोगी कर्मचारियों को खेल मैदान पर बैनर, फ्लैक्स एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का दायित्व सौंपा गया है।

### गतिविधियों के संचालन के लिए कर्मचारी संलग्न

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर वीडियोग्राफी से संबंधित गतिविधियों हेतु डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी तथा श्रम पदाधिकारी के.बी मिश्रा को सहायक नोडल अधिकारी वीडियोग्राफी नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना कमलकांत परस्ते द्वारा एक आदेश जारी करते हुए वीडियोग्राफी से संबंधित समस्त गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी के साथ श्रम विभाग के सहायक ग्रेड -3 शुभम दाहिया एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर हिमांशु झारिया को संलग्न किया जाकर सौपे गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### खेत गई महिला को सर्प ने काटा, हालत गंभीर



**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम हदरहटा में बीती रात एक महिला को सर्प ने काट लिया। बरही से 15 किलोमीटर दूर स्थित हदरहटा निवासी कलावती केवट 40 वर्ष पति कमला प्रसाद केवट अपने घर के पीछे खेत गई थी। तभी रात में अचानक उसे जहरीले सर्प काट लिया, जिससे उसकी हालत गंम्भीर हो गई। आनन फानन में परिजनों ने 108 की सहायता से बरही अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर कटनी रेफर किया है। इसी तरह नगर परिषद बरही में सरस्वती स्कूल स्टेशन रोड में कोबरा प्रजाति का सर्प दिखने से हडकंप मच गया। कर्मचारियों ने सर्प निकलने की सर्प विशेषज्ञ को देकर बुलाया। सर्प मित्र ने पहुंचकर रेस्क्यू कर सर्प को ढूंढा और जहरीले कोबरा को पकड़कर थैला में भर लिया। सर्प विशेषज्ञ ने कोबरा को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया है।

---

### मार्च के महीने में मई व जून की गर्मी का हो रहा अहसास, अभी से जनमानस बेहाल

# गर्मी के तल्ख तेवर, झुलसाने लगी हवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



इस साल मार्च के महीने में ही गर्मी ने रिकॉर्ड तोडऩा शुरू कर दिया है। इससे मई और जून में क्या हाल होगा ये सोचकर ही लोग अभी से चिंतित हो गए हैं। आमतौर पर मार्च में गर्मी दस्तक देती है। मार्च की रातें ज्यादा गर्म नहीं होती हैं। पंखे से भी काम चल जाता है लेकिन इस बार दिन के साथ साथ मार्च की रातें भी गर्म हो रही हैं। गर्मी का सितम केवल रात ही नहीं बल्कि दिन में भी कहर ढाने लगा है। बीते तीन चार दिनों की बात करें तो लगातार मैक्सिमम और मिनिमम टेंपरेचर बढ़ रहा है। मार्च महीने में अधिकतम तापमान की बात करें 40 डिग्री सेल्सियस तक रिकार्ड किया गया। मिनिमम टेंपरेचर ज्यादा होने से रातें गर्म होने लगी हैं। रात में भी पसीने छूट रहे हैं। यह इस बात का संकेत दे रहा है कि आने वाले दिनों में कई और रिकार्ड टूटने की संभावना है।

### तेजी से बढ़ने लगा तापमान

टेंपरेचर बढऩे से धूप में तेजी शुरू हो गई है। सुबह 10- 11 बजे से ही सडक़ों में निकलने वाले लोग मुंह और हाथ को कवर करके निकलने लगे हैं। बढ़ती गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए शिकंजी, कोल्ड ड्रिंक, आइस्क्रीम की दुकानें भी सज गई हैं। बढ़ते पारे को सेहत के लिहाज से काफी चुनौतीपूर्ण माना जाता है. ऐसे में लापरवाही बरतना आपको कई तरह की बीमारियों का शिकार बना सकता है।

### एहतियात है बेहद जरूरी

डॉक्टरों का कहना है कि फूड पॉइजनिंग की दिक्कत गर्मी की सबसे आम बीमारियों में से एक है। दूषित भोजन या पानी के सेवन के कारण होने वाली यह समस्या व्यक्ति को गंभीर रूप से बीमार कर सकती है। गर्मी के दिनों में बढ़े तापमान के कारण भोजन में बैक्टीरिया, वायरस, विषाक्त पदार्थ तेजी से पनपने लगते हैं जो शरीर में प्रवेश करने के बाद पेट दर्द, मतली, दस्त या उल्टी जैसी समस्याओं का कारण बनते हैं इससे बचाव के लिए बासी भोजन, या ऐसे किसी भी चीज को खाने से बचें जो पुरानी हो या फिर जिसमें अस्वच्छता का जरा भी संदेह हो उपयोग न करें। इस मौसम में डिहाइड्रेशन की समस्या यानी शरीर में पानी की कमी होना एक आम समस्या है। अगर इस पर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम हो सकता है।

मार्च के महीने में गर्मी के तेवर से समय लू के थपेड़ों का अहसास कराने लगी है। बढ़ती तपिश के साथ दैनिक कार्यों की रफ्तार थमती नजर आ रही है। गर्म हवाओं से अब गला भी सूखने लगा है। फलों के जूस, गन्ने का रस, नींबूपानी, छाछ, लस्सी आदि ठंडे पेयों की मांग बढ़ने लगी है। मौसम विभाग की मानें तो इस वर्ष अन्य वर्षों की अपेक्षा अधिक गर्मी पड़ने के आसार हैं। सूर्य की तीखी किरणें पूर्वान्ह से ही चुभने लगी हैं। दोपहर में तो धूप में एक पल खड़े होना मुश्किल हो गया था। लोग छांव की तलाश करते दिख रहे थे।

इस मौसम में विशेष एहतियात बरतने की आवश्यकता होती है। शरीर से अत्यधिक मात्रा में पसीना निकलने से जहा डीहाइड्रेशन की समस्या परेशान करती है, वहीं गंदगी भी कई बीमारियों की वजह बनती है। ऐसे पेय पदार्थो से बचें जो पेट में गैस पैदा करते हैं। खासकर चाय का सेवन बहुत कम कर दें।

डाक्टरों के अनुसार नारियल पानी इस मौसम में सेहत के लिए काफी फायदेमंद भी होता है। जौ भी काफी फायदेमंद साबित होती है। इसे दही में डाल कर सत्तू के रूप में भी खा सकते हैं या इसे उबाल कर टमाटर, खीरा, मिर्च, हरी चटनी, नमक आदि मिलाकर खाया जा सकता है। रोटी में भी जौ के आटे का इस्तेमाल करें। गेहूं और जौ का आटा बराबर मात्रा में मिलाकर रोटी बनाएं। यह शरीर को ठंडा भी रखेगी और पेट भी ठीक रहेगा। इसके अलावा चने को भी डाइट में प्रमुखता से शामिल करें। काला और हरा चना दोनों ही इस मौसम में ज्यादा खाना चाहिए, क्योंकि इसकी तासीर ठंडी होती है। इससे पेट नहीं फूलता और भूख भी शांत हो जाती है।

गर्मी से बचने के लिए चेहरे को तेज धूप से बचाएं। घर से निकलने के पहले चेहरे पर अच्छी क्वालिटी की सनस्क्रीन लगाएं जो सूर्य की किरणों से रक्षा करेगी। आखों को संक्रमण और धूल-मिट्टी से बचाने के लिए धूप वाला चश्मा जरूर लगाएं। धूप और तापमान बढ़ने से शरीर में पानी की कमी होने लगती है, जिससे त्वचा की चमक खत्म हो जाती है।

---

### छात्र-छात्राओं ने मतदान को लेकर किया जागरूक

**ढीमरखेड़ा।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदाताओं को जागरूक करने विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मप्र जन अभियान परिषद के अंतर्गत संचालित होने वाली सीएमसीएलडीपी कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने उमरियापान महाविद्यालय परिसर में रविवार को होली का रंग, लोकतंत्र के संग की थीम पर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया।इस मौके पर सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं ने जमकर गुलाल उड़ाया। छात्र छात्राओं और परामर्शदाताओं ने एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाया। होली पर्व की शुभकामनाएं देने के साथ लोकतंत्र के उत्सव में सहभागिता निभाने और मतदान करने को कहा।विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप गांव के प्रत्येक नागरिकों जानते और पहचानते हैं। जो 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं व मतदाता सूची में नाम शामिल हैं,ऐसे प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि आप सभी गांवों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें

---

### मानव श्रृंखला व रंगोली बनाकर किया गया जागरूक

## सभी का प्रयास होना चाहिए कि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में लगने वाली सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं ने स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता का संदेश देने वाली रंगोली बनाई। वहीं मानव श्रंखला बनाकर बच्चों ने भी लोगों से मतदान करने का आव्हान किया। रंगोली प्रतियोगिता में शामिल छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन करने के लिए विकासखंड समन्वयक बबीता शाह,सेक्टर प्रभारी कोदूलाल हल्दकार, अंकित झारिया, परामर्शदाता शैलेश दुबे, सुमित सिंह ठाकुर, सुरेश दुबे, धर्मेन्द्र गर्ग, अमर सिंह जोगी सहित अन्य शामिल हुए।

रंगोली प्रतियोगिता की थीम सुगम और सरल मतदान, मतदाता जागरूकता रखी गई थी।विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने मतदाता जागरूकता के लिए छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली की सराहना करते हुए कहा कि इससे मतदाताओं को 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की प्रेरणा मिलेगी और जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में सफलता मिलेगी। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं से कहा कि जो छात्राएं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी है वे 19 अप्रैल को अपने मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान अवश्य करें और अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें। हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे।

उन्होंने रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागियों से कहा कि वे मतदान अपने स्वयं के विवेक से करें और किसी के बहकावे या प्रलोभन में आकर मतदान न करें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता को स्वतंत्र और निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए।इसके अलावा बैनर पोस्टर के साथ छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

---

### सपा प्रदेश महिला अध्यक्ष ने ली भाजपा की सदस्यता



समाजवादी पार्टी की प्रदेश महिला अध्यक्ष डाक्टर अनीता रंजन अपने सहकर्मियों के साथ ने भोपाल में जाकर शुक्रवार की शाम भाजपा में शामिल हो गईं। अनीता रंजन ने मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन, डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला, नरोत्तम मिश्रा की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। अनीता रंजन ने बताया कि सपा द्वारा राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करने से उनकी भावनायें आहत हुई। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देश विकास, महिलाओं को सशक्त बनाने, जन जन को लाभांवित करने की योजनाओं से प्रभावित होकर ही भाजपा में शामिल हुईं।

---

## गोगो सिगरेट बेचने पर जब्त किया स्टॉक, विक्रेता को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर में बढ़ रहे नशे के ग्राफ को ध्यान में रखते हुए कोतवाली प्रभारी आशीष शर्मा ने विभिन्न दुकानों में भ्रमण कर गोगो सिगरेट बेचने वालों को सख्त लहजे में हिदायत दी। साथ ही नशे के लिए उपयोग किए जाने वाले गोगो सिगरेट को जप्त किया

गांधीगंज क्षेत्र में भ्रमण करते हुए कोतवाली थाना प्रभारी स्टाफ सहित एक दुकान पर पहुंचे जहां पर गोगो सिगरेट का दुकानदार के द्वारा खुलेआम विक्रय किया जा रहा था। थाना प्रभारी श्री शर्मा ने दुकान में मौजूद युवक को कड़ी फटकार लगाते हुए वहां मौजूद पूरा स्टॉक जप्त कर लिया। साथ ही उन्होंने दुकानदार को यह भी हिदायत दी कि इसके बाद यदि गोगो बेचते पाए गए तो फिर तुम्हारी खैर नहीं।



### बढ़ रहीं अपराधिक घटनाएं

कोतवाली थाना प्रभारी श्री शर्मा ने स्टाफ सहित आज कई दुकानों पर गोगो सिगरेट की तलाश की। कुछ दुकानों पर सिगरेट मिलने के बाद दुकानदारों को कड़ी फटकार लगाते हुए उन्होंने इस तरह के किसी भी सामग्री का विक्रय न करने की दुकानदारों को हिदायत दी। आपको बता दें कि नशे का ग्राफ बढ़ाने के कारण ही शहर में आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। गांजा और सफेद पाउडर के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले गोगो सिगरेट का सर्वाधिक उपयोग युवा वर्ग ही करते हैं। बीते आपराधिक रिकार्ड पर नजर डालें तो नशे में चूर कई युवाओं ने छोटी-छोटी बात पर गंभीर वारदातों को अंजाम दिया है।

---

### ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के शाहडार में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## जंगलों को आग से बचाने एवं अग्नि हादसों में काबू पाने दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के शाहडार में कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें अग्नि हादसों में काबू करने का प्रशिक्षण कर्मचारियों को दिया गया। वन विभाग में अधिकारियों के अलावा वन कर्मियों को जंगलों की आग को बुझाने के लिए प्रशिक्षण देने का सिलसिला शुरू कर दिया गया है।

कटनी वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा के निर्देशन में उप वन मंडल कटनी (पश्चिम) स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के शाहडार के जंगल में किया है।प्रशिक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा, वनोपज संग्रहण, जैव विविधता, भारतीय वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद, रीठी वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले वन विभाग के अधिकारियों,वन कर्मियों के अलावा समिति श्रमिक शामिल रहे।



ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा और रीठी वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश पटेल के द्वारा उपस्थित वन कर्मियों को वनों में आग लगने पर नियंत्रण किस प्रकार करना है,अग्नि लाईन कटाई को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई।जंगलों को आग से बचाने और आम लोगों की सहभागिता को इसमें बढ़ाने के उपाय भी बताए गए। इतना ही नहीं वनाग्नि से जुड़े उपकरणों का सटीक प्रयोग करने के भी तरीके बताए गए।फायर कंट्रोल रूम में काम करने के तरीके और आग लगने की घटनाओं को डाटा के रूप में एकत्रित करने के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर तक को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है।इसके साथ ही वन परिक्षेत्र में विगत वर्षों में जिस-जिस वन क्षेत्रों में अग्नि घटना घटित हुई है, उन्हें चिन्हित कर चिन्हित स्थलों को अति संवेदनशील मानते हुए आगामी अग्नि सीजन में किसी प्रकार की कोई घटना घटित न हो इस पर विशेष ध्यान देने कहा गया। जिसके तहत ग्रीष्मकाल के दौरान वनों को आग से बचाने के लिए सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। वहीं इस ओर ग्रामीणों को निरंतर समझाईश देने कहा गया।फील्ड में वॉकी-टॉकी के उपयोग पर भी अलग से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारी और वन कर्मी भी खासे उत्साहित दिखे। उनके द्वारा भी इसमें रुचि दिखाई गई। इस दौरान वन कर्मियों के तमाम सवालों या संदेह का भी निराकरण अधिकारियों के द्वारा किया गया।

---

### सताने लगा गर्मी का मौसम, नगर में घड़े बेचने पहुंचे कुंभकार

## शीतल जल के लिए सस्ते देशी फ्रिज की बढ़ने लगी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

गर्मियों में ठंडे पेयजल के रूप में काम में लिए जाने वाले मिट्टी के घड़ों की मांग अब बढ़ने लगी है। सेहत के लिए उत्तम एवं बेहतर पेयजल हमेशा प्रदान करने वाले गरीबों के फ्रिज अब नगर में बिकवाली के लिए उपलब्ध हो गये हैं। चांडक चौक में कुंभकारों ने अपनी दुकानें लगा ली हैं। जिले में भी तेज धूप अब झुलसाने लगी है। ऐसे में शीतल पेयजल के लिए लोग मटके खरीदने लगे हैं। मौजूदा वैज्ञानिक युग में देशी फ्रिज का स्थान बिजली से चलने वाले फ्रिज ने ले लिया है। इसीलिए समय के साथ अब इनका महत्व भी धीरे धीरे कम होने लगा है लेकिन मध्यम और गरीब तबके के लोग आज भी गर्मियों में ठंडे पानी के लिए मटके का ही उपयोग कर रहे हैं।

सैकड़ों सालों से लेकर आज भी लोग इन घड़ों का जल प्रयोग करते आ रहे हैं। इन घड़ों का जल आज भी लोग बड़े चाव से पीते हैं। बेशक बिजली से चलने वाले फ्रिज ने घड़ों का स्थान ले लिया है लेकिन आज भी कुछ



उत्सवों पर इन देशी फ्रिज का वजूद देखने को मिल रहा है। गरीबों के घडे.अर्थात देशी फ्रिज आज के वैज्ञानिक युग में भी उतने ही लोकप्रिय हैं जितने पहले के जमाने में होते थे। घड़े बनाने वालों की मुसीबतें बढ़ जाने से उनकी रोटी रोजी के लाले मंडराने लगे हैं। अब तो गिने चुने घड़े बनाने वाले लोग ही घड़ों का निर्माण करते हैं वरना उन्हें घड़े खरीदकर लाने पड़ रहे हैं। कड़ी मेहनत के बाद भी अच्छे दाम नहीं मिलने से अब कुम्हार भी मिट्टी के बर्तन बनाने में विशेष रूचि नहीं दिखा रहे हैं। नई पीढ़ी भी पुश्तैनी काम में रूचि नहीं ले रहें। कहा जा सकता है कि आने वाले समय में गरीबों के फ्रिज शायद बमुश्किल ही मिल पाएंगे। गरीबों के फ्रिज घड़े आज उतने लोकप्रिय नहीं हैं जितने पहले होते थे। आज भी भीषण गर्मी में सड़क किनारे मटकों में शीतल पेयजल मिलता हैं जहां ठंडा पानी पीने के लिए राहगीर रुकते हैं। घड़ों का पानी पीकर वे शकुन महसूस करते हैं। बुजुर्ग तो आज भी फ्रिज को विभिन्न रोगों का कारण मानते हुए घड़ों के पानी को ही पसंद करते हैं।

मिट्टी के घड़ों का व्यापार करने वाले कुम्हारों का कहना है कि पहले उनके गांव की मिट्टी बेहतर होती थी लेकिन ईट भट्टा लग जाने से उनको वो मिट्टी नहीं मिलती है और वे मजबूरन कहीं दूसरे स्थानों से बने बनाए घड़े लेकर आते हैं। आसपास की मिट्टी आज भी घड़े बनाने के लिए बेहतर नहीं है, मिट्टी को लाना महंगा पड़ता है। बेशक घड़ों की कद्र कम हो गई हो, लेकिन आज भी घड़ों को भुलाया नहीं जा सकता है। घड़ों में पानी लंबे समय तक ठंडा रहता है, जिसे पीने से शरीर को किसी प्रकार की कोई हानि नहीं होती हैं। ये घड़े बारीक-बारीक छिद्रों से युक्त होते हैं। पानी इन छिद्रों से सदा रिसता रहता है। वैज्ञानिक तथ्य के अनुसार जब पानी का वाष्पीकरण होता है तो ठंड महसूस होती है और घड़ों में पानी ठंडा हो जाता है। यह पानी पीने के लिए हानिकारक नहीं होता है क्योंकि यह प्राकृतिक पदार्थ मिट्टी में रखा जाता है, जिस मिट्टी में यूजीनोल जैसे पदार्थ होते हैं।

---

## नोडल अधिकारियों से तैयारियों संबंधी की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने लोकसभा निर्वाचन- 2024 के नोडल अधिकारियों से तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में सभी नोडल अधिकारी जिन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उन कार्यो के लिए उत्तरदायी है। सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर लें तथा जहां भी कठिनाईयां हो तत्काल अवगत कराएं। जिससे उनका निराकरण किया जा सके।

### कठिनाईयां हो तो बताये ताकि समय पर निराकरण हो सके

कलेक्टर ने बैठक में मतदान केन्द्रों मे सभी आवश्यक सुविधाएं, आदर्श आचरण संहिता के पालन के लिए गठित संपत्ति विरूपण दल, एफएसटी, व्हीएसटी, व्हीव्हीटी, एमसीएमसी मतदान संपन्न कराने हेतु डाटाबेस की तैयारी, मतदान दलों में लगने वाले मतदानकर्मियों की संख्या, मतदान दल को मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने के लिए वाहनो की व्यवस्था, मतदान दलो का रूट, मतदान दलो के प्रशिक्षण, मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान सामग्री की उपलब्धता तथा उनके पैकेट तैयार करने की तैयारी, कंट्रोल रूम की स्थापना, प्रशिक्षण तथा स्वीप गतिविधियों, मतदान दलों का गठन, मतदान के पश्चात स्ट्रांग रूम की व्यवस्था, शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था की समीक्षा की।

### बैठक में ये रहे मौजूद

इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते एवं संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा सहित सभी नोडल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी वर्चुअली जुड़े रहे।

# चीन विरोधी ताकतों के लिए 'समुद्री जंक्शन' बना भारत

**चेन्नई।** इंडो-पैसिफिक में चीन को काउंटर करने के लिए पश्चिमी देशों के पास सिर्फ एक ही शक्तिशाली पार्टनर बचा है, वो है भारत। अमेरिका समेत पश्चिमी देश इंडो-पैसिफिक में अपने युद्धपोतों की मौजूदगी बनाए रखने के लिए पूरी तरह से भारत पर निर्भर हो गए हैं। ब्रिटेन के दो युद्धपोत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में नेविगेशन की स्वतंत्रता की यात्रा पर निकलने से पहले मेंटिनेंस के लिए भारत पहुंचे। अमेरिकी युद्धपोतों के लिए इंडो-पैसिफिक में स्वतंत्र विचरण के लिए मेंटिनेंस की जरूरत होती है, लेकिन उनके पास भारत के अलावा कोई और सेंटर मिल नहीं पा रहा है।



1. ब्रिटेन के दो युद्धपोत नेविगेशन की स्वतंत्रता की यात्रा पर निकले
2. चीन को काउंटर करने के लिए है शक्तिशाली पार्टनर
3. यूएस-यूके के लड़ाकू युद्धपोतों ने चेन्नई में डाले लंगर
4. दोनों युद्धपोत ने भारत में कराया मेंटिनेंस

**भारत बन गया सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण**

चीन की बढ़ती समुद्री ताकत को चुनौती देने के लिए अमेरिका लगाताकर कोशिशें कर रहा है और इस कड़ी में एशिया में अमेरिका के जो पुराने शिपयार्ड थे और जो अब खराब हो चुके हैं, उनकी मरम्मत के लिए अमेरिका, लगातार दक्षिण कोरिया और जापान पर प्रेशर बना रहा है।

# ऑपरेशन गगनशक्ति जल्द...

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना अगले सप्ताह पाकिस्तानी एयरफोर्स को जवाब देगी, जब वह पश्चिमी और पूर्वी सीमा पर एक विशाल युद्ध अभ्यास, ऑपरेशन गगनशक्ति शुरू करेगी। इंडियन एयरफोर्स 1 अप्रैल से ऑपरेशन गगन शक्ति का आगाज कर रही है, जिसमें 10 हजार से ज्यादा एयरफोर्स के जवान हिस्सा ले रहे हैं। 10 दिनों तक चलने वाले इस युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना की पाकिस्तान और चीन से एक साथ मुकाबला करने की क्षमता का परीक्षण किया जाएगा। गगनशक्ति-2024 के 2018 में हुए पिछले अखिल वायु सेना अभ्यास से भी बड़ा होने की उम्मीद है। गगनशक्ति 2018 में 1150 से ज्यादा विमानों ने 13 दिनों में 11,000 उड़ानें भरीं थी।

- चीन और पाक... दो-दो मोर्चे पर लड़ाई की तैयारी कर रहा भारत ?
- 1 अप्रैल से शुरू होकर 10 दिनों तक चलेगा युद्धाभ्यास
- 10 हजार से ज्यादा एयरफोर्स के जवान होंगे शामिल



**चीन-पाक से एक साथ युद्ध की तैयारी का अभ्यास**

पिछले युद्धाभ्यास के पहला चरण में पाकिस्तान के साथ पश्चिमी सीमा पर शुरू हुआ था, जहां सुखोई एसयू -30 एमकेआई और समुद्री जगुआर लड़ाकू विमान पश्चिमी समुद्र तट पर निशाना साधने में लगे हुए थे। दूसरे चरण के दौरान, ध्यान पूर्वोत्तर राज्यों में चीन सीमा के पास पूर्वी गलियारे पर ट्रांसफर किया गया था। भारतीय वायुसेना ने भारतीय नौसेना के साथ मिलकर समुद्री लक्ष्यों पर हमले किए थे। भारतीय सेना की कोशिश अपने आप को हर एक ऐसी स्थिति के लिए तैयार करना है, जिसमें दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके।

आइए जानते हैं सुपर पावर देशों की तुलना में कहां है भारत

# शिक्षा से लेकर सीमा सुरक्षा तक एआई पर निर्भर है पूरी दुनिया

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ समय से दुनियाभर में एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की धूम मची है। आज से एक दशक पहले जिस तरह गूगल अचानक लोगों की जरूरत बन गया था। ठीक उसी तरह आज एआई भी लोगों की आम जिंदगी का हिस्सा बनता नजर जा रहा है। एआई के ऐसे कई टूल्स हैं जो लोगों के लिए काफी मददगार साबित हो रहे है। चैट जीपीटीका नाम तो आपने सुना ही होगा, ये भी एक ऐसा ही प्लेटफॉर्म है। यहां आप कोई भी सवाल पूछ लीजिए, आपको उसका लिखित जवाब मिल जाएगा। अगर आपको किसी विषय पर 400 शब्दों का निबंध लिखना हो तो चैट जीपीटीआपको ये तुरंत लिखकर दे देगा। बच्चे इस तरह के टूल का इस्तेमाल अपना होमवर्क करने में सबसे ज्यादा कर रहे हैं। कुछ लोग तो ये भी मानते हैं कि ये गूगल का रिप्लेसमेंट है। इतना ही नहीं कुछ दिन पहले ही भारत की पहली एआई टीचर की भी खूब चर्चा हुई थी। ऐसा पहली बार हुआ है जब केरल के एक स्कूल में बच्चों को पढ़ाने एक एआई रोबोट टीचर पहुंची। सबसे खास बात ये रही कि उस एआई टीचर ने मशीन की तरह नहीं बल्कि एक इंसान की तरह कॉटन की साड़ी पहनी थी। वह हूबहू एक टीचर की तरह ही लग रही थी।

## सुपर पावर देशों की तुलना में भारत कहां?

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के आंकड़ों के अनुसार भारत अभी इस टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल में लगभग दसवें पायदान पर है। हालांकि वर्तमान में भारत में लगभग 2000 एआई स्टार्ट-अप्स हैं। इस क्षेत्र में इतनी तेजी बदलाव हो रहा है कि कुछ ही साल में भारत सबसे बड़े सुपर पावर के रूप में उभर सकता है। इंटीग्रेशन विजर्ड सॉल्यूशन के सीईओ कुणाल किस्लय ने एक रिपोर्ट में बताया कि एआई की इस रेस में इन दिनों सबसे आगे अमेरिका और चीन है। चीन ने साल 2017 में ही एक तीन स्टेप का प्रोग्राम शुरू किया था। ताकि देश साल 2030 तक वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का वर्ल्ड लीडर बन सके। साल 2017 में ही चीन ने 2030 तक लगभग 150 बिलियन डॉलर की इंडस्ट्री स्थापित करने का लक्ष्य तय किया था।



## एआई के इस्तेमाल के मामले में भारत

भारत की बात की जाए नीति आयोग ने 2019 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए संस्थागत तरीके से काम करना शुरू किया है। इसी साल जून के महीने में मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन के समर्थन से नैसकॉम का नेशनल एआई पोर्टल लाइव हो गया। आंकड़ों की मानें तो ओरियोन मार्केट रिसर्च के अनुसार साल 2018 में भारत का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का खर्च 109.6% बढ़कर 665 मिलियन डॉलर हो गया था।

## आखिर ये एआई है क्या?

इंसान को धरती का सबसे बुद्धिमान जीव माना जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इंसानी दिमाग किसी भी टास्क को कर सकता है। वहीं जब एक मशीन किसी काम को इंसानों की तरह सोच-समझकर करने लगे तो उसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कहा जाता है। साल 1950 में इसी परिभाषा के साथ किसी मशीन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई माना जाता था। हालांकि समय के साथ विकसित होती टेक्नोलॉजी के साथ मशीन को लेकर इस परिभाषा में भी कई तरह के बदलाव हुए।

# सबसे अलग है आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी

**जबलपुर।** कई बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ महीनों में भारत में ब्याज दरों में लगभग 7% के मौजूदा स्तर से गिरावट आएगी, जिससे ग्राहकों को वार्षिकी उत्पाद में वर्तमान ब्याज दर पर अपने निवेश को लॉक-इन करने का मौका मिलेगा। आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी वार्षिकी उत्पादों में सबसे अलग है क्योंकि यह ग्राहकों को व्यवस्थित निवेश करके सेवानिवृत्ति निधि बनाने में मदद करता है। यह सेवानिवृत्ति के बाद एक निश्चित और स्थिर आय सुनिश्चित करता है, जो भारत जैसे बाजार में विशेष रूप से फायदेमंद है जहां ब्याज दरों में गिरावट की भविष्यवाणी की जाती है। इसके अतिरिक्त, इस योजना का एक संस्करण एक अनूठी सुविधा प्रदान करता है जो भुगतान किए गए सभी प्रीमियमों का 100% रिफंड प्रदान करता है, जिससे यह जीवन बीमा उद्योग का पहला ऐसा उत्पाद बन जाता है। तो अब वार्षिकी उत्पाद में निवेश करने से ग्राहकों को कैसे लाभ होता है? पेंशन या वार्षिकी उत्पाद जो केवल जीवन बीमा कंपनियों द्वारा पेश किए जाते हैं, गारंटीशुदा नियमित आजीवन आय प्रदान करते हैं। ब्याज दर खरीद के समय ही लॉक-इन कर दी जाती है।

# डॉ.प्रमोद पहारिया को प्राइड ऑफ एमपी अवार्ड

**ग्वालियर।** डॉ.मोहन यादव, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ने डॉ. प्रमोद पहारिया को प्राइड ऑफ एमपी अवार्ड से सम्मानित किया। उनको यह उपलब्धि रीढ़ की हड्डी का उपचार बिना ऑपरेशन मात्र इंजेक्शन तकनीक से इलाज के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए प्राप्त हुई है। डॉ.पहारिया सर गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली के पूर्व स्पाइन सर्जन रह चुके हैं।



## पहली बार अंबानी-अडाणी के बीच हुआ करार

**एजेंसी:मुंबई।** उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कारोबारी गौतम अडाणी की कंपनी अडाणी पावर के साथ करार किया है। मध्य प्रदेश में एक बिजली परियोजना में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 26 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है। यह पहला मौका है जब दो दिग्गज अरबपति उद्योगपतियों के बीच किसी तरह का गठजोड़ हुआ है। 'रिलायंस इंडस्ट्रीज ने पावर प्लांट से उत्पादन होने वाले 500 मेगावाट बिजली का इस्तेमाल करने के लिए एक अडाणी पावर के साथ समझौता किया है। स्टॉक्स एक्सचेंजो के पास दाखिल किए गए।

## राशिफल

**मेष** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि

**कर्क** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

# स्पंज आयरन संबंधी जनहित याचिका खारिज, लगाया जुर्माना

**मामला बिलासपुर के बिल्हा क्षेत्र का**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने स्पंज आयरन प्रोजेक्ट से संबंधित एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले को खारिज कर दिया है। एक स्पंज आयरन प्रोजेक्ट को बंद कराने की मांग करते हुए प्रस्तुत जनहित याचिका को आज हाईकोर्ट ने खारिज करते हुए 5 हजार रुपए की जुर्माना भी लगाया है। हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ता को निर्धारित फोरम में जाने की छूट प्रदान की है। बिलासपुर जिले में बिल्हा के करीब मौहाभाटा में मंगल स्पंज आयरन का प्लांट है। इसके लिए रेलवे साइडिंग ली जा रही है, जिसके लिए भूमि अधिग्रहण हो रहा है। इसका विरोध करते हुए स्थानीय निवासी रवीश शर्मा ने एक जनहित याचिका हाईकोर्ट में पेश कर कहा कि यह नियमों के विपरीत जाकर काम किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट को शुरू करने की अनुमति नहीं दी जाए और इसे बंद किया जाए। इस मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने शासन की ओर से पेश संबंधित दस्तावेजों को देखने के बाद कहा कि यह कोई जनहित संबंधी प्रश्न नहीं है। इसके लिए राजस्व विभाग में जाना चाहिए। डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ता पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाकर इस याचिका को खारिज कर दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ता को किसी निर्धारित फोरम में जाने की छूट भी प्रदान की है।



# आचार संहिता उल्लंघन मामले में आयोग ने कलेक्टर से मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल द्वारा चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के संबंध में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश कुमार महादेव श्रीरसागर ने कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग को पत्र लिखकर मामले की रिपोर्ट मांगी है। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल द्वारा चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के संबंध में शिकायतकर्ता राजेन्द्र कुमार पाध्ये, जिला भाजपा उपाध्यक्ष से प्राप्त शिकायत एवं वीडियो की 1 नग सीडी मांगी गई है। भारत निर्वाचन आयोग के खिलाफ भड़काऊ बयान जारी करने एवं चुनाव प्रक्रिया को अनुचित रूप से प्रभावित करने को लेकर जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार ने 24 मार्च 2024 को कार्रवाई की मांग की थी। भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष आचार संहिता उल्लंघन को लेकर राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ शिकायत की गई है।




## यह है शिकायत

भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने लिखित शिकायत में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिला अंतर्गत पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूपेश बघेल जो राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित है। उन्होंने विगत 26 मार्च 2024 को पाटन विधानसभा के आमालोरी गांव में आयोजित कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में भारत निर्वाचन आयोग के खिलाफ भड़काऊ बयान दिया। जिसमें उन्होने कहा कि, अगर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में 375 से अधिक कैंडिडेट होंगे तो निर्वाचन आयोग को राजनांदगांव में बैलेट पेपर से मतदान करवाना होगा।

## मिनर्वा वेंचर्स ने खरीदी ओसिया में हिस्सेदारी

**अहमदाबाद।** ओसिया हाइपर रिटेल लिमिटेड गुजरात स्थित एक लीडिंग रिटेल चेन है। एनएसई पर उपलब्ध बल्क डील्स के आंकड़ों के आधार पर, मिनर्वा वेंचर्स फंड ने कंपनी में हिस्सेदारी खरीदी है।

**बेचना**


मकान बेचना है - मैं श्रीमती पुष्पा गुप्ता साई भवन वार्ड नंबर 9 बिहारी कालोनी तहसील के पीछे अनूपपुर स्थित अपने स्वामित्व के कुआं सहित 27 गुणा 80 फुट यानि 2160 स्कवायर फुट मे बने एक मंजिला मकान को शीघ्र बेचना है। इच्छुक खरीददार संपर्क करें, ब्रोकर नहीं। मो. 7999897256 (अनूपपुर/02/अप्रैल/24)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।




## शब्द पहेली - 5466



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 5465 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | ■ | मा | न | व | ता |
| त | न | ■ | ल | ■ | ल | म्बा | ई | ■ | श | र |
| रा | ■ | आ | क | र्ष | क | ■ | न | स | ■ | को |
| धि | क्का | र | ना | ■ | ■ | अ | ■ | च | प | ल |
| का | ■ | क्ष | ■ | भा | गी | दा | र | ■ | र | ■ |
| र | म | ण | यो | ग्य | ■ | व | ज | न | दा | र |
| ■ | ह | ■ | ग | फ | ल | त | ■ | म | ■ | ह |
| द | ल | ना | ■ | ल | ■ | ■ | य | की | न | न |
| श | ■ | का | व्य | ■ | त | न | म | न | ■ | स |
| ह | रा | ■ | स | ला | मी | ■ | रा | ■ | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | ■ | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकु नवताल- 5477

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5476 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |



# कपिल शर्मा को मिला लग्जरी घर, एयरपोर्ट और कप्पू कैफे

**मुंबई।** जब से कपिल शर्मा के शो का नया सीजन अनाउंस हुआ है, तब से फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। न सिर्फ नए सीजन का नाम बदला है, बल्कि कपिल शर्मा का घर और पता भी बदल गया है। अब शो का नाम 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' है, जो 30 मार्च से रात 8 बजे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। कपिल शर्मा का नया घर बेहद खूबसूरत है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का सेट पिछले सीजन के सेट के मुकाबले काफी आलीशान और लग्जरी वाला है। इसमें एयरपोर्ट से लेकर वेटिंग लाउंज और यहां तक कि कप्पू का स्पेशल कैफे है। कपिल शर्मा ने जब 2013 में अपने शो की शुरुआत 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' से की थी, तो शो में उनके परिवार को मिडल क्लास दिखाया गया था।

## लाइफ Style



# प्रियामणि

## अजय-शाहरुख आंखों से करते हैं बातें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'मैदान' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में अजय देवगन के साथ प्रियामणि मुख्य भूमिका में हैं। प्रियामणि इडंस्ट्री की सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कई अभिनेताओं के साथ काम किया है। ऐसे में अभिनेत्री ने हाल ही में अजय देवगन और शाहरुख खान के साथ काम करने पर खुलकर बात की।

प्रियामणि इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'आर्टिकल 370' की सफलता का आनंद ले रही हैं। इसके बाद वह अपनी अगली बॉलीवुड फिल्म मैदान की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान उन्होंने अजय देवगन की खूब तारीफ की। अभिनेत्री ने कहा, 'अजय देवगन बहुत अच्छे हैं। वह पूरी तरह से अलग हैं। वह इतने शानदार अभिनेता हैं कि वह अपनी आंखों से बहुत कुछ कह जाते हैं। मुझे अब भी वह समय याद है जब हमने साथ में शूटिंग की थी।' उन्होंने आगे कहा, 'जब भी हमने इमोशनल सीन शूट किए, मुझे याद है कि उनमें ज्यादा डायलॉग नहीं थे। फिर भी उन्हें बोलना नहीं पड़ता। उनकी आंखे, उनकी बॉडी लैंग्वेज और उनके एक्सप्रेशन बहुत कुछ कहते हैं। मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने रहीम साहब को जीवंत किया है, वह शानदार है।' प्रियामणि ने पिछले साल फिल्म 'जवान' में शाहरुख खान के साथ स्क्रीन साझा की थी। उनसे जवान में किंग खान के साथ काम करने के बारे में पूछा गया। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'वह अपनी आंखों से भी एक्सप्रेसिव हैं। वे इसे बहुत ही अलग तरीके से व्यक्त करते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# मिसकैरेज पर किया खुलासा

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ऐनी हैथवे, जो अपनी आगामी रिलीज 'द आइडिया ऑफ यू' के लिए आलोचकों की तारीफ का लुफ्त उठा रही हैं, वह कई पर्सनल और प्रोफेशनल उतार-चढ़ाव से गुजरी चुकी हैं। इसका खुलासा एक इंटरव्यू में किया। ऐनी ने क इंटरव्यू में अपने संघर्षों के बारे में बात की। एक्ट्रेस ने अपने जीवन के उस कठिन दौर के बारे में भी विस्तार से बताया जब उनका गर्भपात हो गया था। ऐनी ने 2019 में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था।



# डिकैप्रियो की गर्लफ्रेंड संग वायरल हुई तस्वीर

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड सुपरस्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपने पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। पिछले काफी समय से एक्टर का नाम मॉडल विटोरिया सेरेटी के साथ जुड़ रहा है। दोनों काफी समय से डेट कर रहे हैं। अब इस कपल को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा हो रही है कि, दोनों ने सगाई कर ली है। ये चर्चा तब शुरू हुई तब विटोरिया सेरेटी की इंगेजमेंट फिंगर में रिंग नजर आई। लियोनार्डो डिकैप्रियो का नाम अब तक कई एक्ट्रेसेज से जुड़ चुका है, लेकिन पिछले कुछ महीनों से वह विटोरिया सेरेटी को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई बार एक साथ पार्टी करते भी देखा गया है। अब गुरुवार को सोशल मीडिया पर इस कपल की नई तस्वीरों ने फैंस को हैरान कर दिया है। लियोनार्डो और विटोरिया को लॉस एंजिल्स में एक मैक्सिकन रेस्तरां में देखा गया। इन तस्वीरों में जिस चीज ने ध्यान खींचा वो थी डायमंड रिंग।



# शादी के शोर के बीच दिखाई रिंग...


**मुंबई।** एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने अपनी शादी की खबरों के बीच फाइनली चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बता दिया है कि उनकी और सिद्धार्थ की शादी नहीं बल्कि सगाई हुई है। एक्ट्रेस ने गुरुवार को सिद्धार्थ के साथ एक फोटो शेयर की है और कैप्शन में उन्होंने साफ किया कि उनकी सगाई हो चुकी है। दोनों ने अपनी अंगूठियां भी फ्लॉन्ट कीं। अदिति ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन दिया, 'उन्होंने हां कहा!' इंगेज्ड।' उन्होंने बैकग्राउंड में सिद्धार्थ की 'चिट्ठा' के गाने का भी इस्तेमाल किया। इससे पहले, बुधवार से खबरें आ रही थीं कि अदिति और सिद्धार्थ ने 27 मार्च को तेलंगाना के एक मंदिर में गुपचुप तरीके से शादी कर ली है, जो कुछ समय से रिलेशनशिप में हैं। रिपोर्ट्स में ये भी कहा गया कि यह समारोह श्रीरंगपुर के श्री रंगनायकस्वामी मंदिर मंडपम में आयोजित किया गया था।



# 'द गोट लाइफ' पर लुटाया प्यार


**मुंबई।** पृथ्वीराज सुकुमारन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आदुजीविथम' उर्फ 'द गोट लाइफ' आखिरकार आज 28 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। फिल्म के ट्रेलर को साउथ सुपरस्टार प्रभास ने खूब सराहा था। अब उन्होंने के बार फिर पृथ्वीराज सुकुमारन को फिल्म के लिए शुभकामनाएं दीं और अपना प्यार व्यक्त किया। इंस्टाग्राम स्टोरी पर प्रभास ने 'द गोट लाइफ' का एक पोस्टर साझा किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, 'चमकते रहो पृथ्वीराज सुकुमारन मैंने आपका समर्पण प्रत्यक्ष रूप से देखा है और मुझे पता है कि आपने इस फिल्म पर कितनी मेहनत की है। यहां और भी बहुत कुछ है, आगे जीत के हकदार हैं। इससे पहले पृथ्वीराज सुकुमारन को प्रभास के साथ 'सालार पार्ट वनः सीजफायर' में देखा गया था।

# विक्रांत की 'द साबरमती रिपोर्ट' का टीजर रिलीज




*मुंबई। '12वीं फेल' से जलवा दिखाने वाले विक्रांत मैसी अब एक और फिल्म के साथ हाजिर हैं 'द साबरमती रिपोर्ट', जिसकी काफी दिनों से चर्चा थी। इस फिल्म में गोधरा अग्निकांड की कहानी दिखाई जाएगी। कुछ दिन पहले ही मेकर्स ने इसका एक वीडियो रिलीज किया था, और अब टीजर रिलीज किया है। 'द साबरमती रिपोर्ट' में मेकर्स दिल को झकझोर देने वाली कहानी लेकर आ रहे हैं, जो 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस में घटी थी। उस दिन साबरमती एक्सप्रेस के डिब्बों में लगी आग में कई लोग जिंदा जल गए थे। करीब 59 लोगों की जानें चली गई थीं। उस खौफनाक घटना को 22 साल हो गए, पर वो जख्म आज भी ताजा हैं। 'द साबरमती रिपोर्ट' के टीजर में उन चीजों की झलक दिखाई गई है, जो 22 साल से छुपे हुए थे। लेकिन इसे बाहर लाने में विक्रांत मैसी, रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना जी-जान से लगे हुए हैं।*

# फिल्म 'क्रू' की एडवांस बुकिंग शुरू




*मुंबई। कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'क्रू' की रिलीज के लिए तैयार है। शुक्रवार को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से दर्शकों के बीच इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं, इसके गाने को भी खूब पसंद किया जा रहा है। इस बीच फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है, जिससे उम्मीद है कि फिल्म को फर्स्ट डे अच्छी ओपनिंग मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'क्रू' ने अपने एडवांस बुकिंग कलेक्शन में 4431 शो के लिए 31,126 टिकट बेचे हैं, जिससे फिल्म ने रिलीज से पहले ही लगभग 72 लाख रुपये की कमाई कर ली है। मेकर्स को उम्मीद है कि अभी आंकड़ों में और बढ़ोत्तरी हो सकती है, जिससे फर्स्ट डे फिल्म को अच्छी ओपनिंग मिल सकती है।*



# बेटे के जन्म के बाद अनुष्का ने पोस्ट की पहली फोटो

**मुंबई।** एक महीने से ज्यादा समय के बाद अनुष्का शर्मा इंस्टाग्राम पर वापस आ गई हैं। एक्ट्रेस लंदन में अपने नवजात बेटे अकाय की देखभाल में व्यस्त हैं, जहां वह फिलहाल रह रही हैं। उन्होंने बेटे के जन्म के बाद पहली बार गुरुवार को अपनी एक खूबसूरत तस्वीर पोस्ट की। हालांकि, उनकी ये फोटो एक मोबाइल फोन ब्रांड का विज्ञापन है लेकिन फैंस को इससे क्या मतलब! फोटो में अनुष्का हाथ में एक स्मार्टफोन लिए नजर आ रही हैं। उन्होंने एक सफेद शर्ट और नीली जींस पहनी हुई है, छोटे बाल में वो बेहद खूबसूरत लग रही हैं। लकड़ी की बेंच पर तकिए और कंबल बिछाकर बैठी अनुष्का अलग ही ग्लो कर रही हैं। अनुष्का ने इंस्टाग्राम पोस्ट को कैप्शन दिया, 'सुबह का सूरज और मेरे #वनप्लसओपन पर कुछ पढ़ने का समय - दिन की शुरुआत करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है।'

# यशराज की स्पाई यूनिवर्स में बॉबी देओल की एंट्री



**मुंबई।** 'एनिमल' में अबरार का खूंखार किरदार निभाने वाले बॉबी देओल की झोली अब फिल्मों से भरती जा रही है। साउथ में सूर्या की 'कंगुवा' के बाद उनके हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है। बॉबी देओल की यशराज की स्पाई यूनिवर्स में एंट्री हुई है। जी हां, ताजा रिपोर्ट यह है बॉबी 'स्पाई यूनिवर्स' की अपकमिंग फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ के सामने खतरनाक विलेन बनकर खड़े होंगे। दिलचस्प है कि 'एनिमल' में बॉबी के सामने रणबीर कपूर थे और अब उनकी पत्नी आलिया से उनका सामना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, शिव रवैल के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म में आलिया भट्ट महिला जासूस की भूमिका निभाएंगी। इस फिल्म में आलिया के साथ शरवरी वाघ भी रॉ एजेंट बनेंगी। दोनों एकसाथ एक मिशन को अंजाम देंगी।

# कलाकारों की सभी फिल्में हिट नहीं होती



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोत इन दिनों काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। दरअसल, हाल ही में उन्होंने 2024 में बीजेपी की टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। अब एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपने करियर पर भी खुलकर बात की है। इंटरव्यू में जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह राजनीति में इसलिए आ रही हैं, क्योंकि उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं। जवाब देते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है। फिल्म इंडस्ट्री में ऐसे कई स्टार्स हैं, जिनकी हर फिल्म हिट नहीं होती। इसके बाद उन्होंने शाहरुख खान का उदहारण देते हुए कहा कि उनकी 10 साल तक फिल्में नहीं चली, फिर पठान चली। मेरी भी 7-8 साल तक कोई मूवी नहीं चली, फिर क्वीन चली।

# पहले झेला रिजेक्शन, अब अदाकारी से लूटते हैं वाहवाही

*मुंबई। जिंदगी में हर किसी को कभी न कभी रिजेक्शन का सामना जरूर करना पड़ता है। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में मौजूदा समय में कई ऐसे सितारे हैं जिनकी फैन फॉलोइंग करोड़ों में हैं। वे अपनी फिल्मों से लोगों के दिलों पर राज करते हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि इनमें से कुछ बड़े नाम अपने करियर के शुरुआती दौर में ऑडिशन के दौरान रिजेक्शन का सामना कर चुके हैं।*




### रणवीर सिंह

*रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, पद्मावत, सिम्बा, गली बॉय जैसी फिल्मों में अपनी शानदार अदाकारी से लोगों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले रणवीर सिंह आज फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम है। हालांकि, शुरुआती दौर में पैर जमाने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा था। एक साक्षात्कार के दौरान निर्देशक अनुराग कश्यप ने खुलासा किया था कि शैतान के ऑडिशन के दौरान रणवीर को उन्होंने रिजेक्ट कर दिया गया था।*

### आलिया भट्ट

इस लिस्ट में आलिया भट्ट का नाम भी शामिल है। गंगूबाई काठियावाड़ी, उड़ता पंजाब, राजी और गली बॉय जैसी फिल्मों में उन्होंने शानदार अभिनय से लोगों के दिल जीते हैं। हालांकि, बहुत कम ही लोगों को यह बात पता है कि वे भी ऑडिशन में रिजेक्ट हो चुकी हैं। आलिया ने कथित तौर पर 17 साल की उम्र में वेक अप सिड के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन यह फिल्म उनके हाथ नहीं लग सकी थी।





### विक्की कौशल

विक्की कौशल ने अपने अभिनय से इंडस्ट्री में खास मुकाम हासिल कर लिया है। फिल्म सैम बहादुर और डंकी में उनकी अदाकारी को लोगों ने खूब पसंद किया। मसान, राजी, मनमर्जियां में प्रभावशाली जैसी फिल्मों में वे अपनी एक्टिंग से लोगों को प्रभावित कर चुके हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि विक्की ने भाग मिल्खा भाग के लिए ऑडिशन दिया था? हालांकि, राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म उन्हें नहीं मिल सकी थी।

### रणबीर कपूर

रणबीर कपूर मौजूदा समय के सबसे बड़े फिल्म सितारों में से एक हैं। उनकी फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की है। हर बड़े से बड़ा डायरेक्टर आज उनके साथ फिल्म बनाना चाहता है, लेकिन एक ऐसा भी समय था जब उन्हें रिजेक्शन का सामना करना पड़ा था। कम ही लोग जानते हैं कि रणबीर ने फिल्म द रिलक्टेंट फंडामेंटलिस्ट के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन निर्देशक मीरा नायर ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया था, क्योंकि वे उस भूमिका में फिट नहीं थे।






### दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण न केवल बॉलीवुड में एक बेहतरीन कलाकार के रूप में पहचानी जाती हैं बल्कि हॉलीवुड भी उनकी बेहतरीन एक्टिंग का लोहा मान चुका है। बॉलीवुड की टॉप की अभिनेत्रियों में शुमार होने वाली दीपिका भी रिजेक्शन का दर्द झेल चुकी हैं।

## आईपीएल पाइंट टेबल


| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| चेन्नई | 2 | 2 | 0 | 4 |
| राजस्थान | 2 | 2 | 0 | 4 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 |
| कोलकाता | 1 | 1 | 0 | 2 |
| पंजाब | 2 | 1 | 1 | 2 |
| बेंगलोर | 2 | 1 | 1 | 2 |
| गुजरात | 2 | 1 | 1 | 2 |
| दिल्ली | 2 | 0 | 2 | 0 |
| मुंबई | 2 | 0 | 2 | 0 |
| लखनऊ | 1 | 0 | 1 | 0 |

**ऑरेंज कैप**



हेनरिक क्लासेन
143 रन
सनराइजर्स हैदराबाद

**पर्पल कैप**



मुस्तफिजुर रहमान
06 विकेट
चेन्नई सुपर किंग्स

**बाउंड्री मीटर**

259 चौके

170 छक्के

# उन्मुक्त चंद ऑउट, अमेरिका ने 15 सदस्यीय टी-20 टीम का किया ऐलान

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

कनाडा के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अमेरिका ने अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। मोनंक पटेल के हाथों में टीम की बागडोर सौंपी गई है। वहीं, एरोन जोन्स को उकप्तानी की जिम्मेदारी मिली है। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर कोरी एंडरसन को भी टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, उन्मुक्त चंद टीम में जगह बनाने में असफल रहे हैं।

अमेरिका की 15 सदस्यीय टीम में कई चौंकाने वाले नाम शामिल हैं। साल 2012 में भारत की अंडर 19 चैंपियन टीम का हिस्सा रहे हरमीत सिंह को भी टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेल चुके मिलिंद कुमार को भी टीम में रखा गया है।



### अंडर-19 चैंपियन को नहीं मिली जगह

भारत को अंडर-19 चैंपियन बनाने वाले कप्तान उन्मुक्त चंद को अमेरिका की 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले इस सीरीज को अमेरिका के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। ऐसे में उन्मुक्त का टीम में ना होना उनके लिए खतरे की घंटी है। साल 2011 विश्व कप में कनाडा की कप्तानी करने वाले नीतिश कुमार की भी इस सीरीज से इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी होने जा रही है। हालांकि, वह अमेरिका की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे।

### सीरीज का शेड्यूल

अमेरिका और कनाडा के बीच होने वाली टी-20 सीरीज का आगाज 7 अप्रैल से होगा। दूसरा मुकाबला 9 अप्रैल को खेला जाएगा। वहीं, तीसरा 10 और चौथा मुकाबला 12 अप्रैल को खेला जाना है। सीरीज का अंतिम मैच 13 अप्रैल को खेला जाएगा। सभी मैच टेक्सास में खेले जाने हैं।

### यूएसए टी-20 टीम

मोनांक पटेल (कप्तान), एरोन जोन्स (उप-कप्तान), एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, गजानंद सिंह, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केनजिगे, सौरभ नेत्रावलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, उस्मान रफीक।

### चयन नहीं होने पर भड़के उन्मुक्त

उन्मुक्त चंद ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग मेजर लीग क्रिकेट और ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग सहित दुनिया भर की विभिन्न टी20 लीगों अपना जलवा बिखेरा है। वह एमएलसी के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्मुक्त ने 45 पारियों में 1500 रन बनाए हैं। हालांकि इसके बाद भी उन्मुक्त का सिलेक्शन यूएसए टीम में नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने अपनी भड़ास निकाली है। टीम में नहीं चुने जाने के बाद उन्मुक्त चंद ने खराब सिस्टम का का हवाला देकर यूएसए क्रिकेट की आलोचना की है। साथ ही इसे बदलने की सलाह भी दे दी। उन्होंने लिखा, जीवन की विडंबना, मैं लोगों को खराब व्यवस्था और सही परिवर्तनों की आवश्यकता के बारे में शिकायत करते हुए सुनता रहता हूं, लेकिन जब वही लोग सत्ता में आते हैं, तो वे भी वही अन्यायपूर्ण तरीके अपनाते हैं। अब समय आ गया है कि हम अपने अंदर बदलाव लाएं और जो सही है उसके लिए मजबूती से खड़े हों।

## खबर संक्षेप



### आलोचनाओं पर ध्यान नहीं दें हार्दिक, यह अप्रासंगिक

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने हार्दिक पंड्या को सलाह दी है कि वह मुंबई इंडियंस का नया कप्तान बनाए जाने के बाद हो रही हूटिंग पर ध्यान नहीं दें क्योंकि यह सभी 'अप्रासंगिक' हैं। इस सत्र की शुरुआत से पहले पांच बार के आईपीएल विजेता कप्तान रोहित शर्मा की जगह मुंबई की कप्तानी संभालने वाले हार्दिक के कप्तानी कार्यकाल की शुरुआत निराशाजनक रही क्योंकि मुंबई की टीम ने शुरुआती दोनों मैच गंवा दिए हैं। दो हार के अलावा गुजरात टाइटंस के पूर्व कप्तान हार्दिक की मुंबई के पहले दो मुकाबलों के आयोजन स्थल अहमदाबाद और हैदराबाद में प्रशंसकों ने खूब हूटिंग की क्योंकि वे रोहित को कप्तानी से हटाने के तरीके से स्पष्ट रूप से नाखुश थे।

### यह संभवतः मेरा सर्वश्रेष्ठ अंतिम ओवर

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश खान को लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा चरण में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जो अंतिम ओवर डाला था, वह 'डेथ ओवरों' में संभवतः उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास था।



आवेश को गुरुवार रात को अंतिम ओवर में 17 रन का बचाव करना था और वह आराम से ऐसा करने में भी सफल रहे जिसमें उन्होंने एक के बाद एक यार्कर डालकर प्रतिद्वंद्वी टीम को महज चार रन ही दिए। इससे राजस्थान ने दिल्ली कैपिल्स पर 12 रन से जीत हासिल की। उन्होंने कहा, ''ऐसा नहीं है कि मैंने पहली बार अंतिम ओवर डाला है। पिछले साल मैंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ ऐसा किया था। जब मैं दिल्ली के लिए खेलता था तो वहां भी अंतिम ओवर डाला था।

### अनुजा के शतक से मध्य क्षेत्र पर पश्चिम क्षेत्र भारी

**पुणे।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अनुजा पाटिल के आक्रामक शतक से पश्चिम क्षेत्र ने यहां महिला अंतरक्षेत्रीय बहुदिवसीय कप के दूसरे दिन मध्य क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 111 रन की बढ़त हासिल कर ली। मध्य क्षेत्र के पहली पारी में 245 रन के जवाब में पश्चिम क्षेत्र ने अनुजा की 120 गेंद में 122 रन की पारी के अलावा जेमिमा रोड्रिग्ज (69 रन) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 155 रन की साझेदारी से पहली पारी में 356 रन बनाए। मध्य क्षेत्र ने दूसरी पारी में बेहतर शुरुआत करते हुए बिना विकेट खोए 68 रन बना लिए हैं। टीम अब सिर्फ 43 रन से पिछड़ रही है जबकि उसके सभी 10 विकेट शेष हैं। दिन का खेल खत्म होने पर पूनम राउत 32 जबकि नुजहत परवीन 35 रन बनाकर खेल रहीं थी।



टेनिस : ग्रैनोलर्स और जेबालोस की जोड़ी को दी करारी मात

# बोपन्ना-इबडेन मियामी खिताब से एक कदम दूर, डोडिग-क्राजिसेक से आज होगा सामना

एजेंसी ▶▶| मियामी

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। आस्ट्रेलियाई ओपन के विजेता बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1, 6-4 की जीत के दौरान जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा।

फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को 6-4, 6-7(7), 10-7 से मात दी। बोपन्ना दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में मिली हार और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 32 से बाहर होने से युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए थे लेकिन इस जीत से उन्हें सोमवार को अपडेट होने वाली रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद मिलेगी।



### 14वां एटीपी मास्टर्स फाइनल

आस्ट्रेलियाई ओपन की जीत के बाद 44 वर्षीय बोपन्ना एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए थे। बोपन्ना के लिए यह उनका 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल और मियामी का पहला फाइनल होगा। यह उनका एटीपी टूर स्तर का 63वां फाइनल होगा। वह अभी तक 25 युगल खिताब जीत चुके हैं। बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी का यह एटीपी मास्टर्स 1000 का पांचवां फाइनल होगा। बोपन्ना ने साथ ही एक और उपलब्धि भी अपने नाम की, वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए।

### दिमित्रोव ने शीर्ष वरीय अल्काराज को हराया

आठवें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव ने मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय कार्लोस अल्काराज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। दिमित्रोव की यह करीब पांच वर्ष में शीर्ष पांच रैंकिंग के खिलाड़ी पर पहली जीत है। अब वह शुक्रवार को सेमीफाइनल में चौथे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे जिन्होंने गुरुवार रात को गैर वरीय फैबियन मारोजसान पर 6-3, 7-5 से जीत हासिल की। दूसरे वरीय यानिक सिनर का सामना दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी रैंकिंग के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव से होगा जो पिछले साल के फाइनल का दोहराव होगा जिसमें मेदवेदेव विजेता रहे थे।

### रिबाकिना की शानदार जीत

महिला वर्ग में चौथी वरीय एलीना रिबाकिना को फिर से तीन सेट से गुजरना पड़ा और अंत में उन्होंने सेमीफाइनल में विक्टोरिया अजारेंका पर 6-4, 0-6, 7-6(2) से जीत हासिल की। रिबाकिना पिछले साल भी फाइनल में पहुंची थी लेकिन पेत्रा क्वितोवा से हार गई थी। अब रिबाकिना का सामना गैर वरीय डेनिलय कोलिंस से होगा जिन्होंने 14वें नंबर की एकैटरीना एलेक्यांद्रोवा को 6-3 6-2 से हराया।

खास खबर

## मोंटे कार्लो और म्यूनिख में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे मरे



**लंदन।** एंडी मरे मियामी ओपन मे लगी टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन की प्रबंधन टीम ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह मोंटे कार्लो और म्यूनिख में आगामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। मोंटे कार्लो मास्टर्स सात अप्रैल से शुरू होगा जबकि म्यूनिख में बीएमडब्लू ओपन अगले हफ्ते से खेला जाएगा। मियामी ओपन के एक मैच के दौरान रविवार को उनके बाएं टखने की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस 36 साल के खिलाड़ी ने अगले दिन घोषणा की कि वह लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पाएंगे।

### चोट के बाद वापसी में नोर्किया को लगेगा समय

**जयपुर।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स को लगता है कि टीम के आलोचनाओं से घिरे तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया समय के साथ बेहतर होते जाएंगे क्योंकि उन्होंने छह महीने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है। राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग ने गुरुवार रात को अंतिम ओवरों में नोर्किया की गेंदों की धज्जियां उड़ा दीं जिससे उन्होंने अपने चार ओवर में 48 रन लुटा दिए। राजस्थान ने अंत में यह मैच 12 रन से जीत लिया। नोर्किया सितंबर 2022 के बाद से ही क्रिकेट से बाहर थे और इस महीने के शुरु में तीन घरेलू टी20 मैच खेलने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने लगे।

### डार्टमाउथ कॉलेज में भाषण देंगे फेडरर

**कॉनकॉर्ड।** स्विट्जरलैंड के महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर जून में डार्टमाउथ कॉलेज के छात्रों को सत्र प्रारंभ होने से पहले शुरुआती भाषण देंगे और इस दौरान उन्हें मानद डॉक्टर की उपाधि भी प्रदान की जाएगी। 'द इवी लीग स्कूल' ने इसकी जानकारी दी। फेडरर हनोवर में नौ जून को होने वाले इस समारोह में स्नातक छात्रों को संबोधित करेंगे और 'डॉक्टर ऑफ ह्यूमेन लेटर्स डिग्री' की मानद उपाधि भी प्राप्त करेंगे। डार्टमाउथ की अध्यक्ष सियान लिया बेलॉक महान टेनिस खिलाड़ी फेडरर की मुरीद हैं।

# नियमों को लेकर जंग, पोंटिंग-गांगुली की वजह से बीच में रोका गया मैच

एजेंसी ▶▶| जयपुर

आईपीएल के नौवें लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग और टीम के डॉयरेक्टर सौरव गांगुली ने बवाल मचा दिया। दोनों की वजह से इस मैच को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। हालांकि, अंपायर नितिन मेनन ने दोनों को समझाकर मामला शांत कराया और मैच दोबारा शुरू हुआ। दरअसल, यह घटना दिल्ली की पारी के पहले ओवर की है। दो गेंदों के बाद अचानक मैच रोक दिया गया। पोंटिंग और गांगुली ने रोवमैन पॉवेल के मैदान पर पहुंचने पर आपत्ति जताई। उन्होंने डगआउट से ही अंपायर्स से बहस करना शुरू कर



दिया। राजस्थान ने शिमरोन हेटमायर की जगह नांद्रे बर्गर को इम्पैक्ट सब के रूप में चुना था। टीम ने उन्हें प्लेइंग 11 का हिस्सा दिल्ली की पारी शुरू होने से पहले बना लिया। रिकी पोंटिंग और गांगुली इंपैक्ट सब के नियम को ठीक ढंग से समझने में नाकाम दिखे, क्योंकि राजस्थान की टीम ने अपनी प्लेइंग 11 में सिर्फ तीन विदेशी खिलाड़ियों को जगह दी थी।

ऐसे में पॉवेल को मैदान पर देखते ही दिल्ली का मैनेजमेंट बौखला गया, उन्हें लगा कि पॉवेल पांचवें विदेशी खिलाड़ी हैं जबकि हेटमायर को पारी की शुरुआत में बर्गर से बदल दिया गया था। ऐसे में राजस्थान की टीम पॉवेल सहित सिर्फ चार विदेशी खिलाड़ियों के साथ मैदान पर खेल रही थी। इनमें पॉवेल, नांद्र बर्गर, जोस बटलर और ट्रेंट बोल्ट शामिल थे। उन्हें कुछ देर के लिए सब्स्टीट्यूट फील्डर के तौर पर रखा था।

### फ्रांस ने ओलंपिक के लिए मांगी विदेशी पुलिस और सैन्य मदद

*पेरिस। फ्रांस का कहना है कि उसने 46 देशों से पूछा है कि क्या वे इन गर्मियों में पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा में मदद के लिए दो हजार से अधिक पुलिस अधिकारी मुहैया कराने के लिए तैयार हैं। आयोजक संभावित हमलों के खिलाफ कड़ी सतर्कता बरतते हुए एक सदी में फ्रांसीसी राजधानी के पहले खेलों के लिए सुरक्षा योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं। आंतरिक मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी सुरक्षा सहायता के लिए अनुरोध जनवरी में किया गया था जिसमें लगभग दो हजार 185 सुरक्षाकर्मियों की मांग की गई थी। मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों से खेलों की सुरक्षा और 'दर्शकों के अनुभव' तथा 'अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने' में मदद मांगी गई है।*

## इंग्लैंड ने 4-1 से जीती सीरीज...




**वेलिंग्टन।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की सीरीज 4-1 से जीत लिया। शुक्रवार को पांचवे मैच में मेजबान न्यूजीलैंड को 5 विकेट से शिकस्त मिली। पहले बललेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 6 विकेट पर 136 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 18 .5 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया।

पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबला आज शाम 7.30 बजे

# जीत के लिए आलराउंड प्रयास करेंगे सुपर जायंट्स

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम जब शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने पर लगी होंगी। लखनऊ सुपर जायंट्स को चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में क्रुणाल पंड्या को छोड़कर लखनऊ के सभी गेंदबाजों ने रन लुटाए थे और वे प्रभावित नहीं कर सके।

मार्क वुड और डेविड विली की अनुपस्थिति में एलएसजी के तेज




गेंदबाज कमजोर दिखे जिसमें मोहसिन खान, नवीन उल हक और यश ठाकुर से जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद थी। आगामी टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की मुहिम में जुटे रवि बिश्नोई टीम के आईपीएल में शुरुआती मैच में साधारण दिखे। कप्तान राहुल ने भी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने का फैसला किया और वापसी वाले मैच में 58 रन की पारी खेली जिससे वह अगले मैच में इससे और बेहतर करना चाहेंगे। साथ ही वह उम्मीद करेंगे कि उनकी सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी करे। टीम को देवदत्त पडीक्कल, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा और क्रुणाल से भी निचले क्रम में अच्छे प्रदर्शन की आस होगी।

### पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत

पंजाब किंग्स ने अभी तक दो में एक में जीत हासिल की जबकि एक में उसे हार मिली। शिखर धवन की अगुवाई वाली टीम को पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत है और ऐसा तभी होगा जब पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो धमाकेदार बल्लेबाजी करें। सिर्फ आईपीएल में खेलने वाले धवन को भी आगे अपने स्ट्राइक रेट में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने खुद ही स्वीकार किया था कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी धीमी रही थी। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं।

# चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सफलता पा रहे रियान पराग



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। इस 22 वर्षीय ऑलराउंडर ने उस समय अपनी प्रतिभा का परिचय दिया जब टीम को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी।

पराग ने दिल्ली के खिलाफ 45 गेंदों पर सात चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 84 रनों की पारी खेली। उनकी इस शानदार पारी के दम पर ही राजस्थान ने दिल्ली पर जीत दर्ज की। राजस्थान की यह इस टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत है। राजस्थान के लिए चौथे नंबर पर उतरे पराग ने आईपीएल में अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। यह पहली बार नहीं था जब पराग ने राजस्थान की जीत में अपना योगदान दिया है। इससे पहले लखनऊ सुपरजाएंट्स के खिलाफ टीम के शुरुआती मैच में रियान ने कप्तान संजू सैमसन का बखूबी साथ निभाया था।




## अब नियम तोड़ने वालों पर परिवहन विभाग होगा

# वाहन मालिकों को समझौता शुल्क के रूप में देना होगा 500 रुपए से लेकर एक लाख तक जुर्माना

हरिभूमि, जबलपुर

अब अगर कोई वाहन मालिक गाड़ी की बीमा रिन्यु कराने में लापरवाही बरतने वाले या फिर हेलमेट व सीट बेल्ट व बसों में सफर करने वाले यात्रियों को नियमानुसार टिकट नहीं देने पर वाहन मालिकों पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया जा सकता है।

इसको लेकर परिवहन विभाग की ओर से मोटर यान अधिनियम 1988 को विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करने वालों को लेकर समझौता राशि (प्रशमन शुल्क) नियमों को अपडेट करते हुए सख्ती करने निर्णय लिया है।

**परिवहन, ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी के अलावा अन्य विभाग के अधिकारी भी वसूल सकेंगे प्रशमन शुल्क**





जबलपुर में लोकसभा चुनावों के चलते वाहनों की चैकिंग लगातार जारी है। शुक्रवार को करौंदा बायपास पर भी वाहन जांचे गए।

### बस संचालकों पर रहेगी विशेष नजर

बसों के चालक परिचालक द्वारा यात्री को टिकट न देना, अवैध टिकट या अधिक किराया लेकर कम राशि की टिकट देने पर 500-500 रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकेगा।

### अब इन नियमों को तोड़ने पर इतना लगेगा समझौता शुल्क

- बीमा नहीं कराने वाले मोटर साइकिल यान पर 1000, हल्के वाहनों पर 3000 और भारी वाहनों पर 5000 रुपए तक का प्रशमन शुल्क वसूला जा सकेगा।
- हेलमेट नहीं होने पर पहली बार और दूसरी बार 300-300 रुपए का समझौता शुल्क लिया जाएगा। साइलेंसर काटकर ध्वनि उत्पन्न करने वालों पर पहली बार में 1000 और दूसरी बार में 2000 रुपए लिए जाएंगे।
- मोटर साइकिल चालक एवं पिछली सीट पर बैठी सवारी के लिए सुरक्षा उपायों का उल्लंघन करने पर 500 रुपए का प्रशमन शुल्क लगेगा।
- चार पहिया वाहन चालक व सवारियों के सीट बेल्ट नहीं लगाने पर पहली बार 500 और दूसरी बार भी इतनी ही राशि ली जाएगी।
- तय सवारियों से अधिक बैठाने पर पहली व दूसरी बार में 200-200 रुपए लिए जाएंगे।
- अधिकारियों के वाहन रोकने पर नहीं रुकने वाले या तौल कराने, क्षमता से अधिक माल लोड करने पर पहली बार और दूसरी बार में 20-20 हजार रुपए का प्रशमन शुल्क वसूला जा सकेगा।
- बिना परमिट वाहन चलाने वाले तीन पहिया वाहन को 2000, तो वहीं चार पहिया या भारी वाहन पर 10 हजार रुपए का प्रशमन शुल्क देना होगा।

### वाहन चालक से लेकर वाहन मालिक तक पर होगी कार्रवाई

इसके तहत नियम तोड़ने पर 500 रुपए से लेकर 1 लाख तक का समझौता शुल्क वसूला जा सकेगा। अपर परिवहन आयुक्त उमेश जोगा का कहना है कि जल्द ही विभाग इस संबंध में आदेश जारी करने जा रहा है। इसके बाद उक्त आदेश के अनुसार धाराओं के तहत वाहन चालक से लेकर वाहन मालिक तक पर कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी के अलावा अन्य विभाग के अधिकारी भी प्रशमन शुल्क वसूल सकेंगे। इसको लेकर समझौता राशि को लेकर नियमों को सख्ती से लागू कर पालन किया जाएगा।

## जिला बार कार्यकारिणी
## 38 दावेदारों में से सात विजेताओं के नाम घोषित

**जबलपुर।** जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर की कार्यकारिणी में स्थान पाते कुल 38 दावेदार चुनाव मैदान में थे। इनमें से सात ने विजय का वरण किया। परचम लहराने वालों में अधिवक्ता रविंद्र दत्त, सुदीप सिंह सैनी, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा सीपी, अर्जुन साहू, दुर्गेश मनाना व मनोज तिवारी के नाम शामिल हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता संपूर्ण तिवारी, सहायक चुनाव अधिकारी अधिवक्ता राजेश तिवारी व चुनाव समिति के अधिवक्ता तरुण रोहितास ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि होली पूर्व मतगणना में अधिवक्ता मनीष मिश्रा अध्यक्ष, अधिवक्ता मनोज तिवारी व ज्योति राय उपाध्यक्ष, अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी सचिव, अधिवक्ता मनोज शिवहरे सह सचिव, अधिवक्ता विनोद विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष व अधिवक्ता शैलेंद्र यादव पुस्तकालय सचिव निर्वाचित हुए थे। कार्यकारिणी की मतगणना होली उपरांत पुनः प्रारंभ की गई। महज सात पदों के लिए 38 उम्मीदवार मैदान में होने के कारण उत्साह चरम पर था। उत्सवपूर्ण वातावरण में मतों की गिनती पूरी की गई। परिणाम आते ही मिठाई बंटने लगी। फूलों की होली एक बार फिर देखने को मिली। विजेताओं को फूल-मालाओं से लाद दिया गया।

# दिव्यांग पुत्र को उसकी मां की मृत्यु दिनांक से फैमिली पेंशन का लाभ दें

जबलपुर।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को आदेश दिए हैं कि वह याचिकाकर्ता दिव्यांग पुत्र को उसकी मां की मृत्यु दिनांक से फैमिली पेंशन का लाभ दें। कोर्ट ने एरियर्स का भी भुगतान करने के निर्देश दिए। हाईकोर्ट ने कंपनी के उस आदेश को भी निरस्त कर दिया जिसके तहत याचिकाकर्ता का दावा खारिज कर दिया गया था। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने पूरी प्रक्रिया 60 दिन में पूरी करने के निर्देश दिए।सीहोर निवासी बाने सिंह की ओर से अधिवक्ता सुधा गौतम ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता के पिता उक्त कंपनी में लाइन इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ थे। फरवरी 2019 की मृत्यु के बाद याचिकाकर्ता की मां को फैमिली पेंशन मिल रही थी, लेकिन नवंबर 2019 में वो भी चल बसीं। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता पुत्र 75 फीसदी दिव्यांग है, इसलिए वह फैमिली पेंशन का हकदार है। वहीं अनावेदक कंपनी की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता के केवल पैर खराब हैं और वह कोई भी बैठने वाला जॉब करने में सक्षम है, इसलिए वह फैमिली पेंशन पाने का हकदार नहीं है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि यदि मेडिकल बोर्ड ने याचिकाकर्ता को 75 प्रतिशत दिव्यांगता का सर्टिफिकेट दिया है, तो वह उक्त पेंशन पाने का हकदार है।

**हाईकोर्ट ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को आदेश दिए**







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240